फलित ज्योतिष का व्यवहार ब्रह्मांड के पिंडों के वैज्ञानिक अध्ययन, खगोल विज्ञान से पुराना है। किंतु फलित ज्योतिष को वैज्ञानिक विषय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। इस पुस्तक का प्रमुख उद्देश्य फलित ज्योतिष के उन तत्वों को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करना है जो व्यवहृत होते हैं। ISBN 978-81-237-7721-3

73. विकिरण और मानव

एच.सी. जैन अनु. : सतीश चन्द्र सक्सेना पृ. 88 ₹ 170.00 (2024)

यह पुस्तक प्राकृतिक तथा मानव-निर्मित विकिरणों का अध्ययन, विकिरण में हुई प्रभावशाली खोजों तथा उद्योगों में हुई अप्रत्याशित घटनाओं को प्रस्तुत करती है तथा नाभिकीय ऊर्जा स्रोतों से इसकी तुलना करने के साथ-साथ इसकी समस्याओं एवं जोखिम, जिनमें रेडियोसक्रिय अपशिष्ट का निपटान भी शामिल है, की जानकारी देती है। ISBN 978-81-237-6930-1

74. विमानन की असाधारण कहानी

आर.के. मूर्ति अनु. : जय प्रकाश शर्मा पृ. 98 ₹ 105.00 (2024)

मानव द्वारा आसमान में उड़ने की कल्पना को साकार करती वैमानिकी की रोचक कहानी।

ISBN 978-81-237-5140-5

75. विश्व के प्रसिद्ध बीजगणितज्ञ

महेश दुबे पृ. 180 ₹ 150.00 (2024)

कालक्रमानुसार यूक्लिड से लेकर सर्वदमन चावला तक समूचे विश्व के 28 प्रसिद्ध गणितज्ञों के द्वारा बीजगणित के विकास पर किए गए कार्यों के बारे में प्रामाणिक जानकारियों से भरी उपयोगी पुस्तक। ISBN 978-81-237-6655-3

76. विष विज्ञान

शक्ति भारद्वाज पृ. 109 ₹ 165

यह पुस्तक विषों का नवीन ज्ञान है, जो स्वयं विषाक्त पदार्थों और उनका उत्पादन करने वाली प्रजातियों पर केंद्रित है। अतः यह पुस्तक विष विज्ञान से संबंधित प्रारंभिक स्तर के ज्ञान को समाहित करती है। इसको पढ़ते हुए सभी ज्ञात जहरीले पदार्थों के भौतिक और रासायनिक अध्ययन पर व्यापक जानकारी विकसित करती है। पाठक इस पुस्तक से विष विज्ञान, रासायनिक विष विज्ञान, पर्यावरण विष विज्ञान से संबंधित सिद्धांतों का मौलिक ज्ञान प्राप्त करता है।

ISBN 978-93-5491-466-9

77. विज्ञान का क्रमिक विकास : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में

राम दास चौधरी पृ. 416 ₹ 305.00 (2023)

विज्ञान और विकास को समझाती एक महत्वपूर्ण पुस्तक जिसको एक वरिष्ठ लेखक ने अथक प्रयास के साथ तैयार किया है। ISBN 978-81-237-6138-1

78. विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मानव जाति पर प्रभाव

के.वी. गोपालकृष्णन अनु. : विनीता सिंघल पृ. 140 ₹ 150.00 (2024)

लेखक ने प्रस्तुत पुस्तक में वैज्ञानिक क्रांति के इतिहास और विकास पर नजर डालते हुए मानव पर इसके प्रभाव व जागरूकता से उत्पन्न समस्याओं और आशाओं की भी चर्चा की है।

ISBN 978-81-237-7073-4

79. विज्ञान और वेदांत : एक तुलनात्मक तथा समन्वयात्मक अध्ययन

शशिकांत शुक्ल, शंकर नेने पृ. 396 ₹ 450.00 (2024)

इस पुस्तक में भारतीय और पाश्चात्य दार्शनिकों तथा वैज्ञानिक विचारकों का दर्शन है। इसमें पश्चिमी और पूर्वी विचारधारा की प्रमुख विशेषताएँ, धर्म, दर्शन, विज्ञान आदि की महत्वपूर्ण बातें, जो मानव-जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं, विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों, ब्रह्मांड विज्ञान, आभासी दुनिया, गणितीय सिद्धांतों पर विचार, भौतिक और आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता आदि को इस पुस्तक में शामिल किया गया है। ISBN 978-81-237-9829-5

80. विज्ञान संचार और संचारक

डॉ. मनीष मोहन गोरे पृ. 186 ₹ 200.00 (2024)

समाज में विज्ञान संचार के मायने व उद्‌देश्य, विज्ञान संचार की पृष्ठभूमि, भारतीय भाषाओं में विज्ञान संचार के साथ-साथ प्रतिष्ठित विज्ञान संचारकों के विचारों व उनके संवाद से निकले निष्कर्ष को इस पुस्तक में शामिल किया गया है। इसमें भारत में विज्ञान नीतियों, अनुच्छेद 51A(h) पर भी चर्चा की गई है। ISBN 978-81-237-9387-0

81. वृद्धावस्था

कल्लूरी सुब्बा राव अनु. : विनीता सिंघल पृ. 62 ₹ 21.00 (1997)

बूढ़े होने की प्रक्रिया शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारणों की जटिल क्रियाओं के कारण होती है। इन्हीं क्रियाओं के विषय में आम पाठकों और विशेषज्ञों के लिए समान रूप से रोचक पुस्तक। ISBN 81-237-2126-9

82. संक्रामक रोगों से सुरक्षा

प्रेमचंद्र स्वर्णकार पृ. 206 ₹ 195.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में संक्रामक रोगों के प्रकार, उनके फैलाव तथा रोगों के संक्षिप्त विवरण के साथ उनसे बचाव के उपाय भी सुझाये गए हैं। ISBN 978-81-237-6974-5

83. समय के बारे में

बाल फोंडके अनु. : धीरेन्द्र राय पृ. 196 ₹ 165.00 (2024)

समय का न तो कोई आदि है और न अंत। यह सोचकर ही हम विस्मय से भर जाते हैं। समय हमें रहस्यमय लगने लगता है। इसी शाश्वत समय के बारे में लेखक ने रोचक ढंग से लिखा है।

ISBN 978-81-237-6570-9

84. समुद्र के भीतर मानव

ब.फ. छापगर अनु. : सुषमा श्रीवास्तव पृ. 180 ₹ 170.00 (2024)

समुद्र के भीतर के संसार की विस्तृत जानकारी। गोताखोरी के विभिन्न तरीकों पर खुलकर चर्चा की गई है। समुद्र जीवन में रुचि लेने वालों के लिए एक उपयोगी प्रकाशन।

ISBN 978-81-237-5521-2

85. समुद्र विज्ञान

ए.एन.पी. उमरकुट्टी अनु. : डी.पी. पांडे पृ. 132 ₹ 175.00 (2024)

अज्ञात, रहस्यमयी तथा भयावह समुद्र से साक्षात्कार की रोचक कहानी प्रस्तुत करती इस पुस्तक में समुद्र से उठाए जा सकने वाले लाभ तथा देश की समृद्धि में उनके योगदान को भी दर्शाया गया है।

ISBN 978-81-237-0671-5

86. सम्मोहक विकिरण

बाल फोंडके अनु. : प्रदीप कुमार मुखर्जी पृ. 78 ₹ 120.00 (2023)

रेडियोधर्मिता पृथ्वी के उद्‌भव के साथ ही मानव जीवन को किसी-न-किसी रूप में प्रभावित करती रही है। यह पुस्तक रेडियोएक्टिव की खोज की कहानी से लेकर आज हमारे जीवन में इसके महत्व और इसके भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

ISBN978-81-237-8031-1

87. सीलिएक रोग : एक विस्तृत मार्गदर्शिका

पंकज वोहरा अनु. : मेहेर वान पृ. 225 ₹ 330.00 (2023)

इस पुस्तक में सीलिएक रोग के इतिहास से लेकर इसकी व्यापकता, अभिव्यक्तियाँ, निदान और उपचार के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। इसमें ग्लूटेन मुक्त आहार की बारीकियाँ, दैनिक भोजन के कुछ आसान व्यंजनों को तैयार करने की मार्गदर्शिका सहित विवरण दिया गया है। साथ-ही-साथ, बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ रोग की व्याख्या भी वर्णित है।

ISBN 978-93-5491-103-3

88. सुंदर सलोने भारतीय खिलौने

सुदर्शन खन्ना अनु. : अरविन्द गुप्ता पृ. 126 ₹ 125.00 (2024)

इस पुस्तक में 101 ऐसे खिलौने बनाने का विवरण है, जो हमारे देश के विभिन्न अंचलों के बच्चे बगैर किसी खर्च के बनाते हैं। बच्चों में स्वयं सृजन करने का आत्मविश्वास पैदा करने में सहायक यह पुस्तक बच्चों और बड़ों दोनों के लिए है।

ISBN 978-81-237-3125-4

89. स्व-परिचर्या : स्त्रियों के लिए

पारुल आर. शेठ अनु. : विनीता सिंघल पृ. 140 ₹ 130.00 (2024)

शरीर और इसके विभिन्न अंगों एवं तंत्रों के विषय में जानकारी, वे कैसे काम करते हैं तथा स्त्रियों द्वारा इनकी बाह्य और आंतरिक रूप से देखभाल के संबंध में इस पुस्तक में विस्तृत चर्चा की गई है।

ISBN 978-81-237-5197-9

90. स्वास्थ्य-रक्षक चिकित्सा (आयुर्वेद-यूनानी)

खेम भाई पृ. 204 ₹ 165.00 (2024)

प्रकृति ने हमें फल, सब्जी, द्रव्य, मसाले, पेड़-पौधों व जड़ी-बूटियों की इतनी सौगात दी है कि यदि हम उनकी जानकारी रखें तो छोटे-मोटे शारीरिक कष्टों को तो बिना किसी परेशानी के दूर

कर सकते हैं। प्रस्तुत पुस्तक का उद्देश्य यही है कि आम व्यक्ति को इन प्रभावी आयुर्वेदिक-यूनानी औषधियों तथा सरल देसी चिकित्सा से संबंधित अन्य पद्धतियों से परिचित कराया जा सके।

ISBN 978-81-237-7078-9

91. हम और हमारा आहार

कोंगंद्र तम्पु अच्चया अनु. : कुलवंत सिंह कोछड़ पृ. 94. ₹ 115.00 (2024)

भोजन के विषय में आवश्यक पहलुओं पर एक जानकारी प्रधान पुस्तक। इसमें संतुलित आहार, विशिष्ट आहार, पाचन-तंत्र आदि की विस्तृत जानकारी दी गई है।

ISBN 978-81-237-1568-1

92. हम और हमारा स्वास्थ्य

वी.एन. भावे, एन.एस. देवधर, एस.वी. भावे पृ. 444 ₹ 96.00 (1995)

स्वास्थ्य और रोग की सामान्य संकल्पना से प्रारंभ हुई इस पुस्तक में शरीर की संरचना व कार्य, रोग की प्रकृति और कारण, संक्रामक रोग, पोषण के महत्व सरीखी ऐसी सामग्री है जो चिकित्सकों, नर्सों और आम आदमी सभी के लिए उपयोगी होगी। ISBN 81-237-0014-8

93. हम होंगे कामयाब कैंसर के क्रीड़ांगन में

मनोज शर्मा पृ. 200 ₹ 265.00

प्रस्तुत पुस्तक के माध्यम से बताया गया है कि कैंसर रोगी अवसाद से कैसे निकल सकता है। पुस्तक में सकारात्मक रहते हुए कैंसर की मूलभूत जानकारियों, उनके लक्षणों, पहचान, इलाज की शुरुआत, उपचार विषयक चर्चा विस्तृत ढंग से की गई है। ISBN 978-93-5491-506-2

94. हमारे जल साधन

राम अनु. : अतुल पृ. 106 ₹ 9.50 (1987)

भारत के जल साधनों का मुख्य स्रोत वर्षा है, किंतु इसके असमान वितरण के कारण जल के नियंत्रण, एकत्रीकरण तथा स्थानांतरण के लिए विशाल परियोजनाओं की आवश्यकता उत्पन्न होती है। एक सूचना-प्रधान पुस्तक।

95. हवा और पानी में जहर!

एन. मणिवासकम अनु. : सरिता भल्ला पृ. 106 ₹ 155.00 (2024)

पर्यावरण का असंतुलन मानव के लिए विनाशकारी होता जा रहा है। हवा, पानी और मिट्टी को प्रदूषकों से मुक्त रखने के महत्व को दर्शाती महत्वपूर्ण पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2346-4

96. हृदय रोग और जनसाधारण

एस. पद्मावती अनु. : विनीता सिंघल पृ. 66 ₹ 100.00 (2024)

इस छोटी-सी पुस्तक में हृदय रोग से संबंधित सभी पक्षों की जानकारी दी गई है। आम पाठक के लिए एक उपयोगी प्रकाशन। ISBN 978-81-237-2102-6

लोकोपयोगी सामाजिक विज्ञान

1. 21वीं सदी : भूराजनीति, लोकतंत्र और शांति

बाल्मीकि प्रसाद सिंह अनु. : दीपाली ब्राह्मी पृ. 380 ₹ 455.00 (2024)

सिक्किम के 14वें राज्यपाल श्री बाल्मीकि प्रसाद सिंह की पुस्तक का यह अनूदित संस्करण है। इसमें ऐसे मुद्दों की पड़ताल की गई है, जिनकी 21वीं सदी के निर्माण में प्रमुख भूमिका अदा करने की संभावना है। इसमें भू-राजनीति, लोकतंत्र व शांति, शैक्षणिक संस्थानों, प्रगतिशील धार्मिक एवं सामाजिक समूहों, समुदायों, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है। ISBN 978-81-237-9756-4

2. अकाली आंदोलन

मोहिंदर सिंह अनु. : नरेन्द्र तोमर पृ. 88 ₹ 125.00 (2017)

यह पुस्तक सिखों द्वारा ब्रितानी राज के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाये गए संगठित सत्याग्रह आंदोलन की जानकारी प्रस्तुत करती है। सन् 1920 के असहयोग आंदोलन को स्थगित किए जाने के बावजूद सिखों ने अपना सत्याग्रह जारी रखा था व अपनी माँगों के सामने सरकार को झुका दिया था। ISBN 978-81-37-7630-9

3. अस्मिता की अग्नि-परीक्षा

मीनाक्षी स्वामी पृ. 160 ₹ 135.00 (2024)

यह पुस्तक बलात्कारी के मनोविज्ञान, परिवार, पुलिस, पड़ोस और कानून की उलझनों में फँसी औरत की मानसिक स्थिति का आकलन प्रस्तुत करती है। कई प्रकरणों के माध्यम से इसमें यह भी बताया गया है कि किस तरह कानून की पेचीदगियों का फायदा उठाकर बलात्कारी निर्लज्जता से पीड़िता को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। ISBN 978-81-237-5292-1

4. आजादी का आंदोलन और भारतीय मुसलमान

शांतिमय रे अनु. : अशोक कुमार पाण्डेय पृ. 148 ₹ 135.00 (2024)

यह पुस्तक ऐसे कई पूर्वाग्रहों को चुनौती देती है जो भारतीय मुसलमानों के प्रति दुराग्रह और घृणा पैदा करते हैं। खासतौर पर आजादी की लड़ाई में उनकी भूमिका व मुस्लिम लीग के उभार को लेकर। ISBN 978-81-237-6732-1

5. आदिवासी दुनिया

हरीराम मीणा पृ. 288 ₹ 215.00 (2024)

यह पुस्तक भारतीय परंपरा और आदिवासी, भारतीय मिथक और इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम

16. जलियाँवाला बाग : 13 अप्रैल 1919

रश्मि कुमारी पृ. 130 ₹ 165.00 (2024)

सन् 1919 में घटित जलियाँवाला बाग हत्याकांड के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लेखिका ने यह पुस्तक लिखी है। इसमें 1857 से 1915 तक के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि, रॉलेट बिल, भारत में गांधीजी की भूमिका, जलियाँवाला बाग हत्याकांड व उसके शहीदों की सूची के बारे में विस्तार से बताया गया है। ISBN 978-81-237-9747-2

17. डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर : यात्रा के पदचिह्न

कुलदीप चन्द अग्निहोत्री पृ. 200 ₹ 225.00 (2024)

आठ अध्यायों में विभाजित विवेच्य आलोचनात्मक कृति में अनेक प्रामाणिक स्रोतों का उपयोग किया गया है। इस पुस्तक में डॉ. अग्निहोत्री ने जिन विषयों को लेकर चिंतन प्रवाह सृजित किया है, उनमें डॉ. आम्बेडकर की जीवन-यात्रा, भारतीय जाति व्यवस्था और उसकी उत्पत्ति के कारण, भारत का विभाजन, शिक्षा की महत्ता, जम्मू-कश्मीर में समस्या और बाबा साहिब का तथागत बुद्ध की शरण में जाना प्रमुख हैं। यह पुस्तक डॉ. आम्बेडकर के जीवन और उनके संघर्ष को केंद्र में रखकर तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत करती है। ISBN 978-81-237-8918-9

18. डॉ. राम मनोहर लोहिया का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पृ. 188 ₹210.00 (2024)

यह पुस्तक देश के उत्थान के लिए सतत संघर्षशील रहने वाले एक भारतीय राजनीतिक चिंतक, समाजसेवी और मनीषी डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवन और उनसे संबंधित प्रसंगों का दिग्दर्शन कराती है। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। यह पुस्तक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर डॉ. लोहिया की सोच को प्रस्तुत करती है। ISBN 978-81-237-8954-5

19. पंडित दीनदयाल उपाध्याय : व्यक्ति-दर्शन

कमल किशोर गोयनका (संपा.) पृ. 206 ₹ 230.00 (2024)

यह पुस्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्ष, नीतियों और संदेशों का संकलन है, जिसमें श्री उपाध्याय के साथ कार्य करने वाले कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए हैं।

ISBN 978-81-237-8042-7

20. पंचायत में महिलाएँ : चुनौतियाँ और संभावनाएँ

महीपाल पृ. 204 ₹ 210.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में पंचायत में कार्यरत महिलाओं की विभिन्न चुनौतियों का अध्ययन करने के साथ यह बताने का प्रयास किया गया है कि महिलाओं की इन संस्थाओं में भागीदारी प्रभावी बनाने की अनेक संभावनाएँ हैं। पंचायतों में कार्यरत महिलाओं का अध्ययन बताता है कि उनकी अनेक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक चुनौतियाँ हैं जिनके कारण वे प्रभावी ढंग से अपनी भूमिका निभा नहीं पाईं। ISBN 978-81-237-7968-3

21. पानीदार समाज

अमन नम्र पृ. 68 ₹ 255.00 (2024)

देश के विभिन्न क्षेत्रों में कई स्वयंसेवी संस्थाएँ व व्यक्ति पानी के संरक्षण के अनूठे प्रयोग कर रहे हैं। इस पुस्तक में ऐसे ही चुनिंदा अनूठे व अनुकरणीय प्रयोगों को चित्रों के साथ प्रकाशित किया गया है। यह जल संकट से परेशान लोगों के लिए उम्मीद की किरण तो है ही, साथ ही

यह देश की जल-नीति निर्धारकों के लिए दस्तावेज भी है। ISBN 978-81-237-4780

22. प्रतिष्ठापूर्ण विकास

अमित भादुड़ी अनु. : गिरीश मिश्र पृ. 108 ₹ 110.00 (2024)

स्वतंत्रता के लगभग छह दशक बीत जाने के बाद भी देश की आबादी का बड़ा हिस्सा गरीबी से ग्रस्त है। मुफ्त व्यापार के दौर में आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार की अर्थनीति कैसी हो, पुस्तक में ऐसे ही कुछ सुझाव दिए गए हैं।

ISBN 978-81-237-4651-7

23. भारत की मौलिक एकता

श्री वासुदेवशरण अग्रवाल पृ. 130 ₹ 150.00 (2024)

लगभग छह दशक पहले लिखी गई यह पुस्तक भारत राष्ट्र, राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता पर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के साथ कई जिज्ञासाओं और भ्रांतियों का निराकरण करती है।

ISBN 978-81-237- 7980-1

24. भारत में राज्यों का पुनर्गठन : पाठ और संदर्भ

ज्ञानेश कुदैसिया अनु. : नरेश 'नदीम' पृ. 316 ₹ 320.00 (2024)

सन् 1953 में जब आंध्र प्रदेश बना तो देश के सभी हिस्सों से नए राज्यों की माँगें उठने लगीं। तब केंद्र सरकार ने तीन सदस्यों–सैयद फजल अली, हृदयनाथ कुंजरू और के.एम. पणिक्कर की सदस्यता में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया, जिसकी रिपोर्ट सन् 1955 में आई। यह रिपोर्ट आज भी बेहद प्रासंगिक है। ISBN 978-81-237- 7982-8

25. बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारत का योगदान

सलाम आज़ाद अनु. : के.बी. सिंह पृ. 452 ₹ 340.00 (2024)

बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय मुक्ति योद्धाओं का अप्रतिम योगदान रहा। भारतीयों के अदम्य साहस और योगदान को व्याख्यायित करती पुस्तक। ISBN 978-81-237-5434-5

26. बा-बापू -150

अरविंद मोहन पृ. 218 ₹ 245.00 (2024)

यह पुस्तक महात्मा गांधी और उनकी पत्नी व सहधर्मिणी कस्तूरबा के सह-जीवन की ऐसी झलकियों का संकलन है जो गांधी के महामानव बनने में बा की भूमिका को उजागर करती है।

ISBN 978-81-237- 8709-x

27. बापू की महिला ब्रिगेड

अरविंद मोहन पृ. 251 ₹ 345.00

प्रस्तुत पुस्तक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सान्निध्य और संपर्क में रहने वाली 75 विदुषी और साहसी महिलाओं का परिचय दिया गया है। इसमें सुशीला नैयर, राजकुमारी अमृत कौर, मृदुला साराभाई, मनु गांधी, सुचेता कृपलानी, महादेवी वर्मा, कस्तूरबा गांधी, सुभद्रा कुमारी चौहान आदि महिलाओं के संबंध में लिखा है। लेखक ने गांधी जी के चंपारन सत्याग्रह पर भी पुस्तक लिखी है।

ISBN 978-93-574-3075-3

28. भगतसिंह के राजनीतिक दस्तावेज

चमनलाल (संपा.) पृ. 208 ₹ 190.00 (2024)

भगतसिंह के अब तक उपलब्ध दस्तावेजों में से यहाँ कुछ ऐसे दस्तावेजों को प्रस्तुत किया गया

है, जो 21 से 23 वर्ष आयु की तरुणाई में उनकी वैचारिक प्रौढ़ता का स्पष्ट बिंब है। इस पुस्तक में भगतसिंह की हस्तलिपि चार भाषाओं–हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी और उर्दू में प्रकाशित की गई है।

ISBN 978-81-237-5109-2

29. भारत का विभाजन

अनिता इंदर देसाई अनु. : जगदीश चंद्रिकेश पृ. 100 ₹ 95.00 (2024)

भारत के विभाजन की त्रासद परिस्थितियों का वर्णन प्रस्तुत करती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5021-7

30. भारत में लोकतंत्र

चंद्र प्रकाश भांभरी अनु. : अशोक मनोरम पृ. 96 ₹ 100.00 (2024)

यह पुस्तक आधुनिक भारत के लोकतांत्रिक अवसरों और चुनौतियों से पाठकों को रू-ब-रू कराती है।

ISBN 978-81-237-6137-4

31. भारत में स्वच्छता अभियान : कार्यनीति और क्रियान्वयन

महीपाल पृ. 162 ₹ 170.00 (2024)

हमारे देश में चल रहे स्वच्छता अभियान की आवश्यकता और अनिवार्यता, अभियान के संचालन के व्यावहारिक और शासकीय पहलुओं की विस्तार से जानकारी देने वाली पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7812-0

32. भारतीय कृषि : आजादी के बाद

जी.एस. भल्ला अनु. : रजनीश कुमार पृ. 272 ₹ 210.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय कृषि की उपलब्धियों की समीक्षात्मक व्याख्या करती पुस्तक। छात्रों, अध्येताओं और योजनाकारों के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी।

ISBN 978-81-237-5733-9

33. भारतीय खेतिहरों की स्थिति

जी. एस. भल्ला अनु. : गिरीश मिश्र पृ. 90 ₹ 110.00 (2024)

वर्ष 2003 के दौरान भारत सरकार के सांख्यिकी और योजना कार्यान्वयन से जुड़े राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर, प्रस्तुत पुस्तक में खेतिहरों की स्थिति के मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्षों का सारांश प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-5139-9

34. भारतीय चिंतन परंपरा के वाहक : गांधी, लोहिया और दीनदयाल

डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पृ. 190 ₹ 225.00 (2024)

आधुनिक भारतीय राजनीति को दिशा व दशा देने वाली तीन हस्तियों–महात्मा गांधी, राममनोहर लोहिया और दीनदयाल उपाध्याय की नीतियों का तुलनात्मक अध्ययन।

ISBN 978-81-237-8073-7

35. भारतीय महिला किसान

मैत्रेयी कृष्णराज, अरुणा कांची अनु. : अरविंद कुमार सिंह, रजनी कुमारी

पृ. 130 ₹ 120.00 (2024)

यह पुस्तक भारतीय कृषि जगत में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर एक गहन अध्ययन है।

ISBN 978-81-237-6439-9

36. भारतीय राजनीति को पं. दीनदयाल उपाध्याय का योगदान

डॉ. इला त्रिपाठी दीक्षित, डॉ. प्रयाग नारायण त्रिपाठी पृ. 184 ₹ 215.00 (2024)

यह पुस्तक पं. दीनदयाल उपाध्याय की वैचारिक निष्ठा, कर्तव्यबोध, राजनीतिक जीवन, देश की

समस्याओं के प्रति उनकी गहन सोच का आकलन करती है। ISBN 978-81-237-8075-3

37. भारतीय स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का योगदान

हीरेन गोहाईं अनु. : प्रवीण शर्मा पृ. 80 ₹ 55.00 (2015)

यह पुस्तक स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की भूमिका का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करती है।

ISBN 978-81-237-6250-0

38. मीडिया में चुनावी सर्वेक्षण

एन. भास्कर राव अनु. : दीपाली ब्राह्मी पृ. 288 ₹ 275.00 (2024)

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव एक लोक उत्सव की तरह है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रसार ने आम लोगों, राजनीतिक दलों, वित्तीय संस्थाओं आदि में यह उत्कंठा जाग्रत कर दी है कि परिणाम आने से पहले ही हवा का रुख जाना जा सके। इस कार्य में वैज्ञानिक और निष्पक्ष चुनावी सर्वेक्षण की बड़ी भूमिका है। ध्एक वरिष्ठ पत्रकार द्वारा लिखी गई यह पुस्तक चुनाव सर्वे की विधि, उसकी सतर्कता, वैज्ञानिकता, पूर्वानुमान के वैज्ञानिक विश्लेषण के सिद्धांत आदि पर विस्तार से प्रकाश डालती है। ISBN 978-81-237-7734-5

39. 1857 : क्रांति और क्रांतिधरा

ए.के. गाँधी पृ. 100 ₹ 130.00 (2024)

यह पुस्तक 1857 की क्रांति के प्रारंभ स्थल मेरठ व उसके आसपास क्रांति के लिए बने माहौल, वहाँ के आम लोगों की अंग्रेजों को भगाने में भूमिका, क्रांति के असफल होने के बाद वहाँ के लोगों पर हुए अत्याचार आदि का खुलासा करता प्रामाणिक दस्तावेज है।

ISBN 978-81-237-7831-7

40. 1789 : फ्रांस की क्रांति

प्रमोद कुमार पृ. 174 ₹ 145.00 (2024)

विश्व के परिदृश्य में राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव की कारक कहलाने वाली सन् 1789 की फ्रांस की क्रांति की परिस्थितियों, घटनाओं और नायकों का लेखा-जोखा।

ISBN 978-81-237-5779-7

41. लोकतंत्र के उत्सव की अनकही कहानी

एस.वाय. कुरैशी अनु. : रत्नेश कुमार मिश्र पृ. 417 ₹ 445.00 (2023)

भारत में चुनाव की प्रक्रिया के समक्ष आने वाली चुनौतियाँ, जटिल प्रक्रिया की सफलता के राज़, इस विशाल कार्य को पूरा करने वाले लोगों के आदर्श व सिद्धांत तथा दुनिया का सबसे बड़ा प्रबंधन कहलाने वाली प्रक्रिया से जुड़े कई सवालों के सहज जवाब यह पुस्तक प्रस्तुत करती है।

ISBN978-81-237-8064-8

42. वो चार जाँबाज क्रांतिकारी

अनिल वर्मा पृ. 94 ₹ 130.00 (2016)

सन् 1912 में अंग्रेज शासन ने अपनी राजधानी कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित की थी और इसके जलसे पर वायसराय लॉर्ड हार्डिंग पर चार क्रांतिकारियों ने बम से हमला किया था। मास्टर अमीरचंद, भाई बालमुकुंद, मास्टर अवध बिहार और बसंत कुमार विश्वास को इस अपराध में फाँसी की सजा हुई थी। इस पुस्तक में उस समय की परिस्थितियों, पूरे प्रकरण की न्यायिक कार्यवाही आदि का प्रामाणिक विवरण दिया गया है। ISBN 978-81-37-7631-6

43. स्वतंत्र भारत की विदेश नीति

वी.पी. दत्त अनु. : नरेन्द्र तोमर पृ. 200 ₹ 170.00 (2024)

भारत की स्वतंत्रता के बाद से नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पहले कार्यकाल तक की देश की विदेश नीति पर पुस्तक में चर्चा की गई है। अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अध्येताओं के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक। ISBN 978-81-237-5643-1

44. स्वाधीनता आंदोलन में उत्तराखंड की पत्रकारिता

जयसिंह रावत पृ. 446 ₹ 440.00 (2024)

उत्तराखंड की पत्रकारिता के अतीत और स्वाधीनता आंदोलन में इस पहाड़ी भूभाग के पत्रों और पत्रकारों के योगदान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए स्वाधीनता आंदोलन में अखबारों की भूमिका की दबी हुई कड़ियों को जोड़कर पुस्तक के रूप में दस्तावेज़ीकरण करने का प्रयास किया गया है। भावी पीढ़ी के लिए इन गौरवमयी स्मृतियों को सँजोए रखने के उद्देश्य से यह पुस्तक तैयार की गई है। पुस्तक में कई ऐसे चित्र व दस्तावेज़ हैं जो कि इसे प्रामाणिकता प्रदान करते हैं।

ISBN 978-81-237- 8803-0

45. सांप्रदायिक समस्या

अनु. : दिवाकर पृ. 176 ₹ 150.00 (2024)

मार्च 1931 में कानपुर में भड़के सांप्रदायिक दंगों के कारणों की जाँच के लिए भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस द्वारा गठित जाँच समिति की दुर्लभ रिपोर्ट। इसमें हमारे देश में हिंदू और मुसलमानों के सहअस्तित्व के समृद्ध अतीत पर शोधपरक सामग्री है। ISBN 978-81-237-4703-3

46. सांप्रदायिकता : एक प्रवेशिका

विपिन चंद्रा पृ. 90 ₹ 50.00 (2016)

इस प्रवेशिका में सांप्रदायिकता के उद्भव और विकास के विभिन्न पहलुओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास किया गया है। ISBN 978-81-237-5258-7

47. सामुदायिक ग्रामीण विकास

बैजनाथ सिंह पृ. 152 ₹ 140.00 (2024)

यह पुस्तक गाँवों में रहने वालों में स्वावलंबन, स्वाभिमान और सतत परिश्रम की भावना जाग्रत करने का प्रयास करती है। खेती के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रमदान, कुटीर उद्योग और आय के अन्य साधन किस तरह एक आदर्श गाँव की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं, इस तथ्य को लेखक अपने अनुभवों के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं। ISBN 978-81-237-5485-7

48. सुशासन

सुनील गुप्ता, कमल कुमार सिंह पृ. 222 ₹ 175.00 (2024)

सुशासन की संकल्पना, मूल तत्व, उद्भव व अवधारणात्मक विकास के साथ ही प्रजातंत्र, लोक भागीदारी, सभ्य समाज और वैश्वीकरण आदि पर सुशासन के संदर्भ में विचार किया गया है।

ISBN 978-81-237-6316-3

49. सूचना का अधिकार कानून 2005 : एक प्रवेशिका

सुची पांडे, शेखर सिंह अनु. : कमाल अहमद पृ. 70 ₹ 95.00 (2024)

यह प्रवेशिका सूचना प्राप्त करने की मंशा रखनेवालों, इनके अभिरक्षकों और सूचना के अधिकार से संवद्ध अपीलीय प्राधिकारियों के लिए सहायक है। ISBN 978-81-237-5569-4

50. संस्मृतियाँ

शिव वर्मा पृ. 152 ₹ 185.00 (2024)

प्रख्यात क्रांतिकारी शिव वर्मा ने भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरू, सुखदेव, महावीर सिंह, यतीन्द्रनाथ दास और भगवतीदास वोहरा के साथ अपनी यादों को इस पुस्तक में व्यक्त किया है। इसमें इन महान क्रांतिकारियों के सहज, मजाकिया लेकिन दृढ़निश्चयी व्यक्तित्व का खुलासा होता है। इसकी भाषा बेहद प्रवाहमय और किसी उपन्यास की तरह लगती है।

ISBN 978-81-237-5296-9

51. स्त्री-मुक्ति : साझा चूल्हा

अनामिका पृ. 174 ₹ 95.00 (2017)

आधुनिक भूमंडलीकृत विश्व में स्त्री की छवि ने नया आयाम ग्रहण कर लिया है। वह पुरुष सत्ता की अधीनस्थ उपनिवेश अब नहीं रही। बदले विश्व परिदृश्य में स्त्री की सबला छवि के आईने में स्त्री-विमर्श ने नया रूप और प्रतिमान गढ़ा है। स्त्री-विमर्श पर एक विचारोत्तेजक पुस्तक।

ISBN 978- 81-237-5798-8

52. स्त्री कथा : कथा अनंता

रंजन जैदी पृ. 124 ₹ 120.00 (2021)

स्त्री चाहे पृथ्वी के किसी भी हिस्से में रहती हो उसकी कथा एक-सी है—पुरुष सत्ता की बदमिजाजियों से पीड़ित और त्रस्त। बेशक, कुछ स्त्रियों ने अपने लिए एक नया आसमान गढ़ा है और वे अन्य स्त्रियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। लेकिल स्त्री की 'अन्या' या 'दोयम दर्जे' की छवि को समाप्त करने के लिए और भी जतन करने होंगे। स्त्री विमर्श के लिए जमीन तैयार करती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-6809-0

53. रोजगार गारंटी

निखिल डे, ज्याँ द्रेज़, रीतिका खेरा पृ. 40 ₹ 50.00 (2024)

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की मौलिक विशेषताओं पर चर्चा करते हुए इसको सशक्त और प्रभावी बनाने हेतु नागरिकों के कर्तव्य की ओर संकेत देती पुस्तिका।

ISBN 978-81-237-4737-8

54. विचार विनिमय

शचीन्द्रनाथ सान्याल संपा. : सुधीर विद्यार्थी पृ. 132 ₹ 170.00 (2024)

यह पुस्तक सन् 1893 में बनारस में जन्मे महान क्रांतिकारी नेता शचीन्द्रनाथ सान्याल द्वारा लिखी गई ऐसी पुस्तक है जिसका प्रकाशन 1938 में प्रतिभा पब्लिशिंग हाउस, लखनऊ ने किया था और यह अब दुर्लभ है। शचीन्द्रनाथ सान्याल ने आजादी की लड़ाई में भागीदारी की और जेल गए।

ISBN 978-81-237-8985-9

55. वैश्वीकरण और विकास

सुनंदा सेन अनु. : दीपाली ब्राह्मी पृ. 126 ₹ 150.00 (2024)

अर्थशास्त्र की सीमित शब्दावली के प्रयोग के साथ आम लोगों की समझ के अनुरूप, वैश्वीकरण, आर्थिक विकास और प्रगति की परिकल्पना पर प्रकाश डालती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-8996-5

आदान-प्रदान (अंतर्भारतीय पुस्तकमाला)

कहानी

1. 1857 की कहानियाँ

ख्वाज़ा हसन निज़ामी अनु. : जगदीश चंद्र पृ. 56 ₹ 75.00 (2024)

दिल्ली के शाही खानदान पर सन् 1857 के गदर में जो कुछ बीता, इस पुस्तक में उनकी दुख भरी दास्तान तथा दर्दनाक परिस्थितियाँ इस प्रकार चित्रित हुई हैं कि पढ़ते समय वे सारे चित्र मूर्त हो उठते हैं। ISBN 978-81-237-1592-6

2. अमृता प्रीतम की चुनिंदा कहानियाँ

संक. : बलदेव सिंह 'बद्दन' अनु. : उमा बंसल पृ. 396 ₹ 385.00 (2022)

जीवन के दुखद यथार्थ और भविष्य के आशान्वित उल्लास की प्रखर कथाकार की चुनिंदा 59 कहानियों का संकलन। इन कहानियों में मानव हृदय का अंदरूनी भाव बेहद शिद्दत से प्रकट हुआ है। ISBN 978-81-237-7418-3

3. अमरकान्त : संकलित कहानियाँ

पृ. 226 ₹ 180.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी के प्रसिद्ध कथाकार और नई कहानी आंदोलन के सबल स्तंभ अमरकान्त की श्रेष्ठ कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5336-2

4. आकाश

भवेन सैकिया अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 286 ₹ 220.00 (2024)

कथाकार की चुनी हुई बीस असमिया कहानियों के इस संकलन में मनुष्य के सहज जीवन की सचाई हर जगह झाँकती है। इन कहानियों में चकाचौंध उत्पन्न करने वाली घटनाएँ नहीं गढ़ी गई हैं। इनमें जीवन की सहजता के साथ, उसकी सहज लय के साथ यह प्रमाणित किया गया है कि ऐसी कहानियाँ भी श्रेष्ठ कोटि की होती हैं। ISBN 978-81-237-1565-0

5. आजादी की छाँव में

बेगम अनीस किदवई अनु. : नूर नबी अब्बासी पृ. 310 ₹ 230.00 (2023)

भारत से पाकिस्तान और पाकिस्तान से लुट-पिटकर और उजड़कर आने वाले शरणार्थियों की पीड़ा, यातना और शोषण का चश्मदीद दस्तावेज है बेगम अनीस किदवई की यह पुस्तक। ISBN 978-81-237-3193-3

6. आदवन की कहानियाँ

आदवन अनु. : सरस्वती रामनाथ पृ. 152 ₹ 35.00 (2024)

मूल तमिल से अनूदित इस संकलन में महानगरीय जन-जीवन की विसंगतियाँ, वहाँ के नागरिकों द्वारा अपनी अस्मिता की तलाश की कोशिश, बेचैनी, समाज और व्यक्ति की आंतरिक समस्याओं के समन्वय आदि के चित्र सूक्ष्मता से दर्ज किए गए हैं। ISBN 81-237-1585-4

7. आधुनिक तमिल कहानियाँ

अशोक मित्रन अनु. : के.ए. जमुना पृ. 154 ₹ 80.00 (2023)

तमिल की सोलह आधुनिक कहानियों का संकलन। ये उन लेखकों की कहानियाँ हैं, जिन्होंने सन् साठ के बाद अपनी पहचान बनाई है। ISBN 978-81-237-0690-0

8. आशापूर्णा देवी की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनु. : सूर्यनाथ सिंह पृ. 214 ₹ 185.00 (2024)

दैनंदिन जीवन की अत्यंत छोटी-छोटी घटनाएँ आशापूर्णा की लेखनी का स्पर्श पाकर महान हो जाती हैं। बांग्ला से अनूदित इस कहानी संकलन में घर, आँगन, परिवार, मुहल्ले की उपेक्षित-सी घटनाओं को भी वैराट्य देने की सफलता दिखती है। ISBN 978-81-237-1599-5

9. इक्कीस बांग्ला कहानियाँ

अरुण कुमार मुखोपाध्याय अनु. : देवलीना पृ. 234 ₹ 185.00 (2024)

वर्तमान काल की बांग्ला कहानियों का यह संकलन सिर्फ कथा रस से ही सराबोर नहीं वरन् रवींद्रनाथ टैगोर के बाद के बांग्ला साहित्य की मौलिकता का भी सूचक है।

ISBN 978-81-237-1478-3

10. उर्दू कहानियाँ

रज़िया सज्जाद ज़हीर (संपा.) अनु. : गुलवंत फारिग़ पृ. 194 ₹ 160.00 (2024)

समकालीन उर्दू साहित्य की चौबीस प्रतिनिधि कहानियों का संकलन।

ISBN 978- 81-237-2019-7

11. उर्दू की नई कहानियाँ I

राम लाल, इज़्हार उस्मानी (संपा.) अनु. : एम. शहबाज़ पृ. 190 ₹ 165.00 (2024)

उर्दू की नई कहानियों की प्रवृत्तियों से परिचय कराती छब्बीस प्रमुख कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-3452-1

12. उपेन्द्रनाथ अश्क की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 212 ₹ 175.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी को नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार उपेन्द्रनाथ अश्क की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5512-0

13. एक किशोरी फुलझड़ी-सी

टी. पद्मनाभन अनु. : एन.ई. विश्वनाथ अय्यर पृ. 108 ₹ 105.00 (2024)

मलयालम से अनूदित इस कहानी संकलन में पीड़ित और शोषित सहजीवियों के वास्तविक चित्र अंकित हैं। कला और यथार्थ का अद्‌भुत सम्मिश्रण यहाँ मिलता है। पृष्ठभूमि, पात्र, संवाद और आवेग—सब सम्मिलित होकर इन कहानियों में हृदयहारी अनुभव कराते हैं।

ISBN 978-81-237-1881-1

14. कथा पंजाब (खंड दो)

हरिभजन सिंह (संपा.) अनु. : सुभाष नीरव पृ. 328 ₹ 245.00 (2024)

पंजाबी की श्रेष्ठ कहानियों के जरिए बीते वर्षों में पंजाबी परिवेश की चेतना और भावना के रूपों में हुए अपार परिवर्तन को निरूपित करती हुई एक श्रेष्ठ पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2339-4

15. कथा भारती : असमिया कहानियाँ

निर्मल प्रभा बरदलै (संपा.) अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 266 ₹ 47.00

असम जनपद एवं वहाँ के कथालेखन की वास्तविक झाँकी प्रस्तुत करता हुआ एक महत्वपूर्ण कहानी संग्रह, जिसमें वहाँ के स्थापित कथाकारों को संकलित करने का यथासंभव प्रयास किया गया है।

ISBN 81-237-1543-9

16. कथा भारती : ओड़िया कहानियाँ

पठाणि पटनायक (संपा.) अनु. : शिवप्रिया महापात्र पृ. 172 ₹ 90.00

ओड़िया भाषा के प्रमुख कथाकारों की चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2234-4

17. कथा भारती : गुजराती कहानियाँ

यशवंत शुक्ल, अनिरुद्ध भट्ट अनु. : रमेश उपाध्याय पृ. 172 ₹ 45.00

बीसवीं सदी के प्रारंभ से लेकर 1975 तक के गुजरात के प्रतिष्ठित और परिचित लेखकों की बीस कहानियाँ इसमें संगृहीत हैं जो विषय वैविध्य के कारण अत्यंत रोचक और पठनीय हैं।

ISBN 81-237-2293-1

18. कथा भारती : मलयालम कहानियाँ

ओम चेरी एन.एन. पिल्लै (संपा.) अनु. : सुधांशु चतुर्वेदी पृ. 154 ₹ 215.00 (2024)

प्रस्तुत कथा संकलन में मलयालम के प्रसिद्ध कथाकारों की श्रेष्ठ कृतियों को संकलित किया गया है। इसमें संकलित कहानियाँ पाठकों की पठन रुचि बढ़ाने में सहायक होंगी।

ISBN 978-81-237-1962-7

19. कन्नड़ कहानियाँ

जी.एच. नायक (संपा.) अनु. : बी.आर. नारायण पृ. 278 ₹ 220.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में आधुनिक कन्नड़ साहित्य के प्रतिनिधि लेखकों की 25 कहानियाँ संकलित की गई हैं।

ISBN 978-81-237-3173-5.

20. कर्त्तार सिंह दुग्गल की चुनिंदा कहानियाँ

बलदेव सिंह बद्दन (संपा.) अनु. : शशि सहगल पृ. 386 ₹ 385.00 (2024)

छप्पन कहानियों का संकलन। पंजाबी के चर्चित कहानीकार दुग्गल साहब हिंदी के पाठकों के लिए भी उतने ही जाने-पहचाने हैं। सन् सैंतालिस से पहले की घटनाओं से लेकर सन् चौरासी के बाद तक के हालात और माहौल को बयाँ करती उनकी कहानियाँ जीवन की अनेक तल्ख सच्चाइयों का आईना-सरीखा हैं।

ISBN 978-81-237-7332-2

21. कमलेश्वर की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 244 ₹ 195.00 (2023)

समय और समाज की धड़कन को कलम की धार देकर कागज पर उकेरने वाले हिंदी कथा

साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर कमलेश्वर की श्रेष्ठ पचीस कहानियों का भीना-भीना गुलदस्ता है यह पुस्तक, जिसकी कहानियों का चयन स्वयं कथाकार द्वारा हुआ है।

ISBN 978-81-237-4365-3

22. कश्ती और बरेता

मोहन काहलों अनु. : नीलम शर्मा 'अंशु' पृ. 126 ₹ 125.00 (2016)

स्त्री-मनोविज्ञान पर विमर्श करता उपन्यास। ISBN 978-81-237-7047-5

23. कश्मीरी कहानियाँ

मोहम्मद ज़मा आजुर्दा (संपा.) अनु. : जोहरा अफजाल पृ. 148 ₹ 130.00 (2024)

कश्मीरी के साहित्य की श्रेष्ठ कहानियों का शानदार संकलन। यह संकलन एक साथ कश्मीरी भाषा साहित्य की घनीभूत संवेदना और जनपद की चित्त छवि को मूर्त्त करता है।

ISBN 978-81-237-4115-4

24. काठनिबारी घाट

महिम बरा अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 116 ₹ 110.00 (2024)

असमिया भाषा के प्रबुद्ध कथाकार महिम बरा की 12 प्रतिनिधि कहानियों का संग्रह।

ISBN 978-81-237-6419-1

25. कामतानाथ : संकलित कहानियाँ

पृ. 208 ₹ 170.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी को नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार कामतानाथ की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5247-1

26. काशीनाथ सिंह : संकलित कहानियाँ

पृ. 216 ₹ 170.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी की अगली खेप को अद्यतन कर नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार काशीनाथ सिंह की चुनिंदा कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5259-4

27. किसानी जीवन की पंजाबी कहानी

रवि रविंदर (संपा.)अनु. : प्रीत अरोड़ा, नवजोत कौर मान पृ. 482 ₹ 510.00 (2024)

यह पुस्तक पंजाब में किसानों के जीवन से जुड़ी 31 कहानियों का संग्रह है। जीवन के यथार्थ को दर्शाती ये कहानियाँ किसानों की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक दशा-दिशा को प्रदर्शित करती हैं। यह किसानी जीवन तथा इसकी पृष्ठभूमि में विद्यमान शक्ति संबंधों को समझने में सहायता प्रदान करती है।

ISBN 978-81-237-9828-8

28. किस्सा पंजाब

हरिभजन सिंह (संपा.) अनु. : विजय चौहान पृ. 84 ₹ 95.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में पंजाब के कुछ लोकप्रिय किस्सों का नई शैली में वर्णन किया गया है। ये किस्से हीर-रांझा, मिरजा साहिबाँ, सस्सी-पुन्नू, सोहनी-महिवाल आदि के प्रेम-प्रसंगों, पूरन भगत और राजा रसालू की पावन कथाओं के साथ ही दुल्ला भट्टी और जीउणा मोड़ जैसे वीरों की लोककथाएँ सुनाते हैं। ISBN978-81-237-2001-2

29. कुर्रतुल-ऐन-हैदर की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनु. : शाहीना तबस्सुम पृ. 212 ₹ 170.00 (2024)

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात उर्दू लेखिका की श्रेष्ठ कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2133-0

30. कुलवंत सिंह विर्क की कहानियाँ

जसवंत सिंह विरदी (संपा.) अनु. : सुभाष नीरव पृ. 142 ₹ 130.00

पंजाबी के श्रेष्ठ कथाकार कुलवंत सिंह विर्क की 29 श्रेष्ठ कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2288-5

31. गुरबख्श सिंह प्रीतलड़ी की चुनिंदा कहानियाँ

संच. व संपा. : बलदेव सिंह 'बद्दन' अनु. : केवल गोस्वामी पृ. 536 ₹ 410.00 (2024)

पंजाब के सशक्त रचनाकार की कहानियाँ जो आपको साथ चलने के लिए आमंत्रित करती हैं।

ISBN978-81-237-7888-4

32. गोपीनाथ महांति की कहानियाँ

सीताकांत महापात्र (संपा.) अनु. : प्रभात त्रिपाठी पृ. 178 ₹ 150.00 (2024)

आदिवासी जनजीवन के सुख-दुख, संघात-संघर्ष और संभावना के चित्रों को उकेरती हुई गोपीनाथ महांति की सत्रह ओड़िया कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-3874-1

33. जगन्नाथ प्रसाद दास की श्रेष्ठ कहानियाँ

गुरुचरण बेहेरा (संपा.) अनु. : राजेंद्र प्रसाद मिश्र पृ. 302 ₹ 335.00 (2024)

ओड़िया के प्रतिभा संपन्न साहित्यकार की कहानियाँ पाठकों को एक विशेष आभा-मंडल में लिए चलती है। अपने पाठकों के बीच वे जे.पी. दास के नाम से विख्यात हैं। उनकी कथा-यात्रा में अंतर्निहित संवेदना, भावना और विचारों का सूक्ष्म निर्वाह हुआ है। पाठकों को बाँधे रखने में यह संग्रह अद्भुत है।

ISBN 978-93-5491-109-5

34. जयकांतन की कहानियाँ

अनु. : र. शौरिराजन पृ. 172 ₹ 145.00 (2024)

तमिल के श्रेष्ठ कथालेखक जयकांतन की चुनी हुई 15 कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5348-5

35. जयशंकर प्रसाद की कहानियाँ

विजयमोहन (संपा.) पृ. 150 ₹ 130.00 (2024)

प्रसिद्ध छायावादी कवि की 17 यथार्थवादी कहानियों का संकलन। ये कहानियाँ समकालीन ग्रामीण यथार्थ, स्वाधीनता पूर्व अंग्रेज पोषित भारतीय जमींदारों की दुष्कृति एवं महाजनी सभ्यता के अमानवीय पक्ष को भलीभाँति उजागर करती है।

ISBN 978-81-237-4582-4

36. जैनेन्द्र कुमार की कहानियाँ

प्रदीप कुमार (संपा.) भूमिका : विष्णु खरे पृ. 106 ₹ 110.00 (2024)

हिंदी के प्रख्यात कथाकार और हिंदी कथाधारा के स्तंभ स्व. जैनेन्द्र कुमार की प्रतिनिधि कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-2971-8

37. तफ़्तीश

मितरसेन मीत अनु. : डॉ. किरण बंसल पृ. 300 ₹240.00 (2024)

अपनी तरह का एक अलग उपन्यास जिसे पेशे से मशहूर वकील ने लिखा है। इस उपन्यास में भारतीय पुलिस तंत्र की गतिविधियों का वर्णन है।

ISBN 978-81-237-7114-4

38. देवेंद्र सत्यार्थी की चुनिंदा कहानियाँ

गुरुचरण सिंह अरशी (संपा.) अनु. : डॉ. सुनीता पृ. 294 ₹260.00

अप्रतिम कथाकार देवेंद्र सत्यार्थी के व्यक्तित्व की तरह सरल कहानियाँ, जो किसी-न-किसी रूप में जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। एक तरह से सामाजिकता होने का सुख बाँटती हैं।

ISBN 978-81-237-7070-3

39. नानक सिंह की चुनिंदा कहानियाँ

बलदेव सिंह बद्दन (संपा.) अनु. : शशि सहगल पृ. 224 ₹ 180.00 (2024)

नानक सिंह पंजाबी के एक बेमिसाल लेखक थे जिनकी कहानियाँ उपन्यास के प्लॉट का भ्रम पैदा करती हैं। नये अंदाज की कहानियाँ हैं ये।

ISBN 978-81-237-6802-1

40. प्रतिभा राय की श्रेष्ठ कहानियाँ

संपा. : *प्रफुल्ल कुमार महाँति* अनु. : राजेन्द्र प्रसाद मिश्र पृ. 290 ₹ 375.00

प्रतिभा राय की कहानियों का मुख्य स्वर प्रेम है, जिसमें ओड़िया जीवन साकार हुआ है। इनकी रचनाओं में कहीं भी बनावटीपन नहीं है। प्रतिभा राय की कहानियों की परिधि विशाल है। उनके पात्र मनुष्य के विभिन्न गुण, अवगुण, यश-पौरुष कमजोरी दिखाकर कहानी की परिधि में जीवन को स्पंदित करते हैं। एक अलग तरह की आत्मीयता इनकी कहानियों में मिलती है, जिस कारण पाठक इनसे जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।

ISBN 978-81-237-301-3

41. फणीश्वरनाथ 'रेणु' की श्रेष्ठ कहानियाँ

भारत यायावर (संपा.) पृ. 260 ₹ 200.00 (2024)

'रेणु' की कहानियाँ अपनी संरचना, प्रकृति, शिल्प और रस की दृष्टि से हिंदी कहानियों की परंपरा में एक अलग और नई पहचान उपस्थित करती हैं। ग्रामीण परिवेश के छोटे-बड़े, सुख-दुख, रीति-रिवाज पर सचेत रहने वाले ऊर्जस्वित कथाकार 'रेणु' की 21 चुनिंदा कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-1537-7

42. बामाचरण मित्र की कहानियाँ

शत्रुघन पांडव (संपा.) अनु. : शंकरलाल पुरोहित पृ. 142 ₹ 145.00 (2024)

ओड़िया के प्रख्यात कथाकार बामाचरण मित्र की चुनी हुई कहानियों का अनूठा संकलन।

ISBN 978-81-237-4083-6

43. बेजबरुआ की संकलित रचनाएँ

नगेन सैकिया (संक.) अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 222 ₹ 180.00 (2024)

असमिया के श्रेष्ठ रचनाकार बेजबरुआ की प्रतिनिधि रचनाओं का संग्रहणीय संचयन।

ISBN 978-81-237-5283-9

44. मछली पिए न सूखे ताल

ए. विद्यासागर अनु. : जे.एल. रेड्डी पृ. 146 ₹ 130.00 (2024)

आदिवासियों की वास्तविक व्यथा व यातनाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करती यथार्थपरक कहानियाँ।

ISBN 978-81-237-5377-5

45. मन्नू भंडारी की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 188 ₹ 160.00 (2024)

स्त्री-मन की आकांक्षाएँ, प्रेम, दाम्पत्य, पारिवारिक-सामाजिक ढांचे, छद्म आधुनिकता के दुष्प्रभाव आदि विषयों पर लिखी गई मन्नू भंडारी की कहानियों का अनूठा संकलन, जिसमें पाठकों को अपने समय का स्वर पहचानने का बेहतरीन अवसर उपलब्ध है।

ISBN 978-81-237-4363-7

46. मनोज दास की कहानियाँ

अनु. : राजेंद्र प्रसाद मिश्र पृ. 188 ₹ 160.00 (2024)

ओड़िया के प्रख्यात कथाकार मनोज दास की चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-3558-0

47. मसान का फूल और अन्य कहानियाँ

सच्चिदानन्द राउत राय अनु. : शंकर लाल पुरोहित पृ. 180 ₹ 40.00 (1995)

उड़ीसा के सामान्य जनजीवन को अपने लेखन का केंद्र मानने वाले यशस्वी कथाकार सच्चिदानन्द राउत राय की चुनी हुई कहानियों का संकलन, जो उड़ीसा के जनपद पर विस्तृत रूप से दिखाया गया है।

ISBN 81-237-1570-6

48. महाश्वेता देवी की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनु. : माहेश्वर पृ. 160 ₹ 140.00 (2024)

साहित्य अकादमी सहित अनेक साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित बांग्ला की सुप्रसिद्ध लेखिका महाश्वेता देवी द्वारा संकलित उनकी इन कहानियों के केंद्र में मुख्यतया आदिवासी जनजीवन है, जो समाज की मूलधारा से कटकर जी रहा है।

ISBN 978-81-237-0533-0

49. मामोनी रायसम गोस्वामी की कहानियाँ

अनु. : श्रवण कुमार पृ. 106 ₹ 110.00 (2024)

असमिया की प्रसिद्ध लेखिका मामोनी रायसम गोस्वामी (ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त) की चुनिंदा कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-3458-3

50. मेरी यात्रा

विष्णु गोडसे अनु. : सुनील केशव देवधर पृ. 158 ₹ 190.00 (2024)

लेखक विष्णुभट गोडसे द्वारा मूल मराठी में लिखित एवं हिंदी में अनूदित पुस्तक *मेरी यात्रा* के केंद्र में झाँसी है। यह यात्रा वृत्तांत 1857 के विद्रोह के दौरान लिखा गया है। लेखक ने प्रस्तुत पुस्तक में 1857 के विद्रोह के दौरान लक्ष्मीबाई झाँसीवाली के किले की घेराबंदी के दिनों का आँखों देखे हाल का वर्णन किया है। मूलतः यह पुस्तक एक दुर्लभ ऐतिहासिक दस्तावेज है।

ISBN 978-81-237-8178-5

51. मोहन राकेश की श्रेष्ठ कहानियाँ

रवीन्द्र कालिया (संपा.) पृ. 196 ₹ 165.00 (2023)

नई कहानी आंदोलन के अग्रणी कथाकार मोहन राकेश की कहानियों में आत्मसंघर्ष, अंतर्विरोध, आत्मपरीक्षण के तत्व सर्वाधिक पाए जाते हैं। इस संग्रह में मोहन राकेश की सोलह श्रेष्ठ कहानियों को लिया गया है। ISBN 978-81-237-5531-1

52. मुद्राराक्षस : संकलित कहानियाँ

पृ. 204 ₹ 165.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी को नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार मुद्राराक्षस की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-5335-5

53. यज्ञ

कालीपटनम रामाराव अनु. : दंडमूडि महीधर पृ. 84 ₹ 26.00 (1995)

तेलुगु जनपद के घर-आँगन में बिखरे कथासूत्रों का अनोखा संकलन।

ISBN 81-237-1385-1

54. रांगेय राघव : संकलित कहानियाँ

वीरेश कुमार (संपा.) पृ. 244 ₹ 115.00 (2016)

इतिहास एवं समकालीनता को अपने कथा लेखन में महत्वपूर्ण स्थान देकर, कथा लेखन का एक मानदंड स्थापित करने वाले कलाकार रांगेय राघव की चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-4561-9

55. राजकमल चौधरी : संकलित कहानियाँ

देवशंकर नवीन (संपा.) पृ. 256 ₹ 210.00 (2024)

हिंदी एवं मैथिली साहित्य के कहानी, कविता, उपन्यास एवं निबंध लेखन को नवता देनेवाले, स्वातंत्र्योत्तर काल के महत्वपूर्ण कथाकार राजकमल चौधरी की श्रेष्ठ कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-4988-1

56. राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह की श्रेष्ठ कहानियाँ

कमलानंद झा (संपा.) पृ. 198 ₹ 170.00 (2024)

हिंदी कहानी लेखन के प्रारंभिक दौर में अभूतपूर्व योगदान देने वाले महत्वपूर्ण कथाकार राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह की चुनी हुई कहनियों का श्रेष्ठ संकलन।

ISBN 978-81-237-5552-6

57. राजेन्द्र यादव : संकलित कहानियाँ

पृ. 182 ₹ 190.00 (2024)

श्रेष्ठ कथाकार राजेन्द्र यादव की चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5243-3

58. विष्णु प्रभाकर : संकलित कहानियाँ

पृ. 187 ₹ 140.00 (2024)

हिंदी के सुविख्यात कथाकार विष्णु प्रभाकर द्वारा तैयार की गई 18 कहानियों का यह संग्रह कथाकार के कथा कौशल की सिलसिलेवार प्रस्तुति है। ISBN 978-81-237-5551-9

59. शेखर जोशी : संकलित कहानियाँ

पृ. 178 ₹ 150.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिंदी कहानी को नई दिशा देने वाले प्रसिद्ध कथाकार शेखर जोशी की चुनिंदा कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5261-7

60. संतोख सिंह धीर की चुनिंदा कहानियाँ

संपा.: डॉ. बलदेव सिंह बद्दन अनु. : फूलचंद मानव पृ. 380 ₹ 350.00 (2024)

पंजाबी के वरिष्ठ कथाकार की बेहतरीन कहानियाँ, जो आपको अपना सहयात्री बनाने को आतुर हैं।

ISBN 978-81-237-7171-7

61. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानियाँ

कमलेश्वर (संपा.) पृ. 402 ₹ 185.00 (2016)

स्वातंत्र्योत्तर काल के श्रेष्ठ हिंदी कथाकारों की प्रतिनिधि कहानियों का संचयन।

ISBN 978-81-237-4222-9

62. समकालीन गुजराती कहानियाँ

राधेश्याम शर्मा (संपा.) अनु. : रमेश उपाध्याय पृ. 116 ₹ 24.00 (1998)

गुजरात के समकालीन समाज की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, आहार-व्यवहार, शोक-संताप, हास-परिहास, सुख-दुख के भावों से भरी कहानियों का अनूठा संकलन।

ISBN 81-237-1160-3

63. समकालीन मलयालम कहानियाँ

एम. मुकुंदन (संपा.) अनु. : पी. लक्ष्मी कुट्टिअम्माँ पृ. 194 ₹ 16.00 (1991)

मलयालम कहानियों का यह संकलन आधुनिक कहानियों का प्रतिनिधि संकलन है। ये कहानियाँ परंपरागत मोह से निकलकर सामाजिक यथार्थ के रूपायन को नया आयाम देती हैं।

ISBN 81-237-4823-X

64. समकालीन मलयालम कहानियाँ-2

वी.सी. हारिस अनु. : पी.के. चन्द्रन पृ. 143 ₹ 105.00 (2022)

बीसवीं शताब्दी के अंतिम दो दशकों में लिखी गई मलयालम की 21 श्रेष्ठ कहानियों का अनूठा संचयन।

ISBN 978-81-237-4823-8

65. समसामयिक हिंदी कहानियाँ

धनंजय वर्मा (संपा.) पृ. 268 ₹ 210.00 (2024)

मुक्तिबोध, हरिशंकर परसाई, धर्मवीर भारती, अमृत राय, भीष्म साहनी, कृष्ण बलदेव वैद, शानी, रमेश बक्षी, राजी सेठ आदि बीस श्रेष्ठ हिंदी कथाकारों की कहानियों का यह संकलन हिंदी कहानी के समसामयिक परिदृश्य को उसकी समग्रता में प्रस्तुत करता है।

ISBN 978-81-237-1489-9

66. सुजान सिंह की चुनिंदा कहानियाँ

सुरेन्द्र पाल सिंह (संपा.) अनु. : नरेश 'नदीम' पृ. 234 ₹ 50.00 (2005)

प्रसिद्ध पंजाबी कथाकार सुजान सिंह की 35 श्रेष्ठ पंजाबी कहानियों का हिंदी अनुवाद।

ISBN 81-237-2382-2

67. सुभद्रा कुमारी चौहान की श्रेष्ठ कहानियाँ

आनंद प्रकाश (संपा.) पृ. 166 ₹ 145.00 (2024)

स्वाधीनता आंदोलन की सक्रिय कार्यकर्ता सुभद्रा कुमारी चौहान की बाईस श्रेष्ठ कहानियों का संचयन उनके समर्थ कथा लेखक रूप को पाठकों के सामने रखता है। स्वतंत्रता-पूर्व की उनकी इन कहानियों में स्त्री की कोमलता और संघर्षशीलता का समन्वय मूलक चित्रण हुआ है। इन कहानियों में राष्ट्रीय भावना और ओज भी सहज दृश्यमान हैं। ISBN 978-81-237-4515-2

68. सौरभ चलिहा की चुनिंदा कहानियाँ

अनु. : दिनकर कुमार पृ. 108 ₹ 110.00 (2023)

असमिया के उत्कृष्ट कथाकार और नए भावबोधों के प्रणेता सौरभ चलिहा की चुनिंदा कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-3509-2

कविता

1. जल भीतर इक वृच्छा उपजै

रमेश अनुपम (संक.) पृ. 284 ₹ 220.00 (2024)

छत्तीसगढ़ की छह सौ वर्षों (सन् 1400 से 2000) की सुदीर्घ काव्य-यात्रा का संचयन।

ISBN 978-81-237-5362-1

2. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कविताएँ

केदारनाथ सिंह (संपा.) पृ. 402 ₹ 185.00 (2016)

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद के भारत की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों को रेखांकित करने वाली महत्वपूर्ण कविताओं का अनूठा संकलन। ISBN 978-81-237-4222-3

3. सुभद्रा कुमारी चौहान की श्रेष्ठ कविताएँ

चंद्रा सदायत (संपा.) पृ. 140 ₹ 130.00 (2024)

'राष्ट्रीय वसंत की प्रथम कोकिला', स्वाधीनता आंदोलन की महत्वपूर्ण कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की चुनी हुई कविताओं का संकलन। ISBN 978-81-237-4694-4

उपन्यास

1. अंतिम ईश्वर

प्रतिभा राय अनु : राजेंद्र प्रसाद मिश्र पृ. 398 ₹ 495.00 (2023)

इस उपन्यास में आदिवासी संस्कृति से लेकर पूर्णतः आत्मलीन व्यक्तिवाद के चित्रण के साथ कट्टरपंथियों और आतंकवादियों के कारण इस वक्त विश्व की भयावह स्थिति ने इसे और अधिक पठनीय बना दिया है। यह ईश्वर कौन है। और उसकी तलाश करने के दुर्वार जीवन-संग्राम की रोमांचक कहानी है। ओड़िया से हिंदी में सुपाठ्य शैली में इसका अनुवाद अनुवादक ने किया है।

ISBN 978-93-5743-977-0

2. अठारहवीं अक्षांश रेखा

अशोक मित्रन अनु. : सुमति अय्यर पृ. 132 ₹ 21.00 (1992)

प्रस्तुत उपन्यास आज के तमिल साहित्य की प्रगति का एक सशक्त प्रमाण है। इसमें भूमध्य

के उत्तर में अठारहवीं अक्षांश रेखा पर स्थित हैदराबाद के निवासियों की तत्कालीन परिस्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

3. अतीत के दिन

के. पी. केशव मेनन अनु. : चंद्रशेखरन नायक पृ. 342 ₹ 38.00 (1992)

सुप्रसिद्ध मलयाली लेखक श्री पी. के. केशव मेनन की आत्मकथा 'कषिअ कालम' का हिंदी अनुवाद।

4. अनचला डगर

वसंत कुमारी पट्टनायक अनु. : श्रीनिवास उद्गाता पृ. 148 ₹ 35.00 (1999)

स्त्री शिक्षा की प्रगति और पीढ़ी के अंतराल से नारी जीवन में खुलते नए रास्ते को इंगित करता हुआ उम्दा ओड़िया उपन्यास। ISBN 81-237-2736-4

5. अलीक मानव

सैयद मुस्तफ़ा सिराज़ अनु. : मनमोहन ठाकौर पृ. 400 ₹ 65.00 (1996)

उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से बीसवीं शताब्दी के मध्य तक के सौ वर्षों के बंगाली जनजीवन के सामाजिक इतिहास की झाँकी यहाँ मिलती है। इस परिप्रेक्ष्य में इस उपन्यास में वहाँ के हिंदू-मुसलमानों के पारस्परिक धार्मिक तनाव, आकर्षण-विकर्षण, मेल-विरोध तथा ब्रिटिश शासन की अराजकता साफ-साफ अंकित हुई है। ISBN 81-237-1836-5

6. आखिर जो बचा

बुच्चि बाबू अनु. : दयावंती पृ. 226 ₹ 22.00 (1992)

एक युवा डाक्टर की कहानी जो जीवन भर विकृत सामाजिक मूल्यों के विरुद्ध लड़ता रहा। पर आखिर उसके पास क्या बचा—अपने आप से समझौता। बुच्चि बाबू को तेलुगु साहित्य में एक कहानीकार तथा उपन्यासकार के रूप में उच्च स्थान प्राप्त है। ISBN 81-237-0000-8

7. आत्मप्रकाश

सुनील गंगोपाध्याय अनु. : प्रतिभा अग्रवाल पृ. 170 ₹ 34.00 (1999)

बांग्ला के प्रख्यात लेखक का यह पहला प्रकाशित उपन्यास है। युवा मन की रिक्तता और इस रिक्तता के दबाव में उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों का चित्रण देखते ही बनता है।

ISBN 81-237-0520-4

8. आदर्श हिन्दू होटल

विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय अनु. : प्रफुल्लचंद्र ओझा 'मुक्त' पृ. 158 ₹ 35.00

मानवीय संवेदना और जन सामान्य के सपनों, इच्छाओं, आकांक्षाओं को उकेरता हुआ एक शानदार बांग्ला उपन्यास। ISBN 81-237-2643-7

9. आदमी और जंगल

उमाकान्त शर्मा अनु. : सत्यदेव प्रसाद पृ. 338 ₹ 70.00

असम के चाय बागान के श्रमिक समुदाय की जीवन प्रक्रिया के क्रमिक परिवर्तन और असमिया समाज के सांस्कृतिक समन्वय को चित्रित करता हुआ एक श्रेष्ठ उपन्यास। ISBN 81-237-3354-2

10. आधी घड़ी

पारप्पुरत्तु अनु. : एन.ई. विश्वनाथ अय्यर पृ. 246 ₹ 23.00 (1991)

प्रस्तुत उपन्यास लेखक की सर्वाधिक लोकप्रिय और सशक्त रचना है। उपन्यास की पृष्ठभूमि

में त्रावणकोर रियासत के मध्य खंड में बसे ईसाई समाज का जीवन चित्रित है।

11. इछामती

विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय अनु. : पुष्पमाला जैन पृ. 238 ₹ 39.00 (1997)

पिछली शताब्दी में बंगाल के नीलकर साहबों के आगमन पर नील की खेती प्रारंभ होने से किसानों की विडंबना, और अंत में उनके विद्रोह की ऐतिहासिक घटना पर आधारित श्रेष्ठ बांग्ला उपन्यास। ISBN 81-237-2132-3

12. उसने जंगल को जीता

केसव रेड्डी अनु. : जे. एल. रेड्डी पृ. 56 ₹ 20.00 (2005)

एक सूअर के चरवाहे और एक सूअरी के प्रसव के आश्रय से गढ़ी हुई इस तेलुगु उपन्यास की कथा में समकालीन जनजीवन पर असुरक्षा और आतंक के मंडराते बादल को प्रभावकारी ढंग से चित्रित किया गया है। ISBN 81-237-1598-6

13. एक अंतहीन तलाश

निरंजन तसनीम अनु. : उमा बंसल पृ. 138 ₹ 145.00 (2024)

एक आत्मजीवनीपरक उपन्यास जिसमें आधुनिक युग की विसंगतियों और प्राप्तियों का लेखा-जोखा मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-6033-9

14. एक घेरे से बाहर

सु. समुत्तिरम अनु. : विजयलक्ष्मी सुंदरराजन पृ. 138 ₹ 31.00 (1995)

खौफनाक जिंदगी बिताती एक स्वाभिमानी लड़की के जय-पराजय की कथा, जो शोक, संताप, व्यथा और संघर्ष झेलती है, निर्दयता और वेदना की चक्की में लगातार पिसती है पर झुकती नहीं।

ISBN 81-237-1348-7

15. कपिली के आर-पार

नवकांत बरुआ अनु. : लोकनाथ भराली पृ. 62 ₹ 85.00 (2024)

असमिया भाषा के प्रसिद्ध लेखक एवं शिक्षाविद् का बहुत ही रोचक एवं आकर्षक उपन्यास।

ISBN 978-81-237-0001-4

16. कपीश जी

मनोहर श्याम जोशी पृ. 144 ₹ 70.00 (2012)

भाषा के स्तर पर धारदार व्यंग्य, विषय के स्तर पर अत्यंत आधुनिकता और समझ के स्तर पर गहन मार्मिकता से ओत-प्रोत कृति प्रस्तुत करने वाले हिंदी उपन्यासकार मनोहर श्याम जोशी का महत्वपूर्ण उपन्यास। ISBN 978-81-237-5513-7

17. करिसल

पोन्नीलन अनु. : मीनाक्षी पुरी पृ. 256 ₹ 200.00 (2024)

अत्यंत निर्धन, अनपढ़, शोषित, रीतिबद्ध और अंधेरे में जी रहे लोगों के जीवन की गतिविधियों, जीवन में मौलिक परिवर्तन की आशा और शोषण के विरुद्ध संग्राम की तैयारी करते हुए जनसमुदाय की जीवन गाथा प्रस्तुत करता हुआ प्रसिद्ध तमिल उपन्यास।

ISBN 978-81-237-5952-4

18. कलर केरि छपरी

चंदन नेगी अनु. : अमिया कुँवर पृ. 220 ₹ 215.00 (2024)

पंजाबी की श्रेष्ठ रचनाकार की कृति का हिंदी अनुवाद।

ISBN 978-81-237-7986-0

19. कालातीत व्यक्ति

श्रीदेवी अनु. : बालशौरि रेड्डी पृ. 224 ₹ 180.00 (2024)

अभाव की भट्टी में तपते हुए युवक-युवती के जीवन संघर्ष, पीढ़ियों के द्वंद्व तथा पुरानी पीढ़ी के गलित विचार को तार-तार करता हुआ यह तेलुगु उपन्यास हिंदी पाठकों के लिए एक संग्रहणीय पुस्तक साबित होगी। ISBN 978-81-237-4336-3

20. काली मिट्टी

पालगुम्मि पद्मराजु अनु. : आरिगपूडि रमेश चौधरी पृ. 104 ₹ 105.00 (2024)

आंध्र प्रदेश के गाँव के सीधे-सादे लोगों के मानवीय पक्षों, जन संबंधों, घृणा, प्रेम, राग, द्वेष आदि का जीवंत चित्र प्रस्तुत करता हुआ श्रेष्ठ तेलुगु उपन्यास। ISBN 978-81-237-2265-8

21. किनु ग्वाले की गली

संतोष कुमार घोष अनु. : अरिंदम पृ. 142 ₹ 9.00 (1985)

प्रस्तुत उपन्यास एक तरह का आत्मप्रकाश है। इसमें वातावरण विशेष का स्वरूप सामने आता है, जिसमें जीवन के सारे पर्याय समेटे जा सकते हैं।

22. कुरिंजी का शहद

राजम कृष्णन अनु. : विजयलक्ष्मी सुंदरराजन पृ. 284 ₹ 44.00

पिछड़े वर्ग तथा पहाड़ी जनजातियों के जीवन को केंद्र बनाकर यह तमिल उपन्यास लिखा गया है। पहाड़ के मानव जीवन पर सामाजिक परिवर्तन के प्रभाव और बाह्य जगत की आधुनिकता के अनुरूप दो पीढ़ियों के अंतराल को साठ वर्षों के समय की पृष्ठभूमि में प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 81-237-1855-0

23. कोसला

भालचंद्र नेमाडे अनु. : भगवान दास वर्मा पृ. 298 ₹ 310.00 (2024)

आजादी के बाद की युवा-पीढ़ी की मानसिकता का सच्चा चित्रांकन करता यह उपन्यास शिक्षा, व्यावहारिक जीवन की विसंगतियाँ, कदम-कदम पर संघर्ष, अस्मिता का संकट आदि बिंदुओं को बड़े तल्ख अनुभवों के साथ उभारता है। ISBN 81-237-0252-3

24. गंगव्वा गंगामाई

शंकर मोकाशी 'पुणेकर' अनु. : बी.आर.नारायण पृ. 236 ₹ 28.00 (1992)

यह एक पारिवारिक उपन्यास है। कन्नड़ भाषा में लिखी गई पिछले कुछ वर्षों की अद्वितीय रचनाओं में इसकी गिनती है। ISBN 81-237-0018-0

25. गंगा चील के पंख

लक्ष्मीनंदन बोरा अनु. : शारदा बरुआ पृ. 144 ₹ 130.00 (2024)

असमिया उपन्यास लेखन के क्षेत्र में लक्ष्मीनंदन बोरा का प्रमुख स्थान है। यह पुस्तक उनके बहुचर्चित उपन्यास का हिंदी अनुवाद है। असमिया न जानने वाले पाठक इसे पढ़कर असमिया ग्राम्य जीवन की एक झलक से परिचित हो पाएँगे। ISBN 978-81-237-4052-2

26. गृहभंग

एस.एल. भैरप्पा अनु. : बी.बी. पुत्रन पृ. 408 ₹ 35.00 (1991)

यह कन्नड़ उपन्यास ग्रामीण जीवन की अद्भुत झाँकी प्रस्तुत करने के साथ ही एक युवती जनम्मा के जीवन की अंतहीन त्रासदियों को सूक्ष्मता से उजागर करता है।

27. गांधारी

ना.धों. महानोर अनु. : निशिकांत ठकार पृ. 00 ₹ 00.00

निजाम सल्तनत की समाप्ति के बाद गांधारी नामक छोटे-से गाँव की कहानी, जिसके अनेक चरित्र उस समय के परिवेश को जीवंत बना देते हैं।

28. गाथा मफस्सिल

देवेश राय अनु. : सूर्यनाथ सिंह पृ. 174 ₹ 150.00 (2024)

बांग्ला के प्रसिद्ध उपन्यासकार देवेश राय की सुपरिचित कृति का मनोरम अनुवाद।

ISBN 978-81-237-4645-6

29. गोष्ठविहारी का जिंदगीनामा

अमलेन्दु चक्रवर्ती अनु. : सुशील गुप्ता पृ. 362 ₹ 260.00 (2024)

अल्पवेतन भोगी एक क्लर्क के जर्जर अर्थतंत्र और उत्कट अभिलाषा के तालमेल की मार्मिक कथा पर आधारित रोचक बांग्ला उपन्यास। ISBN 978-81-237-3449-1

30. चार दीवारों में

एम.टी. वासुदेवन नायर अनु. : पद्मिनी मेनन पृ. 150 ₹ 35.00 (1997)

आधुनिक परिवेश में संयुक्त परिवार के जर्जर आदर्श को ढोते रहने के बेतुकेपन का अहसास इस मलयालम उपन्यास में बराबर कुरेदता रहता है। बेजान संबंधों की चारदीवारी में घिरे कुटुंबियों की मनोदशा का आकलन प्रस्तुत कर लेखक ने यथार्थ के चित्र को जीवंत कर दिया है।

ISBN 81-237-2162-5

31. जीवन एक नाटक

पन्नालाल पटेल अनु. : रघुवीर चौधरी पृ. 358 ₹ 190.00 (2024)

गुजराती के अग्रणी कथाकार की महान कृति (मानवीनी भवाई) का हिंदी अनुवाद, जिस पर लेखक को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। उपन्यास में वर्णित अकाल ऐतिहासिक दस्तावेज मात्र ही नहीं बल्कि जीवन की भयावहता से साक्षात्कार भी है। ISBN 978-81-237-2738-7

32. दवा

पुनत्तिल कुंजब्दुल्ला अनु. : एन.ई.विश्वनाथ अय्यर पृ. 240 ₹ 42.00 (1995)

चिकित्सा की दुनिया बाहर जितनी भरोसेमंद है, ठोस है, भीतर से उतनी ही अविश्वसनीय, खोखली एवं विद्रूप...। मलयालम का यह उपन्यास इसी सचाई से रू-ब-रू कराता है।

ISBN 81-237-1271-5

33. दानापानी

गोपीनाथ महांति अनु. : शंकरलाल पुरोहित पृ. 264 ₹ 30.00 (1992)

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता एवं ओड़िया भाषा के मूर्धन्य उपन्यासकार का अनुपम यथार्थवादी उपन्यास, जिसकी कथावस्तु दानापानी के तीव्र द्वंद्व और पदोन्नति की समस्या को लेकर चलती है। ISBN 81-237-0010-5

34. देश काल पात्र

जे.पी. दास अनु. : राजेन्द्र प्रसाद मिश्र पृ. 350 ₹ 250.00 (2024)

ओड़िया साहित्य और ओड़िया जनजीवन की धरोहर को रेखांकित करता महत्वपूर्ण उपन्यास।

ISBN 81-237-4591-5

35. धरती का रोना

शांतनु कुमार आचार्य अनुवाद : सुजाता शिवेन पृ. 350 ₹ 455.00 (2025)

प्रस्तुत आत्मचरितात्मक उपन्यास में लेखक ने काल्पनिक और यथार्थ चरित्रों के माध्यम से ओडिशा के बहाने समूचे भारतीय समाज में स्वतंत्रता के बाद होने वाले बदलावों, जैसे–सामाजिक, सांस्कृतिक पतन, मातृभूमि के प्रति प्रेम का अभाव, प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना का न होना एवं नई पीढ़ी के वैचारिक ह्रास आदि का वर्णन किया गया है।

ISBN 978-93-6719-832-2

36. धरती की हँसी

लूमर डाइ अनु. : सत्यदेव प्रसाद पृ. 184 ₹ 35.00

यह अरुणाचल प्रदेश के आदि समाज के सुख-दुख, हास्य-रुदन से भरपूर एक आंचलिक उपन्यास है। इसमें स्थानीय रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार के चित्रण के साथ सरल-सहज पहाड़ी लोगों के वाणिज्यिक परिवेश के संपर्क से अमानवीय होने की गाथा भी दर्ज है। ISBN 978-81-237-1933-7

37. धान

पी. वत्सला अनु. : राकेश कालिया पृ. 374 ₹ 75.00 (1999)

केरल के जनजातीय किसानों के शोषण और उत्पीड़न का जीवंत चित्र उपस्थित करता हुआ प्रसिद्ध असमिया उपन्यास। ISBN 81-237-2700-3

38. ध्रुवतारे

गुलजार सिंह संधू अनु. : गुलबीर सिंह भाटिया पृ. 112 ₹ 110.00 (2024)

प्रस्तुत उपन्यास मूल पंजाबी का अनुवाद है। इस उपन्यास के केंद्र में तमिलनाडु के शहर डिंडीगुल के निकट ग्रामीण क्षेत्र में स्थित रुद्रापट्टी आश्रम है। इस आश्रम का उद्देश्य महात्मा गाँधी के आदर्शों पर चलकर ग्रामीण जीवन में चहुँमुखी विकास के साथ बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों एवं स्त्रियों को स्वावलंबी बनाना है। ISBN 978-81-237-6623-2

39. नाद विन्दु

जोगिन्दर कैरों अनु. : सुभाष नीरव पृ. 98 ₹ 135.00 (2024)

प्रस्तुत उपन्यास में रचनाकार ने योग-भोग के संकल्प को लेकर स्त्री-पुरुष के गंभीर मसले उठाए हैं। मनुष्य जाति के स्वभाव, योग-भोग की परिभाषा तथा उनके चिंतनशील संकल्पों से अवगत कराता गंभीर उपन्यास। ISBN 978-81-237- 8044-3

40. नामघरैया

अतुलानंद गोस्वामी अनु. : सत्यदेव प्रसाद पृ. 72 ₹ 85.00 (2024)

असम की संस्कृति, वैष्णव परंपरा और मानवीय मूल्य को ओजस्वी भाषा के साथ चित्रांकित करता प्रसिद्ध असमिया उपन्यास नामघरैया का अनुवाद। ISBN 978-81-237-3621-1

41. नीलाद्रि विजय

सुरेंद्र महांति अनु. : शंकरलाल पुरोहित पृ. 188 ₹ 200.00 (2024)

प्रस्तुत उपन्यास भले ही 'नीलशैल' का उत्तरार्ध हो लेकिन घटनाओं की क्रमिता तथा पात्रों की समता के अलावा 'नीलाद्रि विजय' का 'नीलशैल' के साथ अन्य कोई संवंध नहीं है।

ISBN 978-81-237-8198-3

42. नीलशैल

सुरेंद्र महांति अनु. : श्रीनिवास उद्‌गाता पृ. 298 ₹ 270.00 (2024)

मूल ओड़िया में लिखित एवं हिंदी में अनूदित प्रस्तुत उपन्यास नीलशैल के केंद्र में उड़ीसा का श्रीजगन्नाथ मंदिर है। उपन्यास की कथावस्तु उड़ीसा के अठारहवीं सदी के इतिहास से ली गई है जिसमें तत्कालीन मुस्लिम शासक की धार्मिक असहिष्णुता का वर्णन है। अनेक मनोरंजक घटनाओं और अनुपम पात्रों से पूर्ण यह उपन्यास अत्यंत सुरुचिपूर्ण और पठनीय है।

ISBN 978-81-237-7898-3

43. पगडंडियाँ

सी. राधाकृष्णन अनु. : विनीता डोगरा पृ. 172 ₹ 29.00 (1996)

मलयालम समाज में अल्पबुद्धि भाई को सर्वसुरक्षा देने हेतु पति-प्रेम को त्याग देने वाली लड़की, निष्काम पुत्री प्रेम में इस लड़की के पिता द्वारा अपने अल्पबुद्धि पुत्र की हत्या को बीच कथानक में रखते हुए एक महत्वपूर्ण उपन्यास।

ISBN 81-237-1838-1

44. पात्र-विपात्र

एस. सोज अनु. : उमा बंसल पृ. 116 ₹ 60.00 (2012)

एक बीमार बच्चे के जीवन संग्राम के बहाने चिकित्सा और अंधविश्वास की दुनिया को तार-तार करता हुआ महत्वपूर्ण उपन्यास।

ISBN 81-237-3297-X

45. पात्तुम्मा की बकरी और बाल्यकाल सखी

वैक्कम मुहम्मद बशीर अनु. : रत्नमयी देवी दीक्षित पृ. 116 ₹ 11.00 (1991)

दो लघु उपन्यासों के इस संग्रह में से 'पात्तुम्मा की बकरी' एक निर्दोष बालिका की कहानी है, जिसका कथानक अंधविश्वास की धुरी पर घूमने वाले एक परिवार से जुड़ा है। दूसरी कृति 'बाल्यकाल सखी' मोटे तौर पर एक प्रणय कथा है।

46. पानी पड़े पत्ता हिले

गौड़ किशोर घोष अनु. : माहेश्वर पृ. 344 ₹ 245.00 (2024)

पूर्व बंगाल के जसोर जिले के कथ्य और भाषा के सहज प्रयोग से भरा यह आंचलिक उपन्यास ग्रामीण कहावतों, पुराने रीति-रिवाजों, विभिन्न वर्ग के व्यक्तियों, नारी-पुरुषों की भावनाओं से इस तरह परिपूर्ण है कि इसकी साहित्यिक सीमा शिखर तक चली जाती है।

ISBN 978-81-237-1883-5

47. पिता-पुत्र

होमेन बरगोहांई अनु. : दिनकर कुमार पृ. 236 ₹ 185.00 (2023)

दो पीढ़ियों के वैचारिक संघर्ष, असम जनपद के सामाजिक वैमनस्य, राजनीतिक षड्यंत्र आदि को प्रवहमान शैली में सूक्ष्मता से चित्रित करता असमिया उपन्यास।

ISBN 978- 81-237-3964-9

48. पिता और पुत्र

सुरिंदर सिंह नरूला अनु. : सुभाष नीरव पृ. 258 ₹ 225.00 (2024)

समकालीन पंजाबी उपन्यास लेखन को आम जन के यथार्थ से जोड़ने का प्रयास है यहाँ। उपन्यास का कालखंड 1895 से 1918 तक फैला है जिसमें क्या अमृतसर और क्या हरिद्वार– तत्कालीन आम जन-जीवन की तसवीर बड़ी शिद्दत से उभरती है।

ISBN 978-81-237-7792-4

49. पुराना लखनऊ

अब्दुल हलीम 'शरर' अनु. : नूर नबी अब्बासी पृ. 326 ₹ 125.00 (2024)

अब्दुल हलीम 'शरर' की पुस्तक पुराना लखनऊ (गुजिस्तां लखनऊ) एक ऐसी सभ्यता का चित्र प्रस्तुत करती है जिसे हिंदुस्तान के एक प्रदेश में रहने वालों ने जन्म दिया है। इस दृष्टि से यह पुस्तक एक महान सभ्यता का महान इतिहास ही नहीं बल्कि हमारी राष्ट्रीय विरासत का एक महत्वपूर्ण अंग है।

ISBN 978-81-237-1525-4

50. प्रारंभ

गंगाधर गाडगिल अनु. : हेमा जावडेकर पृ. 540 ₹ 485.00 (2024)

माराठी से अनूदित यह उपन्यास सिर्फ जगन्नाथ शंकरशेठ की कहानी ही नहीं अपितु आधुनिक समाज से जुड़ने वाली मुंबई नगरी की एक जीवंत गाथा प्रस्तुत करता है।

ISBN978- 81-237-6480-1

51. फायर एरिया

इलियास अहमद गद्दी अनु. : राशिद अली पृ. 154 ₹ 210.00 (2024)

कोलियरी के मजदूरों की व्यथा और कोल माफियाओं की अय्याशी पर आधारित रोचक उर्दू उपन्यास का हिंदी अनुवाद। उर्दू साहित्य की सेवा के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित।

ISBN 978-81-237-3325-9

52. बंदरगाह

तोफिल मुहम्मद मीरान अनु. : एच. बाल सुब्रह्मण्यम पृ. 206 ₹ 41.00 (1999)

शोषण का व्यूह चलाते और उस व्यूह में फंसते जाते मानवों की अंतर्वस्था की अनूठी कथा इस तमिल उपन्यास में कही गई है।

ISBN 81-237-2210-9

53. बचपन की यादें

माधविकुट्टि अनु. : अरविन्दन एम. पृ. 154 ₹ 140.00 (2024)

मलयालम की प्रसिद्ध कथा लेखिका माधविकुट्टि का आत्म-संस्मरणात्मक उपन्यास, जो यदि 'मैं' शैली में नहीं लिखा गया होता तो भारत के किसी भी क्षेत्र के सामंती संस्कार को खंडित करती हुई सामंत बालिका की कथा होता।

ISBN 978-81-237-2771-4

54. बदलते चेहरे

जयकांतन अनु. : एन.बी. राजगोपालन पृ. 238 ₹ 50.00 (1997)

तमिल से अनूदित इस उपन्यास में स्त्री-पुरुष संबंधों के विविध पहलुओं को बड़ी साफगोई और बड़े विस्तार से चित्रित किया गया है। यह उपन्यासकार का कौशल ही माना जाएगा कि एक ही व्यक्ति कभी इस संबंध को अत्यंत अर्थपूर्ण साबित कर देता है तो कभी एकदम निरर्थक।

ISBN 81-237-1571-4

55. बाहर का आदमी

जगशिर्पियन अनु. : रा. बीलिनाथन पृ. 248 ₹ 26.00 (1992)

मूलतया तमिल भाषा का यह उपन्यास आम पाठकों का जीवन के अपरिचित पहलुओं से परिचय कराता है। मद्रास आए एक शरणार्थी की कथा के माध्यम से इस उपन्यास में जीवन के कई महत्वपूर्ण विंदुओं पर प्रकाश डाला गया है।

56. बोल मरदानिया

जसबीर मंड अनु. : बलराम पृ. 288 ₹ 265.00 (2024)

इस कृति के बहाने गुरु नानक जी के जीवन की अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों का पता चलता है। यह उपन्यास आध्यात्मिक प्रश्नों और जिज्ञासाओं का एक सफरनामा है। बाहरी रूप से भले ही यह यात्राओं का वर्णन लगता है, किंतु असल में यह मरदाना के भीतरी सफर की कहानी है।

ISBN 978-81-237-9386-3

57. भटके हुए लोग

हरचरन चावला अनु. : खुर्शीद आलम पृ. 170 ₹ 110.00 (2016)

श्रम और प्रतिभा के देशांतर पलायन और वहाँ के भारतीय नागरिकों के मन में अपने देश की धरती के लिए उठती टीस का जीवंत चित्र प्रस्तुत करता हुआ प्रसिद्ध उर्दू उपन्यास।

ISBN 978-81-237-3920-5

58. मय्यषी नदी के किनारे

एम. मुकुन्दन अनु. : सुधांशु चतुर्वेदी पृ. 292 ₹ 375.00 (2024)

स्वाधीनता आंदोलन की राजनीतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों पर केंद्रित, गोरे शासकों के अत्याचार और मजबूर जनता की दुर्दशा आदि को चित्रित करता हुआ मलयालम उपन्यास।

ISBN 81-237-2035-1

59. मरा हुआ चाँद

उपेन्द्र किशोर दास अनु. : राजेन्द्र प्रसाद मिश्र पृ. 80 ₹ 50.00 (2024)

ओड़िया कथा साहित्य में नवलेखन के प्रथम दौर के महत्वपूर्ण उपन्यासकार का चर्चित मनोविश्लेषणात्मक और प्रेम के त्रिकोणात्मक स्वरूप का जीवंत चित्रण। ISBN 81-237-3297-X

60. माहिम की खाड़ी

मधु मंगेश कर्णिक अनु. : विजय बापट पृ. 116 ₹ 55.00 (2012)

बंबई जैसे महानगर में बसी झोपड़-पट्टी में रहने वाले लोगों के जीवन का कभी न भूलने वाला यथार्थ चित्रण। ISBN 81-237-0689-8

61. मिट्टी का आदमी

वासिरेड्डी सीता देवी अनु. : जे.एल. रेड्डी पृ. 392 ₹ 64.00 (1995)

श्रमजीवी किसान के उत्थान एवं आधुनिक रंगीनी में दिशाहारा युवक के पतन की मर्मस्पर्शी दास्तान, जिसमें लेखक ने अपने रचना कौशल से तेलुगुभाषी समाज का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया है।

ISBN 81-237-1463-7

62. मुक्ति

शांतिनाथ देसाई अनु. : मोतीलाल हलवाई पृ. 180 ₹ 40.00 (1998)

यौवन के उन्माद से उपजा प्रेम और फिर उससे मुक्त होने के लगातार श्रम में हुई विफलता के

बीच जूझते एक युवक की रोचक तथा मार्मिक कहानी को प्रस्तुत करता हुआ कन्नड़ उपन्यास।

ISBN 81-237-2455-1

63. मृत्यु के बाद

शिवराम कारंत अनु. : गुरुनाथ जोशी पृ. 144 ₹ 130.00 (2024)

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कन्नड़ उपन्यासकार शिवराम कारंत का यह उपन्यास दर्शन जैसे गूढ़ और कठिन विषय पर लिखा गया है, जहाँ कथात्मक रस में विषय को भिगोने में लेखक को पूरी सफलता मिली है। ISBN 978-81-237-2146-0

64. यंत्र

मलयाट्टूर रामकृष्णन अनु. : पी.के. चन्द्रन पृ. 310 ₹ 230.00 (2024)

भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सफल हुए युवकों के प्रशिक्षण से शुरू हुई कहानी में व्यवस्था की यांत्रिक गुत्थियाँ पिरोता हुआ एक रोचक उपन्यास। ISBN 978-81-237-8146-4

65. यात्रा का अंत

नील पद्मनाभन अनु. : न.वी. राजगोपालन पृ. 206 ₹ 20.00 (1991)

एक भारतीय घर के टूटने की मार्मिक कहानी इस पुस्तक में प्रस्तुत की गई है। पत्नी कात्यायनी अपने पति अनंतन नायर को छोड़कर किसी और के घर जा बसी है। यह उपन्यास अनंतन नायर के जीवन का लेखा-जोखा है।

66. रंमिली की मुस्कान

रं.बं.तेरां अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 200 ₹ 39.00 (1996)

इस पुस्तक को 'कारबी जनजीवन का आर्थिक, सामाजिक इतिहास' कहा जाता है। कारबी जनजीवन के सुख-दुख, प्रेम-विरह, आशा-आकांक्षा आदि को बड़े जीवंत रूप में यहाँ प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 81-237-1880-2

67. रात के राही

करमजीत सिंह कुस्सा अनु. : गुलवंत फारिग पृ. 314 ₹ 40.00 (1994)

पंजाब के निम्नवर्गीय किसान की अधोगति, उनके जीवन के कटु-मधु अनुभव ही आंचलिक उपन्यास का मूल केंद्र हैं। अभाव और सामाजिक यथार्थ के दोहरे मानदंडों को यहाँ सूक्ष्मता से चित्रित किया गया है।

ISBN 81-237-1008-9

68. वधस्थल

मनोहर श्याम जोशी पृ. 212 ₹ 165.00 (2024)

भाषा के स्तर पर धारदार व्यंग्य, विषय के स्तर पर अत्यंत आधुनिकता और समझ के स्तर पर गहन मार्मिकता से ओत-प्रोत कृति प्रस्तुत करने वाले हिंदी उपन्यासकार मनोहर श्याम जोशी का महत्वपूर्ण उपन्यास। ISBN 978-81-237-5382-9

69. विषकन्या

एस.के.पोट्टटकाट अनु. : एस. रामचंद्रन नायर पृ. 144 ₹ 130.00 (2024)

प्रसिद्ध मलयालम उपन्यासकार का प्रसिद्ध प्रतीकात्मक उपन्यास जो अपने ध्वन्यात्मक उत्कर्ष के कारण एक भूखंड के इतिहास की कहानी हो जाती है और किसी बैले की सुंदरता प्रस्तुत करता है। ISBN 978-81-237-3132-2

70. शहतूतों वाला कुआँ

सोहन सिंह सीतल अनु. : सुदीप पृ. 228 ₹ 42.00 (1996)

आजादी, विभाजन और सांप्रदायिक दंगा—तीनों को यथायोग्य सूक्ष्मता तथा बेबाकी से प्रस्तुत करने वाला ऐसा उपन्यास, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के काल का इतिहास जीवंत हो उठता है।

ISBN 81-237-1841-1

71. षड्यंत्र

भीमसेन तोरगल अनु. : अरुणा ज. नाइक पृ. 98 ₹ 35.00 (2002)

ऐतिहासिक और पौराणिक आख्यानों की नई व्याख्या के साथ विस्मयकारी तथ्यों का रहस्य उद्‌घाटित करता हुआ कन्नड़ उपन्यास। ISBN 81-237-3554-7

72. साँझ की वेला में

शीलभद्र अनु. : महेन्द्रनाथ दुबे पृ. 122 ₹ 120.00 (2024)

ज्ञान तात्विक प्रश्न, जीवन दर्शन के उत्कर्ष और प्रेमविहीन यौन संपर्क को कथात्मक परिधान देकर उच्चता प्रदान करता हुआ श्रेष्ठ असमिया उपन्यास।

ISBN 978-81-237-2642-7

73. सीढ़ी के डंडे

तकषी शिव शंकर पिल्लै अनु. : सुधांशु चतुर्वेदी पृ. 550 ₹ 605.00 (2024)

मछुआरों की जीवन प्रक्रिया से अत्यंत साधारण कथ्य को जीवंत रूप देते हुए एक शानदार मलयालम उपन्यास का हिंदी रूपांतरण, जिसका परिवेश दक्षिण भारत रखा गया है और वहाँ की लोक-संस्कृति को भी यथा अवसर उकेरा गया है। ISBN 978-93-5491-583-3

74. सीप की कोख में मोती

बोधिसत्व मैत्रेय अनु. : सान्त्वना निगम पृ. 268 ₹ 46.00 (1996)

दक्षिण भारत के दूरस्थ क्षेत्र मन्नार उपसागर के तट पर शंख-सीप चुनने वालों और मछली पकड़कर जीवन व्यतीत करने वालों के स्वभाव-संस्कार, आचार-व्यवहार के आश्रय से लिखा गया गहरी अंतर्दृष्टि वाला महत्वपूर्ण बांग्ला उपन्यास। ISBN 81-237-1660-5

75. सूरजमुखी का सपना

सैय्यद अब्दुल मलिक अनु. : लोकनाथ भराली पृ. 166 ₹ 140.00 (2024)

यह कहानी है असम के डालिम गाँव के गुलच की, जिसका जीवन चेनिमाइ, कपाही तथा तरा नामक स्त्रियों के आसपास इस तरह विभिन्न संघर्षो के बीच बढ़ता है कि गाँव का जीवन सारे परिवेश सहित चमकने लगता है। प्रेम संघात ही उपन्यास का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के क्रोध से लड़ने की शक्ति का भी वर्णन है। ISBN 978-81-237-2835-3

76. स्त्रीधन

मायानन्द मिश्र पृ. 352 ₹260.00 (2024)

सूत्र स्मृतिकालीन मिथिला के इतिहास पर आधारित प्रस्तुत उपन्यास मिथिला में राजतंत्र की समाप्ति, जनक वंश के अंतिम राजा कराल जनक के अन्याय, दुराचार, नीतिविरोधी प्रवृत्ति, स्वेच्छाचार और एक कुँवारी कन्या के साथ किये गए दुर्व्यवहार के कारण उसके पतन की कहानी है।

ISBN 978-81-237-4910-5

77. स्मृति : एक प्रेम की

कृष्ण खटवाणी अनु. : मोतीलाल जोतवाणी पृ. 94 ₹ 100.00 (2024)

यह उपन्यास मानवीय संबंधों के आकलन, गहन भावना और संवेदनशील कथानक के लिए सिंधी साहित्य में एक मील का पत्थर है। ISBN 978-81-237-1460-8

78. स्वर्ण क्षेत्र में स्वागत है

महेन्द्र अनु. : जे.एल. रेड्डी पृ. 66 ₹ 85.00 (2024)

मानव जीवन की स्पर्द्धामय परिस्थितियों को केंद्र में रखकर लिखा गया तेलुगु का उपन्यास। हिंदी अनुवाद साहित्य अकादेमी द्वारा पुरस्कृत। ISBN 978 81-237-2915-2

79. स्वर्णलता

तिलोत्तमा मिश्र अनु. : चन्द्रमुखी जैन पृ. 192 ₹ 45.00 (1998)

उन्नीसवीं सदी के मध्य और शेष भाग में असम के भीतर सीमित सामाजिक, राजनीतिक आलोड़न और नारी जीवन में शिक्षा के प्रवेश से हुए परिवर्तन को चित्रित करता हुआ श्रेष्ठ उपन्यास।

ISBN 81-237-2426-8

80. स्वेच्छा

ओल्गा अनु. : आर. शांता सुंदरी पृ. 138 ₹ 60.00 (2012)

नारी सशक्तीकरण की दिशा में अपने को समर्पित कर देने वाली कथा लेखिका ओल्गा का चर्चित नारीवादी उपन्यास। ISBN 978-81-237-4114-7

81. साउथाल

हरजीत अटवाल अनु. : सुभाष नीरव पृ. 272 ₹ 210.00 (2024)

साउथाल एक अलग तरह का उपन्यास है जो लंदन के एक उपनगर 'साउथाल' में बसे भारतीय लोगों, विशेषकर पंजाबी लोगों की दैनिक कशमकश को बखूबी चित्रांकित करता है।

ISBN 978-81-237-6821-2

82. हरी पत्तियों की गाथा

रास्ना बरुआ अनु. : महेन्द्र नाथ दुबे पृ. 304 ₹ 90.00 (2002)

असम जनपद और चाय-बागान की जीवन-पद्धति की उलझी-सुलझी स्थितियों, अमानवीय क्रियाकलापों, असंकोच, दैहिक आकर्षण और कामनाओं का मनोहर चित्र प्रस्तुत करता हुआ असमिया उपन्यास। ISBN 81-237-3912-5

83. हाल मुरीदों का

कर्त्तार सिंह दुग्गल अनु. : विजय चौहान पृ. 504 ₹ 70.00 (1997)

आजादी के पूर्व के पंजाब (अव पाकिस्तान) और आजादी के बाद के भारत के इतिहास का दस्तावेज और पंजाब के ग्रामीण जीवन के सजीव चित्रण के साथ विभाजन के समय भड़के दंगों की यथार्थ प्रस्तुति है यह उपन्यास। ISBN 81-237-0220-4

नाटक/एकांकी

1. आठ असमिया एकांकी और पियली फुकन

प्रफुल्ल दत्त गोस्वामी (संपा.) अनु. : नवारुण वर्मा पृ. 268 ₹ 265.00 (2024)

हास्य-व्यंग्य से लेकर हर तरह की गंभीरता से परिपूर्ण आठ असमिया एकांकियों का संकलन।
ISBN 978-81-237-1240-6

2. गुजराती एकांकी

ए.एम.रावल (संपा.) अनु. : शशि शर्मा पृ. 192 ₹ 40.00 (2005)

गुजराती साहित्य के बारह एकांकियों का महत्वपूर्ण संकलन, जिसमें गुजराती एकांकी साहित्य के प्रतिनिधि रूप साफ होते हैं। ISBN 978-81-237-4055-7

3. तीन पंजाबी नाटक (संकलन)

अनु. : कर्त्तार सिंह दुग्गल, बालकराम नागर पृ. 180 ₹ 50.00 (2003)

बीसवीं शताब्दी के पाँचवें-छठे दशक में लिखे एवं विशेष रूप से चर्चित तीन पंजाबी नाटकों (लेखक : बलवंत गार्गी, कर्त्तार सिंह दुग्गल, संत सिंह सेखों) का संकलन। ISBN 81-237-4056-5

4. पं. लक्ष्मी नारायण मिश्र के श्रेष्ठ एकांकी

विश्वम्भर नाथ मिश्र (संपा.) पृ. 186 ₹ 160.00 (2024)

भारत की राजनीतिक, सामाजिक व पारिवारिक स्थितियों का सटीक वर्णन करते, रोचक भाषा शैली में लिखे एकांकियों का संकलन। ISBN 978-81-237-6312-5

5. पूजाघर

जी. शंकर पिल्लई अनु. : राम नारायण सिंह पृ. 108 ₹ 125.00 (2016)

'पूजाघर', 'स्नेहदूत' तथा 'काले देव की खोज' शीर्षक से तीन नाटकों का संग्रह। 'पूजाघर' में बुद्ध के जीवन और उपदेशों का नाट्य रूपांतरण है। ISBN 978-81-237-7945-4

6. नट सम्राट

वि.वा. शिरवाडकर अनु. : र.श. केलकर पृ. 84 ₹ 20.00 (1996)

मराठी नाटक की वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा के प्रतिनिधि नाटककार शिरवाडकर द्वारा लिखा गया नाटक, जो सामान्य व्यक्ति की दुखप्रद कहानी है और रमणीय भाषा शिल्प में है।
ISBN 81-237-1906-X

7. नये हिंदी लघु नाटक

नेमिचंद्र जैन (संपा.) पृ. 220 ₹ 190.00 (2024)

इस संकलन में मोहन राकेश, विपिन कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र वर्मा, मणि मधुकर, रामेश्वर प्रेम, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, रमेश बक्षी, ललित मोहन थपलियाल, शांति मेहरोत्रा, शंभुनाथ सिंह आदि दस नाटककारों के लघु नाटक हैं। ISBN 81-237-0765-7

8. नवान्न

बिजन भट्टाचार्य अनु. : नेमिचंद्र जैन पृ. 98 ₹ 35.00 (2002)

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के समय में बंगाल जिस अकाल से जूझ रहा था और समाज में अमानवीयता का जो वातावरण फैला हुआ था, उसका जीवंत चित्र प्रस्तुत करता हुआ प्रसिद्ध बांग्ला नाटक। ISBN 81-237-3776-9

9. मंदिर का हाथी

ओमचेरी एन.एन.पिल्लै अनु. : एच. बालसुब्रह्मण्यम पृ. 70 ₹ 85.00 (2024)

केरल के मंदिरों के उत्सवों-मेलों के अवसर पर प्रस्तुत की जाने वाली कथाओं के आधार पर लिखा गया यह मलयालम नाटक यथार्थ का लैंडस्केप है। ISBN 978-81-237-2927-5

10. मेरे प्रिय नाटक

सुरेंद्र वर्मा पृ. 380 ₹ 375.00 (2023)

प्रस्तुत संग्रह में पाँच नाटकों को संग्रहीत किया गया है। इन नाटकों की मूल विषयवस्तु भारतीय संस्कृति और इतिहास के विविध पक्षों को वर्तमान संदर्भ में उद्घाटित करती है। सभी नाटक मानवीय संबंधों में आए बिखराव और समसामयिक समस्याओं को केंद्र में रखकर लिखे गए हैं।

ISBN 978-81-237-7376-6

11. वनहँसी और श्वेत पद्म

मनोरंजन दास अनु. : शंकर लाल पुरोहित पृ. 108 ₹ 8.00 (1970)

ओड़िया के विलक्षण नाटक का हिंदी अनुवाद, जहाँ एक साथ मानव जीवन के कई उलझे सवालों को रेखांकित किया गया है।

12. समकालीन पंजाबी नाटक

चरन दास सिद्धू (संपा.) अनु. : अमरजीत कौर पृ. 108 ₹ 110.00 (2024)

पंजाबी के तीन महत्वपूर्ण नाटकों का संकलन, जो विषय, तकनीक और प्रस्तुति—तीनों दृष्टियों से पंजाबी साहित्य को समृद्ध करता है। ISBN 978-81-237-3216-9

13. हिंदी एकांकी

चन्द्रगुप्त विद्यालंकार (संपा.) पृ. 228 ₹ 185.00

यह हिंदी की दस प्रमुख एकांकियों का संकलन है। इसमें उदयशंकर भट्ट, रामकुमार वर्मा तथा अश्क जैसे महत्वपूर्ण एकांकीकारों के एकांकी संकलित हैं। ISBN 978-81-237-2143-9

निबंध

1. काली माटी के अंचल से

कि.राजनारायणन अनु. : एच. बालसुब्रह्मण्यम पृ. 208 ₹ 39.00 (1996)

तमिल से अनूदित इस पुस्तक में तमिलनाडु के ग्रामांचल की जनता के जीवन की समस्याएँ, उसके आचार-विचार, रहन-सहन आदि के दृश्य चित्रित हुए हैं। ग्रामीण अंचल की सुगंध से सुवासित इन निबंधों में लेखक के जनसंबंध भी दिखते हैं।

ISBN 81-237-1879-9

2. आबेहयात

मो. हुसैन आजाद अनु. : जाफ़र रजा पृ. 176 ₹ 65.00 (2024)

उर्दू भाषा साहित्य के उद्भव से लेकर सन् 1880 तक का प्रामाणिक इतिहास, जो उर्दू अदब की धरोहर है। ISBN 81-237-4244-4

3. गति और रेखा

विद्यानिवास मिश्र पृ. 132 ₹ 185.00 (2023)

यह संचयन हिंदी की उस विधा की ओर संकेत करता है जो 'ललित निबंध' के रूप में जानी जाती है। इसमें संकलित निबंधों के रचनाकार हैं : प्रेमघन, अनाम, बनारसीदास चतुर्वेदी, रायकृष्ण दास, राहुल सांकृत्यायन, महादेवी वर्मा, रघुवीर सिंह, अज्ञेय, रघुवंश, विद्यानिवास मिश्र और कृष्णनाथ।

4. गुजराती ललित निबंध

प्रवीण दरजी (संपा.) अनु. : गोपाल दास नागर पृ. 142 ₹ 35.00 (2000)

गुजराती ललित निबंध के क्रमिक विकास एवं वर्तमान स्वरूप को चिह्नित करता श्रेष्ठ ललित निबंधों का एक संग्रह, जहाँ अपने वजूद के साथ साहित्य भी है और समाज भी।

ISBN 81-237-2942-1

5. डबरे पर सूरज का बिंब (मुक्तिबोध की गद्य रचनाएँ)

चंद्रकांत देवताले (संपा.) पृ. 280 ₹ 215.00 (2024)

स्वातंत्र्योत्तर काल के हिंदी साहित्य के श्रेष्ठ कवि एवं चिंतक गजानन माधव मुक्तिबोध के चुने हुए निबंधों का संकलन। ISBN 978-81-237-3880-2

6. देवी शंकर अवस्थी : संकलित निबंध

मुरली मनोहर प्रसाद (संपा.) पृ. 236 ₹ 180.00 (2024)

हिंदी के श्रेष्ठ आलोचक देवी शंकर अवस्थी के चुने हुए निबंधों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5253-2

7. रामधारी सिंह दिनकर : संकलित निबंध

वीरेश कुमार (संपा.) पृ. 226 ₹ 180.00 (2024)

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के श्रेष्ठ निबंधों का संकलन। ISBN 978-81-237-5244-0

8. भारत की पहचान

गिरीश्वर मिश्र (संपा.) पृ. 282 ₹ 285.00 (2024)

भारत राष्ट्र, भारतीय मूल्य और परंपरा, भारत की सभ्यता, संस्कृति तथा भारत के लोक एवं धर्म के संबंध में मूर्धन्य विचारक-लेखक विद्यानिवास मिश्र के विचार आज भी बेहद प्रासंगिक हैं। विद्वान लेखक गिरीश्वर मिश्र द्वारा उनके ऐसे ही 31 लेखों का संचयन 'भारत की पहचान' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ISBN978-81-237-8918-7

9. भारती की ललित रचनाएँ

पेरियस्वामि तूरन (संपा.) अनु. : सरस्वती रामनाथ पृ. 126 ₹ 31.00 (2024)

सुब्रह्मण्य भारती के ललित निबंधों के इस संकलन में भारती के विचार प्रतिबिंबित होते हैं। समकालीन समाज की विकृतियों को भारती के चिंतन ने जितना पैना और तर्कपूर्ण बनाया, वे अपने पूरे फलक के साथ यहाँ उपस्थित हैं। ISBN 81-237-1097-69

10. भूमंडलीकरण के दौर में : चुने हुए निबंध

प्रभाकर श्रोत्रिय पृ. 324 ₹ 235.00 (2024)

प्रस्तुत निबंध संग्रह में लेखक ने समकालीन मुद्दों को केंद्र में रखा है। इस संग्रह में उनसठ निबंधों को संग्रहीत किया गया है। ISBN 978-81-237-7017-8

11. लेखिकाओं की दृष्टि में महादेवी वर्मा

चन्द्रा सदायत (संपा.) पृ. 236 ₹ 185.00 (2024)

इस पुस्तक में संकलित महादेवी जी के समकालीन से लेकर आज तक की युवा लेखिकाओं के अठारह निबंधों में उनके संपूर्ण रचना संसार पर विचार किया गया है।

ISBN 978-81-237-5571-7

12. मैनेजर पांडेय : संकलित निबंध

पृ. 278 ₹ 215.00 (2024)

हिंदी आलोचना में नई दृष्टि स्थापित करने वाले, समाजशास्त्रीय पद्धति से साहित्य चिंतन करने वाले प्रसिद्ध आलोचक मैनेजर पाण्डेय के चुने हुए आलोचनात्मक निबंधों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5248-8

13. व्यथा की बात

जोसफ मॅकवान अनु. : गोपालदास नागर पृ. 182 ₹ 155.00 (2024)

उपन्यास के पाठ का आनंद देने वाले गुजराती रेखाचित्रों का सुसज्जित संकलन। प्रभाव में ये रचनाएँ पूरे देश के राग-द्वेष, जय-पराजय को उजागर करती हैं।

ISBN 978- 81-237-3791-1

14. वाद्य वृंद

विद्यानिवास मिश्र पृ. 208 ₹ 90.00 (2012)

एक पूरे दौर की भाषा, संस्कृति, कला, इतिहास, दर्शन, लोक और समाज को समेटता मूर्धन्य साहित्यकार विद्यानिवास मिश्र के 29 निबंधों का संकलन, जिसमें उनके यात्रा विवरण, संस्मरण, रेखाचित्र आदि को समाविष्ट किया गया है। ISBN 978-81-237-4330-1

15. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी : संकलित निबंध

पृ. 248 ₹ 225.00 (2023)

पुस्तक में न केवल राज्य, धर्म, विचारधारा, साहित्य, स्त्री, कविता आदि विविध विषयों पर तर्कपूर्ण, विचारपरक आकलन-विश्लेषण है वरन भारतीय साहित्य के अनेक पुरोधाओं की रचना एवं उनके रचनाकार-व्यक्तित्व पर भी आलोचनात्मक लेख हैं।

ISBN 978-81-237-7230-1

16. श्रेष्ठ पंजाबी गद्य रचनाएँ

कुलबीर सिंह कांग अनु. : कुलवंत कोछड़ पृ. 246 ₹ 200.00 (2024)

बीसवीं सदी के प्रारंभ से लेकर अंत तक, पंजाबी निबंध लेखन में हर क्षेत्र से उभरकर आए चुनिंदा लेखकों की रचनाओं का श्रेष्ठ संचयन। ISBN 978-81-237-4784-2

17. संकलित पंजाबी निबंध

अमर कोमल (संपा.) अनु. : फूलचंद मानव पृ. 378 ₹ 480.00

पुस्तक में श्रद्धाराम फिल्लौरी, प्रो. पूर्ण सिंह आदि 58 लेखकों के पंजाबी निबंध संकलित हैं। गद्य के वर्तमान स्वरूप में समाज सुधार, धार्मिक उत्थान के प्रचार, ज्ञानविज्ञान, राजनीति, पत्रकारिता के विषय, यात्राएँ आदि पर निबंध लिखे गए हैं। यह पुस्तक दो भागों में बाँटी गई है। संपादक की ओर से पुराने निबंधकारों के निबंध 'प्राचीन मिठास' और नए लेखकों के निबंध 'नया प्रकाश' शीर्षक के अधीन चुनकर यह पुष्प-गुच्छ तैयार किया गया है।

ISBN 978-93-549-1945-9

18. हजारीप्रसाद द्विवेदी : संकलित निबंध

नामवर सिंह (संपा.) पृ. 126 ₹ 120.00 (2024)

हिंदी साहित्य की अविच्छिन्न विकास परंपरा को समृद्ध करने वाले आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के ललित निबंधों का ऐसा संकलन, जहाँ सामान्य ढंग से बहुत बड़ी-बड़ी बातें की गई हैं।

गहन-गंभीर और दर्शन-प्रधान बातें भी यहाँ मनोरंजक, सहज, सरल और सुबोध हो जाती हैं।

ISBN 978-81-237-0534-7

19. हरिशंकर परसाई के निबंध

श्याम कश्यप (संपा.) पृ. 222 ₹ 180.00 (2024)

हिंदी व्यंग्य को नवजीवन और नव दृष्टि देनेवाले प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की श्रेष्ठ रचनाओं का संकलन। ISBN 978-81-237-4889-4

व्यक्ति-चित्र

1. सूरज मंदिर की सीढ़ियाँ

सुरजीत पातर अनु. : सुखचैन पृ. 000 ₹ 000.00 (2024)

पंजाबी की एक श्रेष्ठ कृति का हिंदी अनुवाद। इस पुस्तक में लेखक के कतिपय साहित्यिक मित्रों के संबंध में लेखक द्वारा रोचक भाषा में व्यक्ति-चित्र प्रस्तुत किया गया है।

हास्य-व्यंग्य

1. हिंदी हास्य-व्यंग्य संकलन

श्रीलाल शुक्ल, प्रेम जनमेजय (संपा.) पृ. 244 ₹ 195.00 (2024)

भारतेन्दु काल से लेकर आज तक के हिंदी व्यंग्य साहित्य की गुणवत्ता का ग्राफ प्रस्तुत करता हुआ एक श्रेष्ठ संकलन, जिसमें उनचास प्रतिनिधि व्यंग्यकारों की प्रतिनिधि रचनाओं को संकलित किया गया है। ISBN 978-81-237-2055-5

भोजपुरी साहित्य

1. कुछ हमार, कुछ राउर

तुषार कांत उपाध्याय पृ. 98 ₹ 115.00 (2024)

भोजपुरी समाज परंपरा और आधुनिकता को जीता एक विकासशील समाज है। पुरानी मान्यताओं के खंडन और नई के (महिमा) मंडन से समाज में जो द्वैत्य और द्वंद्व उपजा है उसी ने कथाकार को कथा-रचना के लिए खाद-पानी उपलब्ध कराया है। विभिन्न भाव बोधों पर लिखी ग्यारह भोजपुरी कहानियों का एक भीना-भीना गुलदस्ता। ISBN 978-81-237-9288-0

2. गोरख पाण्डेय के भोजपुरी गीत

जीतेंद्र वर्मा (संपा.) पृ. 40 ₹ 30.00 (2013)

भोजपुरी के क्रांतिकारी कवि गोरख पाण्डेय के 16 भोजपुरी गीतों का संग्रह।

ISBN 978-81-237-5699-8

3. पूर्वी के धाह

जौहर शाफियाबादी पृ. 118 ₹ 45.00 (2012)

पंडित महेंदर मिसिर (1886-1946) के जीवनवृत्त पर आधारित संपूर्ण ऐतिहासिक उपन्यास।

ISBN 978-81-237-5828-2

मैथिली साहित्य

1. अक्खर खम्भा (मैथिली कविता संग्रह)

देवशंकर नवीन (संक. एवं संपा.) पृ. 394 ₹ 120.00 (2008)

स्वाधीनता के बाद की मैथिली कविताओं के इस संकलन में 60 कवियों की रचनाओं को शामिल किया गया है।

ISBN 978-81-237-5408-6

2. अबारा नहितन (उपन्यास : समसामयिक साहित्य)

केदार नाथ चौधरी पृ. 128 ₹ 120.00 (2015)

मैथिली भाषा की पहली फिल्म 'ममता गाबए गीत' के निर्माण की व्यथा-कथा है इस औपन्यासिक संस्मरणात्मक और आत्मकथात्मक पुस्तक में। लोकभाषा की मधूरिमा से संपृक्त एक रोचक कृति, जिसे पढ़ना मैथिली सिनेमा के इतिहास से होकर गुजरना है।

ISBN 978-81-237-7737-5

3. उड़नछू गोला (उपन्यास : समसामयिक साहित्य)

योगेंद्र पाठक 'वियोगी' पृ. 136 ₹ 160.00 (2023)

सैकड़ों वर्ष पूर्व मिथिला क्षेत्र से समुद्री यात्रा पर गया एक दल अपने गंतव्य से भटककर किसी टापू पर शरण लेता है। एक दिन अचानक वह टापू भी समुद्र में समा जाता है, किंतु लोग बच जाते हैं। तब वहाँ विकसित होती है एक जलमग्न सभ्यता। एक रोचक उपन्यास।

ISBN 978-81-237-9785-4

4. देसिल बयना

तारानन्द वियोगी (संपा.) पृ. 330 ₹ 240.00 (2022)

स्वातंत्र्योत्तरकालीन मैथिली कहानी की विकास यात्रा को रेखांकित करने वाली श्रेष्ठ कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5047-7

5. नेपाली बेंगक साहसिक काज (नेहरू बाल पुस्तकालय)

कनक मणि दीक्षित अनु. : योगानंद झा पृ. 112 ₹ 90.00

काठमांडू घाटी का एक युवा उत्साही मेंढक अपने देश की यात्रा करने का निश्चय करता है। नदी, पहाड़, खेत-खलिहान समेत हवाई जहाज के पायलट की जेब तक में बैठकर वह पूरे नेपाल की यात्रा करता है और इस क्रम में अपने अनुभवों से पाठक को गहरे तक जोड़ लेता है।

ISBN 978-81-237-9863-9

6. प्रभावती

उषाकिरण खान अनु. : श्यामचंद्र झा पृ. 108 ₹ 150.00 (2022)

प्रभावती जी का परिचय लोकनायक जयप्रकाश नारायण की अर्द्धांगिनी मात्र के रूप में न होकर एक साधिका एवं समाज सेविका के रूप में भी है। इनका जीवन-दर्शन लाखों महिलाओं के लिए प्रेरक और मार्गदर्शक के रूप में रहा। ऐसी ही प्रेरक व्यक्तित्व पर केंद्रित यह जीवनी-पुस्तक प्रभावती जी के अनेक अनछुए पहलुओं से भी पाठक को अवगत कराती है।

ISBN 978-93-5491-411-9

7. बच्चाक भाषा ओ अध्यापक : एकटा निर्देशिका (सृजनात्मक साहित्य)

कृष्ण कुमार अनु. : शुभंकर मिश्र पृ. 74 ₹ 40.00 (2006)

चर्चित शिक्षाविद् कृष्ण कुमार ने नर्सरी और प्राथमिक स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई को रुचिकर बनाने के लिए किए जा सकने वाले प्रयोगों का विवरण सरल भाषा में दिया है। इस पुस्तक के मूल संस्करण का प्रकाशन यूनिसेफ द्वारा किया गया था।

ISBN 978-81-237-1817-0

8. मैथिली कथा संचयन

शिवशंकर श्रीनिवास (संपा.) अनु. : प्रतिमा पृ. 278 ₹ 115.00 (2004)

मैथिली कथाकारों की चुनी हुई कहानियों का महत्वपूर्ण संकलन, जो एक साथ मैथिली कथा यात्रा के इतिहास का संक्षिप्त संकेत भी देता है, और मैथिली कथा साहित्य के विकास का प्रमाण भी।

ISBN 81-237-4368-4

9. मैथिली कविता संचयन

गंगेश गुंजन (संपा.) पृ. 248 ₹ 115.00 (2023)

विद्यापति से लेकर आज तक के 51 महत्वपूर्ण कवियों की श्रेष्ठ मैथिली कविताओं का चुनिंदा संकलन। ISBN 81-237-4459-9

10. रानी गाइदिन्ल्यू (नारी अग्रदूत)

जगदम्बा मल्ल अनु. : रामलोचन ठाकुर पृ. 180 ₹ 215.00 (2020)

पूर्वोत्तर भारत के मणिपुर से संबंध रखने वाली, स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने तथा हिंदू संस्कृति की रक्षा और पुनर्स्थापना को सन्नद्ध 'रानी माँ' नाम से प्रसिद्ध रानी गाइदिन्ल्यू के जीवन एवं कर्तृत्व पर जानकारीपरक रोचक पुस्तक। ISBN 978-81-237-9137-1

11. रानी लक्ष्मीबाई

वृंदावनलाल वर्मा अनु. : किशोर केशव पृ. 114 ₹ 130.00

अंग्रेजों की भारी-भरकम फौज से टक्कर लेने के लिए हाथ में तलवार लिये घोड़े पर सवार हो अकेले निकल पड़ने के जज्बे का नाम है रानी लक्ष्मीबाई। ऐसी ही वीरांगना के व्यक्तित्व और कर्तृत्व को उकेरता यह उपन्यास। ISBN 978-81-237-0486-9

राजस्थानी साहित्य

1. विजयदान देथा री सिरै कथावाँ

पृ. 224 ₹ 170.00

राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध कथाकार और भारतीय लोककथा के विख्यात उद्गाता विजयदान देथा की चुनी हुई राजस्थानी कहानियों का श्रेष्ठ संकलन। ISBN 978-81-237-4916-7

डोगरी साहित्य

1. सोच (निबंध संग्रह)

वेद राही पृ. 146 ₹115.00 (2012)

समय-समय पर लिखे गए बेहतरीन व्यक्तित्व और महत्वपूर्ण विषयों पर वरिष्ठ लेखक के आलेख।

ISBN 978-81-237-6478-8

संस्कृत साहित्य

1. ईदगाह

मूलम् : प्रेमचन्दः अनु. : श्यामला पृ. 32 ₹65.00 (2024)

न्यास की पुस्तक का संस्कृत अनुवाद।

ISBN 978-81-237-9322-1

2. गान्धि-तत्त्व-शतकम्

मङ्.गेश-वेङ्.कटेश-नाड्कर्णिना-विरचितम् पृ. 68 ₹90.00 (2024)

यह पुस्तक 108 छंदों का एक सेट है जिसमें महात्मा गांधी के जीवन, कार्य और दर्शन के महत्वपूर्ण आयामों को समेटा गया है। ISBN 978-81-237-8093-1

3. गुरुनानकवाणी

भाई-जोध-सिंह अनु. : ओमनदीप शर्मा (ओमनः) पृ. 104 ₹ 170.00 (2021)

गुरुवाणी के इस संग्रह में केवल गुरु नानक देव जी की वाणी को अलग-अलग शीर्षक में प्रस्तुत कर उनके धार्मिक, सदाचारी, सामुदायिक तथा नैतिक विचारों और सिद्धांतों को प्रकट करने का प्रयास किया गया है। ISBN 978-81-237-9946-7

4. गौतम बुद्ध

मूलम् : लीला जार्ज अनु. : डॉ. नागरत्ना हेगडे पृ. 64 ₹70.00

न्यास की पुस्तक का संस्कृत अनुवाद।

ISBN 978-81-237-0430-2

5. चरैवेति! चरैवेति!!

राम नाईक पृ. 294 ₹605.00 (2024)

अपने युवावस्था में ही समाजसेवा के लिए नौकरी छोड़ देने वाले तथा मुंबई, महाराष्ट्र एवं अंततः संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक समाज सेवक तथा राजनेता-मंत्री के रूप में महत् जिम्मेवारी निभाने वाले 84 के पके वयस में भी एक राज्यपाल के रूप में अपने अभिभावकीय दायित्व का निर्वहन करने वाले उदारचेता, सहृदय, साहित्य हृदय राजनेता-समाजकर्मी के प्रेरणापूर्ण संस्मरणों का एक भीना-भीना गुलदस्ता है यह पुस्तक। ISBN978-81-237-8153-2

6. लोकचेतना और आध्यात्मिक साधना के वाहक श्री गुरुनानक देव जी

प्रो. कुलदीपचंद अग्निहोत्री अनु : बृहस्पति मिश्र पृ. 232 ₹275.00

प्रस्तुत पुस्तक सिख-संप्रदाय के संस्थापक गुरु नानकदेव जी के अलौकिक व्यक्तित्व एवं जीवन-दर्शन तथा तत्कालीन सामाजिक व सांस्कृतिक विचारधाराओं की उदात्तताओं के साथ ही

विदेशी आक्रांताओं के कारण उत्पन्न हुई कुरीतियों एवं संकीर्णताओं के ऐतिहासिक परिदृश्य को रेखांकित करती हुई गुरु नानक देव जी के अप्रतिम योगदान को विश्लेषित करती है।

ISBN 978-93-5491-918-3

7. सर्वेषां सहचर

मूलम् : उमाशंकरजोशी अनु. : सत्यनारायणभट्टः पृ. 32 ₹90.00 (2024)

न्यास की पुस्तक 'सबका साथी सबका दोस्त' का संस्कृत अनुवाद।

ISBN 978-81-237-9323-8

8. विरामः आगतः

मूलम् : रवीन्द्रनाथठाकूरः अनु. : श्रीमती हेगडे पृ. 16 ₹40.00 (2024)

न्यास की पुस्तक 'घरवापसी' का संस्कृत अनुवाद।

सिंधी साहित्य

1. 1857 जूं आखाण्यूं

ख़्वाजा हसन निज़ामी अनु. : ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी 'सरल' पृ. 72 ₹ 80.00 (2016)

1857 की क्रांति से जुड़े बहादुरशाह ज़फ़र, शहज़ादी, महज़माल आदि सहित 11 महत्वपूर्ण किरदारों के बारे में क्रांति के संदर्भ में एक परिचयात्मक पुस्तक। ISBN978-81-237-7897-6

2. विरिहाडेः जूं चूंड सिंधी कहाणियूं

कन्हैयालाल लेखवाणी (संकलन) पृ. 180 ₹ 190.00 (2017)

देश विभाजन पर लिखी 24 कथाकारों की मार्मिक और हृदयविदारक कहानियों का उत्कृष्ट संकलन।

ISBN 978-81-237-8072-6

3. भारत जो आजादी आंदोलन ऐं : सिंध जा सूरमा

लक्ष्य टेकचंदानी पृ. 56 ₹ 110.00 (2022)

सिंधी समाज के तमाम अज्ञात परमवीर सूरमाओं को समर्पित यह पुस्तक अखंड भारत के सिंध प्रांत के उन महान सपूतों के अद्वितीय शौर्य का दृष्टिकोण रखने का प्रयास करती है, जो भारत के अन्य तमाम स्वतंत्रता सेनानियों संग अडिग रूप से डटे रहे और विदेशी शासकों को अपनी प्रचंडता से गतिहीन कर दिया था। इन योद्धाओं में सिंधी बालक, बालिकाएँ, नौजवान, महिलाएँ, छात्र, शिक्षक शामिल थे, जिन्होंने राष्ट्र की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व उत्सर्ग कर दिया था।

ISBN 978-93-5491-497-3

हिमाचली साहित्य

1. हिमाचली लोककथां

संपा. : प्रत्यूष गुलेरी पृ. 92 ₹45.00 (2008)

प्रस्तुत लोककथा संग्रह में 24 लोककथाएँ शामिल हैं। ये लोककथाएँ हिमाचली समाज और संस्कृति में रची-बसी हैं। ISBN 978-81-237-5229-7

समसामयिक साहित्य

1. 21वीं सदी की कहानियाँ

अनंत विजय (संच. व संपा.) पृ. 324 ₹ 330.00 (2024)

21 कहानीकारों की 21 कहानियों का संचयन पुस्तक में किया गया है जिसमें कि कहानियों के माध्यम से अलग-अलग विषयों को उठाया और उसमें यथार्थ और कल्पना के रंग भरकर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। ISBN978-81-237-8743-5

2. अंडमान की चुनिंदा कहानियाँ

व्यास मणि त्रिपाठी (संपा.) पृ. 108 ₹ 140.00 (2020)

कालापानी का सेलूलर जेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों पर हुए बर्बर अत्याचारों का ऐसा अध्याय रहा है, जो तत्कालीन अंग्रेज सरकार की सामंतवादी सोच को उजागर करता है। कालापानी जैसे सुदूर क्षेत्र में रहकर हिंदी में कहानी लिखने वालों की रचनाएँ वास्तव में उस धरती के इतिहास, संस्कृति, संघर्ष, आचार-व्यवहार का जीवंत चित्र हैं। इस संकलन में ऐसे ही 16 लेखकों की कहानियों को संकलित किया गया है। ISBN 978-81-237-9251-4

3. अरविंद तिवारी : संकलित व्यंग्य

अरविंद तिवारी पृ. 122 ₹ 145.00 (2024)

इस संकलन में प्रस्तुत 40 रचनाओं में व्यंग्य के प्रचलित रूप, यथा उपहास, कटाक्ष, आक्षेप, विनोद वचन, विडंबना आदि शामिल हैं। लोक जीवन और भोगे हुए यथार्थ की विषय-वस्तु वाले ये व्यंग्य भाषा की यथासंभव आम बोलचाल की शैली में हैं। हम चोरों के आभारी हैं, मास्टरजी जिंदा हैं, साहित्य की बैलेंस शीट, ईर्ष्या की सुनामी जैसे स्तरीय व्यंग्य पुस्तक में संगृहीत हैं।
ISBN 978-81-237-9535-5

4. अश्विनीकुमार दुबे : संकलित व्यंग्य

पृ. 200 ₹ 220.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में संकलित 39 व्यंग्य रचनाएँ लेखक की व्यंग्य यात्रा को दर्शाती हैं। इन व्यंग्यों की यह विशेषता है कि इसमें लेखक ने व्यंग्य का पुट शामिल करने के लिए अपनी भाषा को नहीं बिगाड़ा। ये व्यंग्य रचनाएँ कहानी और निबंध की शक्ल में हैं। इसमें शामिल किए गए कुछ व्यंग्यों के विशय इस प्रकार हैं : शहर बंद, हाय! हम न हुए दिल्ली में, वर्मा जी व्यस्त हैं, चला मुरारी देश-सेवा करने, बिना पूँजी का धंधा, बारात और मंत्री जी, साहित्यिक जलसा, हाथ मिलाते रहिए, थाने में बजरंगबली, रामदीन बाबू की कथा आदि। ISBN 978-81-237- 8881-9

5. अज्ञेय : प्रतिनिधि निबंध

कृष्ण दत्त पालीवाल (संपा.) पृ. 276 ₹ 215.00 (2024)

भारतीय साहित्य के कालजयी रचनाकारों में अग्रगण्य सच्चिदानंद हीरानंद वात्सायन 'अज्ञेय' के 32 निबंधों का संकलन। ISBN 978-81-237-6329-3

6. अज्ञेय की प्रतिनिधि कहानियाँ

कृष्णदत्त पालीवाल (संपा.) पृ. 206 ₹ 180.00 (2024)

भारतीय साहित्य के कालजयी रचनाकारों में अग्रगण्य सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' की इक्कीस कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-6253-1

7. अज्ञेय : संकलित कविताएँ

नामवर सिंह (चयन और भूमिका) पृ. 150 ₹ 85.00 (2011)

भारतीय साहित्य के कालजयी रचनाकारों में अग्रगण्य सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' की कविताओं का संग्रह। ISBN 978-81-237-6120-6

8. अब्दुल बिस्मिल्लाह : श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 160 ₹ 180.00 (2024)

अब्दुल बिस्मिल्लाह की कहानियों की खासियत गरीब लोगों का जीवन-संघर्ष और पुरबिया बोली है। प्रस्तुत संकलन में लेखक की ऐसी ही 20 कहानियाँ संकलित की गई हैं जो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देशज जीवन के अभाव, सुख-दुख, पर्व, उल्लास आदि को रेखांकित व जीवंत करती हैं।

ISBN978-81-237-8018-4

9. असग़र वजाहत : श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 186 ₹ 205.00 (2024)

27 कहानियों के इस संग्रह में दुख-तकलीफ, गरीबी और शोषण के प्रति कथाकार की कसक और टीस एक धारदार व्यंग्य के रूप में उभरकर आई है। ISBN 978-81-237-7385-8

10. इतर प्रवासी महिला कथाकारों की कहानियाँ

डॉ. सुधा ओम ढींगरा (चयन एवं संपा.) पृ. 264 ₹ 270.00 (2017)

संकलनकर्ता ने इस संग्रह को तैयार करते समय पाठकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए श्रेष्ठ रचनाओं का चयन किया है। ISBN 978-81-237-7351-X

11. उद्भ्रांत : श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 142 ₹ 160.00 (2024)

संघर्षशील सर्वहारा के पक्ष में उनके संघर्ष, दर्द, उनकी समस्या तथा श्रम और पूँजी के अंतर्विरोध आदि को रूपायित करती कवि-कथाकार की 14 कहानियों का संग्रह।

ISBN 978-81-237-7629-3

12. उर्मिला शिरीष की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 208 ₹ 185.00 (2024)

इस संग्रह में नौ कहानियाँ संग्रहीत की गई हैं। ये कहानियाँ समकालीन मानवीय संबंधों और संवेदनाओं को बड़े ही मार्मिक ढंग से उकेरती हैं। ISBN 978-81-237-7665-1

13. उषाकिरण खान : संकलित कहानियाँ

पृ. 140 ₹ 140.00 (2024)

लेखिका की प्रस्तुत 21 कहानियों में स्त्री के करुणा और संघर्षशील जीवन की बयानी, भावनाओं का अछूतापन, सामाजिक दोगलापन, जातिभेद व लिंगभेद से जुड़ी समस्याओं को रेखांकित किया गया है।

ISBN 978-81-237-7118-2

14. उषा यादव : संकलित कहानियाँ

पृ. 220 ₹ 175.00 (2023)

आधुनिक हिंदी कथा-धारा की सुपरिचित महिला कथाकार की 21 चुनी हुई कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5895-4

15. कमल कुमार : श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 250 ₹ 270.00

पारिवारिक विघटन, पारिवारिक रिश्तों की असंगतियाँ, सामाजिक विसंगतियाँ और सामाजिक दोगलापन, धर्मभेद, जातिभेद तथा लिंगभेद जैसी समस्याओं को केंद्र में रखकर बुनी गई, मानवीय अंतर्संबंधों की गहरी संवेदनाओं को रेखांकित करती बाईस कहानियों का पठनीय संग्रह।

ISBN 978-81-237-7390-2

16. कुबेरनाथ राय : संकलित निबंध

चयन एवं संपादन : *मनोज कुमार राय* पृ. 244 ₹ 315.00

यह पुस्तक कुबेरनाथ राय के 21 प्रसिद्ध निबंधों का संग्रह है। पुस्तक तथ्यपरक तथा पौराणिक कथाओं के माध्यम से प्रकृति-बोध के साथ-साथ जल, जंगल, पशु, पक्षी, दिवस, रात्रि और नक्षत्रों पर केंद्रित; 'सप्तऋषि-मंडल' की एक झाँकी प्रस्तुत करती है। पुस्तक पाठकों के लिए भारत तथा भारतीयता के विभिन्न आयामों से परिचय का माध्यम हो सकती है।

ISBN 978-93-5491-004-3

17. कुसुम अंसल : संकलित कहानियाँ

पृ. 256 ₹ 190.00

बेहतरीन कहानियों का संग्रह जिसमें वक्त की परछाइयाँ रचनात्मक धरातल पर मौजूद हैं। आप सहयात्री होना चाहेंगे।

ISBN 978-81-237-6661-4

18. केदारनाथ अग्रवाल : संकलित कविताएँ

विश्वनाथ त्रिपाठी (चयन और भूमिका) पृ. 110 ₹ 155.00

केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं में सुख, सौंदर्य और श्रम की अभिव्यक्ति का स्वर मुखरित हुआ है। प्रगतिशील हिंदी कविता को कालजयी गरिमा देने वाली रचनाओं का संकलन।

ISBN 978-81-237-6122-0

19. कृष्णदत्त पालीवाल के प्रतिनिधि निबंध

कृष्णदत्त पालीवाल (संपा.) पृ. 266 ₹ 275.00 (2024)

कृष्णदत्त पालीवाल द्वारा अलग-अलग समय पर लिखे गए निबंधों का यह संकलन पाठकों में एक दृष्टिपरक अंतर्योजना का अनुभव कराता है। इन निबंधों में वे तलाशते हैं कि रचनाकार अपने समय के सृजन-संकट की विडंबनाओं से किस तरह जूझा है, उसकी काव्यानुभूति की निर्मिति का स्वरूप कैसा है। प्रस्तुत संकलन में विभिन्न साहित्यकारों को शामिल किया गया है;

यथा–महादेवी वर्मा, रघुवीर सहाय, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, कुँवरनारायण, गिरिजाकुमार माथुर, शमशेर बहादुर सिंह, भवानी प्रसाद मिश्र, अज्ञेय, विजयदेव नारायण साही, धूमिल, राजकमल चौधरी, विनोद कुमार शुक्ल आदि। ISBN 978-81-237-8829-0

20. गिरिराजशरण अग्रवाल : श्रेष्ठ व्यंग्य

गिरिराजशरण अग्रवाल पृ. 180 ₹ 195.00 (2024)

लगभग पाँच दशक से एक कवि, आलोचक, कहानीकार, नाटककार, संपादक के रूप में सतत रचनाशील लेखक की 33 व्यंग्य रचनाओं का संकलन ISBN 978-81-237-7880-5

21. गुरबक्श सिंह प्रीतलड़ी की चुनिंदा कहानियाँ

डॉ. बलदेव सिंह बद्दन (संच. एवं संपा.)अनु. : केवल गोस्वामी पृ. 512 ₹ 410.00 (2024)

पंजाबी लेखक गुरबक्श की कहानियाँ घटना-प्रधान हैं। सभी जानते हैं कि गुरबक्श सिंह को भाषा एवं शैली के प्रयोग में महारथ हासिल है। अपनी कहानियों के माध्यम से प्रीतलड़ी ने जीवन की प्राचीन सामाजिक, नैतिक, धार्मिक एवं पारंपरिक मूल्यों के स्थान पर नए जीवन के मूल्यों से परिचय करवाकर पंजाबी भाषा, साहित्य को और सभ्याचार को नई दिशा दी है। इस संचयन में उनकी 48 अनूदित कहानियाँ हैं। ISBN978-81-237-7788-4

22. गोपबंधु चयनिका

प्रीतीश आचार्य (संक. एवं संपा.) अनु. : अरुण होता पृ. 294 ₹280.00 (2024)

बीसवीं शताब्दी के समय में गोपबंधुदास की भूमिका उल्लेखनीय रही है। इस पुस्तक में इनके कुछ चुने हुए निबंध संग्रहीत हैं। ISBN 978-81-237-7169-4

23. गोपाल चतुर्वेदी : संकलित व्यंग्य

पृ. 174 ₹150.00 (2024)

वर्तमान समय के महत्वपूर्ण व्यंग्य हस्ताक्षर के तीस व्यंग्यों का संकलन।

ISBN 978-81-237-6305-7

24. गोपाल सिंह नेपाली : संकलित कविताएँ

नंदकिशोर नंदन (संपा.) पृ. 208 ₹ 160.00 (2024)

प्रखर प्रतिभा के धनी राष्ट्रवादी चेतना से संपृक्त गोपाल सिंह नेपाली की चर्चित और महत्वपूर्ण रचनाओं का संचयन है यह कविता पुस्तक। ISBN 978-81-237-6657-7

25. गोरख पाण्डेय के भोजपुरी गीत

जीतेन्द्र वर्मा (संपा.) पृ. 36 ₹30.00 (2013)

किसान आंदोलन और प्रगतिशील विचारधारा से गहरे रूप में जुड़े रहे कवि एवं चिंतक गोरख पाण्डेय के भोजपुरी गीतों का संकलन। ISBN 978-81-237-5699-8

26. गोविंद मिश्र : श्रेष्ठ कहानियाँ पृ. 324 ₹280.00 (2024)

वरिष्ठ रचनाकार की ये कहानियाँ पाठकों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करती हैं; साथ ही उन्हें संस्कारों के प्रति तैयार भी करती हैं। निस्संदेह संग्रह की कहानियाँ रोचक तो हैं ही, साथ ही भारतीयता का बोध कराने में भी समर्थ हैं। ISBN 978-81-237-7836-5

27. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की चर्चित कहानियाँ

पीयूष गुलेरी, प्रत्यूष गुलेरी (संपा.) पृ. 44 ₹ 75.00 (2024)

'उसने कहा था' से चर्चित कथाकार गुलेरी जी की ज्ञात और प्राप्त तीनों कहानियाँ संकलित हैं इस संकलन में।

ISBN 978-81-237-5376-8

28. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की संकलित कहानियाँ

कृष्णदत्त पालीवाल (संक.) पृ. 68 ₹ 110.00

सन् 1916 में 'सरस्वती' में प्रकाशित कहानी 'उसने कहा था' से चर्चा में आए गुलेरी जी की अन्य पाँच कहानियाँ और उनके विस्तृत रचना-संसार का परिचय करवाती पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7946-1

29. चंद्रकांता : संकलित कहानियाँ

पृ. 316 ₹ 235.00 (2024)

समकालीन महिला लेखक में एक विश्वसनीय नाम। इनकी कहानियाँ पढ़ते हुए ऐसा लगता है मानो सामने कोई दृश्य चल रहा है और आप हतप्रभ-से बैठे हैं। कभी स्थितियाँ आपको रोमानी बनाती हैं तो कभी विपरीत स्थितियों से जूझने की शक्ति भी प्रदान करती हैं।

ISBN 978-81-237-6901-6

30. चित्रा मुद्गल : संकलित कहानियाँ

पृ. 248 ₹ 185.00 (2024)

वरिष्ठ कथाकार की जमीन से जुड़ी कहानियों का संग्रह।

ISBN 978-81-237-5707-3

31. जयनंदन : संकलित कहानियाँ

पृ. 318 ₹ 330.00 (2024)

भारतीय संस्कारों और रिश्तों को समझाने में जयनंदन की कहानियाँ सर्वोपरि हैं। कहानियों में मानवीय संवेदना और सरोकार उभरकर आए हैं। बेहतरीन कहानियों का संग्रह।

ISBN 978-81-237-7416-9

32. जीवन संग्राम के योद्धा

दिव्यांग पात्रों की प्रसिद्ध कहानियाँ

संध्या कुमारी (संपा. एवं संक.) पृ. 404 ₹ 410.00 (2024)

क्या वर्ग, वर्ण, लिंग, परिवेश और दिव्यांगता के प्रकार की भिन्नता के कारण दिव्यांगों की समस्याएँ भिन्न-भिन्न हो जाती हैं? उन्हें रोज़मर्रा की ज़िंदगी में किन समस्याओं से रू-ब-रू होना पड़ता है, उनकी मुख्य और गौण समस्याएँ कौन-कौन सी हैं? इन प्रश्नों से संवाद करती, हिंदी के प्रख्यात लेखकों की 30 कहानियाँ इस संकलन में शामिल की गई हैं। इस संकलन के माध्यम से यह देखने का प्रयास किया गया है कि इन कहानियों में अभिव्यक्त दिव्यांग पात्रों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति कैसी है? इसमें 1900 ई. से अब तक की हिंदी की उन चुनिंदा कहानियों को लिया गया है जिनमें दिव्यांगता के किसी-न-किसी पहलू को स्पर्श किया गया है।

ISBN 978-81-237-8727-8

33. ज्ञान चतुर्वेदी : श्रेष्ठ व्यंग्य

पृ. 262 ₹ 235.00 (2024)

अत्यंत व्यंग्य की तीसरी पीढ़ी के सर्वाधिक सक्रिय व चर्चित व्यंग्यकार की व्यंग्य रचनाओं का विशिष्ट आस्वाद पुस्तक में प्रस्तुत हुआ है। सामाजिक विसंगतियों पर प्रहारक की भूमिका लिए तरकश संपन्न रचनाकार के कुछ चयनित व्यंग्य। ISBN 978-81-37-7682-8

34. तेजेन्द्र शर्मा की श्रेष्ठ कहानियाँ

तेजेन्द्र शर्मा भूमिका : मैत्रेयी पुष्पा पृ. 256 ₹ 280.00 (2024)

तेजेन्द्र शर्मा का जन्म व शिक्षा तो भारत में ही हुई, लेकिन जीवकोपार्जन के लिए लंदन गए तो वहीं के हो गए। उनकी कहानियों में प्रवासी भारतीयों की दिक्कतों, मनोदशा और दुविधाओं पर जोर दिया गया है। संकलन में उनकी 21 कहानियाँ हैं। ISBN 978-81-37-7409-1

35. नए हिंदी लघु नाटक

नेमिचंद जैन (संपा.) पृ. 250 ₹ 190.00 (2024)

मोहन राकेश से लेकर शंभुनाथ सिंह तक कुल ग्यारह नाटककारों के नाटकों का संकलन है यह।

ISBN 978-81-237-0765-5

36. नरेंद्र कोहली : श्रेष्ठ व्यंग्य

नरेंद्र कोहली पृ. 200 ₹ 205.00 (2016)

व्यंग्य लेखन में अपनी स्पष्टवादिता और कथ्य-वैविध्य के लिए मशहूर लेखक के 31 व्यंग्य रचनाओं का संकलन। ISBN 978-81-237-7881-5

37. नरेन्द्र मोहन : श्रेष्ठ नाटक

पृ. 302 ₹ 290.00 (2016)

कवि, आलोचक और नाटककार डॉ. नरेन्द्र मोहन के पाँच चर्चित नाटकों का संकलन।

ISBN978-81-237-7910-0

38. नलिन विलोचन शर्मा : संकलित निबंध

गोपेश्वर सिंह (संक.) पृ. 250 ₹ 210.00 (2024)

आलोचना के क्षेत्र में मनुष्य और समाज-सापेक्ष साहित्यिक दृष्टांत को प्रस्तुत करती श्रेष्ठ रचनाओं का संकलन। ISBN 978-81-237-5876-3

39. नागार्जुन : चयनित कविताएँ

मैनेजर पांडेय (चयन एवं संपादन) पृ. 268 ₹ 210.00 (2024)

हिंदी के प्रगतिशील कवि बाबा नागार्जुन की कविताओं का संकलन। संकलन में हिंदी, मैथिली, बांग्ला और संस्कृत में लिखी गई चुनिंदा कविताएँ संग्रहीत हैं। ISBN 978-81-237-5903-6

40. नागार्जुन : चयनित निबंध

शोभाकान्त (चयन एवं संपादन) पृ. 206 ₹ 160.00 (2024)

साहित्य सृजन और घुमक्कड़ी के साथ देश भर में चल रहे जनपक्षीय संघर्षों एवं सामाजिक सरोकारों से गहरे रूप में जुड़े रहे बाबा नागार्जुन द्वारा समय-समय पर लिखे गए महत्वपूर्ण निबंधों का संग्रह। ISBN 978-81-237-5989-0

41. नामवर सिंह : संकलित निबंध

पृ. 214 ₹ 175.00 (2024)

प्रख्यात समालोचक प्रो. नामवर सिंह के निबंधों का संग्रह। बुद्धिजीवियों और शोधार्थियों के लिए एक अनुपम पुस्तक है।

ISBN 978-81-237-5863-3

42. नज़ीर अकबराबादी

(अहवाल ओ इंतिख़ाब) *इब्ने कँवल (संपा. एवं अनु.)* पृ. 157 ₹ 140.00 (2014)

नज़ीर अकबराबादी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर एक महत्वपूर्ण एवं प्रामाणिक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7168-7

43. नासिरा शर्मा : संकलित कहानियाँ

पृ. 386 ₹ 280.00 (2024)

चर्चित कथाकार की बेहतरीन कहानियाँ जो आपको अपना बना लेने में कामयाब हैं। बहुत ही खूबसूरत कहानियाँ इसमें सम्मिलित की गई हैं।

ISBN 978-81-237-6767-3

44. नीरजा माधव : संकलित कहानियाँ पृ. 250 ₹ 280.00 (2024)

कथा या कहानी के माध्यम से जीवन की पुनर्रचना मनुष्य के भीतर ऊर्जा का संचार करती है और उसे अपने मूल से जोड़े रखती है। पुस्तक में 21 कहानियों का संकलन है। इन कहानियों में अधिकांश के पीछे समाज का मनोविज्ञान है जो समय-समय पर कहानी लिखने के लिए विषय चुनकर लेखिका को देता रहा। समाज से कोई विषय चुनना और फिर उसे अपनी नवकल्पनात्मकता से कथा का एक नया स्वरूप देना भी एक ऐसी ही कला है जिसका उद्देश्य समाज को परिष्कृत करना और मनुष्य को एक संवेदनशील मनुष्य में परिणत करना होता है।

ISBN 978-81-237-8186-0

45. पुष्पा सक्सेना : संकलित कहानियाँ पृ. 218 ₹ 195.00 (2024)

प्रस्तुत संकलन में लेखिका के विदेश-प्रवास के दौरान लिखी गई 20 कहानियाँ हैं जिनमें जीवन के इंद्रधनुषी रंगों की छटा है।

ISBN 978-81-237-7117-5

46. पृथ्वीराज मोंगा : संकलित कहानियाँ

पृ. 164 ₹ 65.00 (2012)

मध्यवर्ग की समस्याओं, संकटों, व्यथाओं और आकांक्षाओं को प्रदर्शित करती हुई पृथ्वीराज मोंगा की इक्कीस कहानियों का संकलन।

ISBN 978-81-237-5326-3

47. प्रेम जनमेजय : संकलित व्यंग्य

पृ. 180 ₹ 155.00 (2024)

प्रेम जनमेजय सामयिक हिंदी व्यंग्य लेखन में अपने प्रखर रचनात्मक लेखन के द्वारा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परसाई, जोशी, त्यागी एवं श्रीलाल शुक्ल की पीढ़ी के बाद सामयिक व्यंग्य को वैसा ही सुदृढ़ आधार देने में प्रेम जनमेजय का लेखन उसे एक सशक्त एवं गंभीर आधार दे रहा है।

ISBN 978-81-237-6995-0

48. बलराम : संकलित कहानियाँ

पृ. 156 ₹ 160.00 (2024)

बलराम की कहानियाँ भारतीय ग्राम और नगर जीवन पर केंद्रित कुछ वैसी ही कहानियाँ हैं, जैसी प्रेमचंद और रेणु ने लिखी हैं। इनकी कहानियों में एक तरफ प्रेमचंद जैसी आम बोलचाल की सहज-सरल भाषा है तो दूसरी तरफ रेणु जैसी आंचलिकता भी। ISBN 978-81-237-6990-5

49. भारतीय कला के अंतर्संबंध

नर्मदा प्रसाद उपाध्याय पृ. 127 ₹ 160.00 (2024)

नौ निबंधों का संकलन है जिनके माध्यम से भारत के साहित्य और कला में अंतर्संबंध, उसके प्रति लोक दृष्टि, फारसी तथा भारतीय लघुचित्र परंपराओं का विलय, मध्यकालीन चित्र शैलियों को प्रस्तुत किया गया है। ISBN 978-81-237-9384-9

50. भीष्म साहनी : संकलित कहानियाँ

भीष्म सहनी पृ. 248 ₹ 245.00 (2018)

महान कथाशिल्पी, हिंदी कहानी के नए स्वरूप के सृजक, श्रेष्ठ अनुवादक और विचारक भीष्म साहनी की ऐसी 22 कहानियों का संकलन जिन्हें कालजयी कहा जाता है।

ISBN 978-81-237-7883-9

51. ममता कालिया : संकलित कहानियाँ

पृ. 252 ₹ 155.00 (2017)

इन कहानियों में सातवें दशक के बाद के जीवन और जगत की हलचल महसूस की जा सकती है जब भारतीय समाज में परिवर्तन हो रहा था। इन कहानियों को सहज स्त्री लेखन के कोष्ठक में सीमित नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसमें समूचे समाज की संघर्षधर्मिता विभिन्न पात्रों और स्थितियों द्वारा व्यक्त हुई है। ISBN 978-81-237-6998-1

52. महीप सिंह : संकलित कहानियाँ

पृ. 238 ₹180.00 (2024)

कथाकार महीप सिंह अपनी बिंदास कहानियों के लिए जाने जाते हैं। ऐसी कहानियों से आप रूबरू हो सकते हैं, इनसे जुड़ सकते हैं, ऐसा हमारा मत है। ISBN 978-81-237-6496-2

53. महेश दर्पण : संकलित कहानियाँ पृ. 224 ₹ 255.00 (2024)

इस दौर के चर्चित लेखक महेश दर्पण की 27 कहानियों के इस संकलन की रचनाएँ बगैर कोई उत्तेजना पैदा किए अपनी विषय-वस्तु के माध्यम से पाठक को अपने से जोड़ती हैं।

ISBN 978-81-237-8104-4

54. मार्कण्डेय की श्रेष्ठ कहानियाँ

अनुज (संक. व भूमिका) पृ. 228 ₹ 220.00 (2024)

25 बेहतरीन कहानियों का संचयन। ग्रामीण व आंचलिक परिवेश पर लिखी इन कहानियों में निम्न, निम्न-मध्यम व मध्य वर्ग के जीवन का संघर्ष झलकता है। ISBN 978-81-237-7741-2

55. मालती जोशी : प्रतिनिधि साहित्य (स्त्री विमर्श : सृजनात्मक संसार)

डॉ. कमल किशोर गोयनका, प्रो. अवनिजेश अवस्थी, कृष्णा शर्मा (संपा.)

पृ. 374 ₹ 360.00 (2024)

प्रख्यात कथाकार और उपन्यासकार मालती जोशी के बृहत् रचना-संसार का एक प्रतिनिधि

संकलन, जिसमें उनके उपन्यास, कहानी, लेख, साक्षात्कार आदि अनेक विधाओं की रचनाओं का सुंदर समावेश हुआ है। इस श्रृंखला में एक लेखक के संपूर्ण सृजनात्मक अवदान को एक जिल्द में प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है।

ISBN 978-81-237-8959-0

56. मिथिलेश्वर : संकलित कहानियाँ

पृ. 316 ₹ 240.00 (2023)

जीवन से जुड़े कथाकार की कहानियाँ आपको जमीन से, यकीन से और विश्वास से जोड़ने में सक्षम हैं। अपनेपन का, उमंग का और आश्वस्ति का भाव इन रचनाओं में देखने को मिलता है। हिंदी के सुपरिचित कथाकार मिथिलेश्वर की भारतीय जनमानस के विभिन्न पक्षों को केंद्र में रखकर लिखी गई 23 कहानियों का संग्रह। ISBN 978-81-237-5755-1

57. मीनाक्षी स्वामी : संकलित कहानियाँ पृ. 146 ₹ 170.00 (2024)

हिंदी कथा साहित्य की सशक्त हस्ताक्षर मीनाक्षी स्वामी के इस संकलन में उनकी 19 नायाब कहानियाँ हैं। प्रत्येक कहानी एक नई भावभूमि पर स्थित है। ये कहानियाँ शोषण पर समाप्त नहीं होती बल्कि शोषित दुगुने हौसले से परिवेश को बदलने की कोशिश करता दिखाई देता है। कल्पना, अनुभूति और यथार्थ का सहज संयोजन इन कहानियों को विशेष बनाता है। प्रवहमान भाषा और कलात्मक शब्दचित्र पाठक को बाँधे रखेंगे। ISBN 978-81-237-8800-2

58. मीरा सीकरी : संकलित कहानियाँ

पृ. 122 ₹ 120.00 (2024)

समाज के हाशिये पर, निचली सतहों पर जीवनयापन करने वाले लोगों की जिंदगी की गहराई में जाकर उन्हीं की भाषा में उनकी स्थितियों और मनोदशाओं का संवेदनात्मक एवं बेलाग चित्रण करती 21 कहानियों का संकलन। ISBN 978-81-237-6909-7

59. रमा प्रसाद घिल्डियाल 'पहाड़ी' : संकलित कहानियाँ

गंगा प्रसाद विमल (संक.) पृ. 274 ₹ 275.00 (2024)

सन 1927 से लगातार पचास साल तक सृजनशील रहे पहाड़ी जी की कहानियाँ, पहाड़ के जटिल जीवन का सच्चा आईना है। जीवन का कठोर यथार्थ उनकी रचनाओं की भावभूमि रहा है।

ISBN 978-81-237-7922-4

60. राजी सेठ की श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 214 ₹ 220.00 (2024)

आधुनिक भावबोध के आधार पर जीवनानुभवों, आधुनिक जीवन के सूक्ष्म-जटिल तनावों, द्वंद्वों और संघर्षों को व्यक्त करती 24 कहानियों का उत्कृष्ट संग्रह।

ISBN 978-81-237-7359-9

61. राजेन्द्र मोहन भटनागर : संकलित कहानियाँ

पृ. 272 ₹ 280.00 (2024)

प्रस्तुत कहानी संग्रह में मानव मन से संवाद उठाते हुए अपनी पठनीयता का जादुई प्रभाव छोड़ने वाली 20 रचनाओं को संकलित किया गया है। कुछ कहानियों के शीर्षक इस प्रकार हैं–दीया तले अँधेरा, मीनुदी, लाजो, गौरेया, सुराज की ओर आदि। ISBN 978-81-237-8866-5

62. राजेश जैन : श्रेष्ठ कहानियाँ

पृ. 268 ₹ 265.00 (2024)

झारखंड की पृष्ठभूमि पर लिखी इस कहानी में जमींदारों द्वारा निचले तबके के लोगों को दबाकर रखने की प्रवृत्ति के कारण उनके शैक्षणिक विकास में बाधा और कैसे एक बालक अपनी इच्छा शक्ति से इस प्रपंच से बाहर निकलकर पढ़-लिखकर योग्य बनता है इसका प्रेरणाप्रद वर्णन है।

ISBN 978-81-237-6545-7

6. पुस्तक मेरा मित्र

कामना झा पृ. 36 ₹ 35.00 (2024)

पुस्तक से जी चुराने वाले कभी तरक्की नहीं कर पाते। जो पुस्तक को अपना मित्र बनाते हैं सफलता हर कदम उनके पांव चूमती है। इसी भावभूमि पर है यह पुस्तक।

ISBN 978-81-237-6668-3

7. मास्टर दौलत राम

डॉ सूरत ठाकुर पृ. 23 ₹ 30.00 (2022)

कहते हैं शिक्षा वह गहना है जिसका मोल कोई जौहरी भी नहीं लगा सकता। मास्टर दौलतराम गाँव की पाठशाला में अध्यापक थे। सेवानिवृत्ति उपरांत जीवन में ऊब और खीझ को उन्होंने गाँव में एक पुस्तकालय की स्थापना करके दूर की। सेवानिवृत्ति उपरांत भी जीवन को मजे से जिया जा सकता है यह संदेश देती है कथा।

ISBN 978-81-237-9418-3

8. मुन्नी का स्कूल

सुषमा भंडारी पृ. 16 ₹ 25.00 (2024)

एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की लड़की पढ़-लिखकर अपने बलबूते शिक्षक बन जाती है और एक रेहड़ीवाले की बेटी, मुन्नी को स्कूल में दाखिला दिलाने का जतन करती है। पढ़ाई और शिक्षा के प्रति प्रेरणा जगाती पुस्तक। ISBN 978-81-237-7079-6

9. सब रो पड़े

हूंदराज बलवाणी पृ. 16 ₹25.00 (2024)

अनपढ़ता अभिशाप है। एक पत्र न पढ़ पाने पर कैसे गलतफहमी हो गई और पत्र नहीं पढ़ पाने वाले अशिक्षित बुढ़िया, दूधवाला, फुग्गेवाला सब रो पड़े। इसे प्रेरणाप्रद ढंग से समझाया गया है। ISBN 978-81-237-6628-7

हास्य-व्यंग्य

1. झूठ का परिणाम

सुरेन्द्र दुबे पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

यह कहानी रामलाल की है, जिसका झूठ बोलने में कोई मुकाबला नहीं। गुदगुदाती और मुस्कराने को मजबूर करती रचना। ISBN 81-237-3855-0

2. ठाकुर साहब का व्रत

गोविंद मिश्र पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

व्रत रखना कोई हँसी-मजाक नहीं, यह ठाकुर साहब ने व्रत रखकर जाना; एक रोचक कहानी।

ISBN 978-81-237-6170-1

3. नुस्खा

लाल सिंह अनु. : सुनीता पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

जब अपने पर पड़ी तो उक्ति चरितार्थ हुई। रोचक कहानी।

ISBN 978-81-237-6162-6

4. पति-पत्नी

निशात फारूक पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

ताकतवर पति एवं साहसी पत्नी की रोचक कथा, जो अपनी शक्ति एवं बुद्धिमत्ता से डाकुओं को भी भागने पर मजबूर कर दे। संदेशपरक रोचक कहानी। ISBN 978-81-237-5969-7

5. बजरंगी की बारात

सुभाष चंदर पृ. 20 ₹ 25.00 (2024)

बजरंगी शादी के लिए तैयार हुआ। बारात चली और बैरंग लौट आई। क्यों लौटी? इसे जानने के लिए पढ़िए यह हास्य कथा। ISBN 81-237-4758-6

6. मोबाइल देवता

प्रेम जनमेजय पृ. 18 ₹ 25.00 (2024)

कभी-कभी मोबाइल को लोग भगवान मान लेते हैं तो कभी शैतान। बहुत ही रोचक कहानी। ISBN 978-81-237-6692-8

7. शराबी नंबर एक

प्रेम सिंह नेगी पृ. 16 ₹ 35.00 (2024)

हास्य शैली में गाँव में शराब की आदत पर लिखी गई एक प्रेरणादायक कहानी। दुकानदार ने उन शराबियों की सूची बनाई हुई है जिनकी निकट भविष्य में मृत्यु हो सकती है। जब नं. एक चल बसता है तो नं. दो उसकी जगह ले लेता है। ISBN 978-81-237-0527-9

8. संतु गप्पी

गुरदयाल सिंह पृ. 12 ₹ 18.00 (2024)

कमाल का गप्पी था संतु जो एक चूहे से डर गया। वरिष्ठ कथाकार की एक बेहद रोचक कथा। ISBN 978-81-237-5986-9

9. हम किसके फूफा जी हैं

जीतेंद्र वर्मा पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

सोनपुर के मेले में स्वयं को परम चालाक समझने वाले एक व्यक्ति कैसे एक किशोरवय बालक के द्वारा 'फूफा जी' बना लिया जाता है और अपना सारा माल-असबाब गँवा बैठता है इसकी बड़ी रोचक और हास्यप्रद कथा है। ISBN 978-81-237-7092-5

10. हाय पकवान!

मो. साजिद खान पृ. 20 ₹ 25.00 (2024)

बड़े परिवार होने की दुश्वारियाँ इस रूप में भी सामने आए कि घर के मालिक को ही अपने बच्चों से छिपकर पकवान बनाने की कवायद करनी पड़े तो इस स्थिति को समझा जा सकता है। एक हास्य एकांकी। ISBN 978-81-237-5894-7

विविध (कानून/रोजगार, विज्ञान व अन्य)

1. आपका सूचना का अधिकार

आभा सिंघल जोशी पृ. 24 ₹ 25.00 (2024)

नागरिक अधिकारों के बारे में बताती एक उपयोगी पुस्तक। ISBN 978-81-237-4036-2

2. उजियारा

रूपेश्वरी शर्मा पृ. 16 ₹ 25.00 (2022)

यह कहानी गुड टच व बैड टच पर केंद्रित है। किस तरह की परेशानियों से छोटे बच्चों को गुजरना पड़ता है हीरा की माँ ने इस समस्या का निराकरण भी अपनी समझदारी से कर दिया। बेटे की मोबाइल की लत का भी। रचना बताती है कि यदि समुचित तरीके से बच्चों पर ध्यान दिया जाए तो उनका भविष्य उज्ज्वल हो सकता है।

ISBN 978-81-237-9588-1

3. ऐसे बदली नाक की नथ

मनोहर चमोली मनु पृ. 16 ₹ 9.00 (2010)

अपने अधिकारों के लिए लड़ने में शर्म कैसी? उपभोक्ता मंच में शिकायत कर न्याय दिलाती रचना।

ISBN 81-237-4408-0

4. कागज के लिफाफे

उषा पुरी पृ. 36 ₹ 35.00 (2024)

महिलाएँ भी अपना भरण-पोषण कर सकती हैं। यही बात महिला स्वरोजगार केंद्रित यह पुस्तक बताती है।

ISBN 978-81-237-4583-1

5. कानून के फायदे

मीनल दीक्षित अनु. : गीता जैन पृ. 40 ₹ 35.00 (2024)

कानून के तौर-तरीके जानने का प्रत्येक भारतवासी को अधिकार है। कहानी के अंदाज में कानून की जानकारी बड़े रोचक तरीके से इस पुस्तक में दी गई है।

ISBN 978-81-237-3515-3

6. कुपोषण

रविन्द्र यादव पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

गाँव में जब एक के बाद एक दो-दो बहुएँ अकाल काल कवलित हो गईं तो गाँव में यह सामान्य धारणा घर कर गई कि गाँव में देवता नाराज हैं। तब गाँव का ही एक शिक्षित व्यक्ति बताता है कि ये मौतें कुपोषण की वजह से हुई हैं। फिर वह खाद्य सुरक्षा कानून के बारे में सबको जानकारी देता है।

ISBN 978-81-237-8251-5

7. ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

निखिल डे, ज्याँ द्रेज, रीतिका खेरा अनु. : विपिन कुमार पृ. 68 ₹ 45.00 (2024)

इस पुस्तक में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है जिसे हर ग्रामीण को जानना बेहद जरूरी है। रोजगार की तलाश में उम्मीद की किरण जगाती पुस्तक सरल भाषा में नवसाक्षरों के लिए तैयार की गई है।

ISBN 978-81-237-4730-9

8. गंगा की ओर

शीला शर्मा रूपां. : सुषमा मेढ़ पृ. 24 ₹ 40.00 (2024)

उत्तरकाशी से गोमुख की यात्रा का सरल वृत्तांत समेटे इस पुस्तक में गंगा नदी से जुड़े इतिहास और किंवदंतियों का ब्योरा है।

ISBN 81-237-0183-7

9. घट

पंकज बिष्ट पृ. 24 ₹ 8.00 (1998)

बिजली तथा उससे चलने वाले उपकरणों के आगे अन्य पुराने प्राकृतिक साधनों पर निर्भर उपकरण जैसे घट आदि की महत्ता दर्शाती कथा। ISBN 81-237-0779-7

10. चलो चाँद की ओर

तंग सिवरासन अनु. : विजयलक्ष्मी सुंदरराजन पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

चाँद से जुड़ी रोचक यात्रा की सैर कराती पुस्तक। ISBN 978-81-237-3777-5

11. जय नर्मदा

दुर्गा पाठक पृ. 12 ₹ 25.00 (2024)

प्रसिद्ध नदी नर्मदा का उद्‌गम स्थल तथा आगे की राह, उससे जुड़ी पौराणिक कथा आदि का संक्षिप्त विवरण। ISBN 81-237-2576-0

12. जादू का मंतर

रमाकांत 'कांत' पृ. 28 ₹ 30.00 (2024)

समूह बनाकर लोगों द्वारा हर महीने कुछ बचत करके रकम जमा करने से जरूरत पड़ने पर जरूरतमंद को आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। वे कर्ज लेने से भी बच जाते हैं। यही है जादू का मंतर। ISBN978-81-237-6508-2

13. डंडे का डर

राजुरकर राज पृ. 10 ₹ 25.00 (2024)

स्थानीय दुकानदार जब सामान देने में मिलावट करता है तो कैसे शिकायत होने पर माफी माँगता है। उपभोक्ता कानून पर सरल भाषा में तैयार पुस्तक। ISBN 81-237-4802-3

14. तारे आसमान पर

डॉ. गंगाराम राजी पृ. 16 ₹ 180.00 (2022)

रामदीन नामक नौजवान ने सोचा कि जब प्रखंड विकास अधिकारी के कार्यालय में रोशनी और हीटर चल सकता है तो उसके गाँव में भी रोशनी आ सकती है। प्रखंड विकास अधिकारी ने समझाया कि स्थानीय विधायक को कहो जब तक लाइट नहीं, तब तक वोट नहीं। यह फार्मूला कामयाब हुआ और पूरे 70 वर्षों बाद आज कटेरु गाँव उसके प्रयासों के बाद रोशन था। ISBN 978-81-237-9589-8

15. फिर मुस्काई नीतू

सुषमा दुबे पृ. 16 ₹ 12.00 (2013)

किशोरवय में पहुँच रही बच्ची नीतू एक बहुत ही प्यारी बच्ची है, साथ ही होनहार छात्रा भी। लेकिन स्कूल के एक कर्मचारी की कुत्सित हरकतों के कारण उसने स्कूल छोड़ दिया और मुस्कराना भी। सच्ची बात पता चलने पर गलत हरकत करने वाले कर्मचारी को सजा मिली और नीतू को स्कूल जाने का हौसला। ISBN 978-81-237-6820-5

16. मत रो सुखिया

मनोरमा दीवान पृ. 16 ₹ 19.00 (2017)

कथा शैली में फसल बीमा योजना एवं खलिहान बीमा पॉलिसी आदि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। ISBN 978-81-237-6923-3

17. मल्लिका नूरजहाँ

मनोरमा दीवान पृ. 12 ₹ 17.00 (2017)

यह कहानी हिंदुस्तान की पहली महिला साम्राज्ञी मल्लिका नूरजहाँ के जीवन की झाँकी प्रस्तुत करती है।

ISBN 978-81-237-5204-4

18. मुक्ति का मार्ग

अनीता चौधरी पृ. 20 ₹ 20.00 (2018)

बालश्रम जैसी अमानवीय परंपरा के निषेध को दर्शाती एक सशक्त और मार्मिक रचना।

ISBN 978-81-237-5967-8

19. मेरी फ्रीडा वेदी

मनोरमा दीवान पृ. 23 ₹ 13.00 (2008)

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भाग लेने वाली पहली ब्रिटिश महिला के जीवन की रोमांचक कथा प्रस्तुत करती एक अत्यंत प्रेरणात्मक कहानी है।

ISBN 978-81-237-5301-2

20. रईस

सैयद जावेद हसन पृ. 11 ₹ 17.00 (2017)

बाल मजदूरी उन्मूलन पर केंद्रित यह कहानी अत्यंत रोचक है। इस कहानी का केंद्रीय पात्र रईस दस-ग्यारह साल का बच्चा है। वह एक बल्व फैक्टरी में काम करता था। वह बड़ा ही स्वाभिमानी और बहादुर था। उसने मालिक के अन्याय के विरोध में फैक्टरी जाना बंद कर दिया। अंत में इसके मालिक को पुलिस ने बाल मजदूरी के अपराध में जेल में डाल दिया।

ISBN 978-81-237-5107-8

21. रोशनी की नदी

अश्वघोष पृ. 16 ₹ 20.00 (2018)

राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम की जानकारी रोचक भाषा में कहानी के माध्यम से उत्तरांचल के वरिष्ठ लेखक ने प्रस्तुत की है।

ISBN 978-81-237-4735-4

22. विज्ञान के उपहार

मीर नजाबत अली रूपां. : सुभद्रा सालवी पृ. 20 ₹ 30.00 (2022)

इस पुस्तक में दुनिया की दिशा बदलने वाले पहियों, भाप इंजन, सूक्ष्मदर्शी, प्रिंटिंग प्रेस आदि के आविष्कार की रोचक कहानियाँ, कार्टून तथा चित्रों के माध्यम से दर्शाई गई हैं।

ISBN 978-81-237-0180-6

23. हिमालय की चोटी पर

बचेन्द्री पाल रूपां. : तारा जायसवाल पृ. 32 ₹ 45.00 (2024)

एवरेस्ट पर पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला की आत्मकथा।

ISBN 81-237-0182-9

एशिया-प्रशांत सहप्रकाशन कार्यक्रम

1. अंतिम टिकट एवं अन्य कहानियाँ

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : मनोरमा दीवान पृ. 128 ₹ 85.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के दस देशों की दस कहानियाँ संकलित हैं जो युवाओं को विशेष रूप से पठनीय लगेंगी। ISBN 978-81-237-5831-2

2. आओ, हँसें एक साथ (संकलन)

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : मोहिनी राव पृ. 172 ₹ 105.00 (2024)

18 देशों के सहयोग से तैयार 53 हास्य-कथाओं, 54 पहेलियों और 23 कहावतों का रोचक संकलन। ISBN 978-81-237-2012-8A

3. आधुनिक एशियाई कहानियाँ (संकलन)

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : बी.एन. गोयल पृ. 138 ₹ 90.00 (2024)

बाल पाठकों के लिए विभिन्न एशियाई देशों की 14 प्रमुख कहानियों का संग्रह, जिसे एशियाई सांस्कृतिक केंद्र, यूनेस्को के सहयोग से प्रकाशित किया गया है।

संशोधित संस्करण ISBN 978-81-237-0932-1

4. दीवार एवं अन्य कहानियाँ

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : मनोरमा दीवान पृ. 144 ₹ 95.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के दस देशों की दस कहानियाँ संकलित हैं जो युवाओं को बेहद पसंद आएँगी। ISBN 978-81-237-5599-1

5. नाटकों के देश में (संकलन)

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : मस्तराम कपूर पृ. 228 ₹ 130.00 (2024)

इस पुस्तक में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 14 देशों के चुनिंदा बाल नाटकों का प्रकाशन किया गया है। इसमें नाटकों के मंचन हेतु वेशभूषा और मंच-सज्जा संबंधी अन्य आवश्यक तकनीकी निर्देश भी दिए गए हैं। ISBN 978-81-237-0993-2

6. पेड़ (एक पर्यावरण पुस्तक) (संकलन)

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : अरविन्द गुप्ता पृ. 66 ₹ 110.00 (2024)

किशोर पाठकों के लिए एशिया और प्रशांत क्षेत्रों के पेड़ों पर एक प्रामाणिक पुस्तक। सभी पेड़ों के रंगीन चित्र। पुस्तक की सामग्री 18 सदस्य देशों द्वारा तैयार की गई है। पर्यावरण के महत्व पर एक आवश्यक प्रकाशन। ISBN 978-81-237-1986-3

7. वताओ, मैं क्या कर रहा हूँ?

एसीसीयू प्रकाशन अनु. : मंजुला माथुर पृ. 34 ₹ 60.00 (2012)

विभिन्न देशों के बारे में जानकारी देने वाली सचित्र पुस्तक। चित्रों द्वारा पठन के प्रति लगाव उत्पन्न करने का प्रयास भी किया गया है। ISBN 978-81-237-0223-0

8. सुनो कहानी

ए.सी.सी.यू. का संकलन अनु. : मंजरी जोशी पृ. 154 ₹ 130.00 (2024)

एशिया-प्रशांत सहप्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकाशित इस पुस्तक में 20 देशों की कहानियों और चित्रों को संकलित किया गया है। ISBN 978-81-237-6189-3

नेहरू बाल पुस्तकालय

आयु वर्ग : स्कूल-पूर्व

1. आधे गोल चक्कर

बदरी नारायण पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

छोटे बच्चों को आधे गोल चक्करों की पहचान कराने वाली सचित्र पुस्तिका।

ISBN 978-81-237-1115-8

2. आम की कहानी

देबाशीष देब पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

चित्रों के माध्यम से नन्हे-मुन्नों के लिए कही गई एक रोचक कथा। ISBN 978-81-237-0229-9

3. गुब्बारा

दत्तात्रय पाडेकर पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

गुब्बारे के द्वारा उड़ान भरने वाले एक बालक की साहसिक कहानी। रंगारंग चित्रों सहित।

ISBN 978-81-237-1793-8

4. घर और घर (संकलन) पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

भारत द्वारा जर्मन जनवादी गणतंत्र के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक। तरह-तरह के घरों के इंद्रधनुषी चित्र। ISBN 978-81-237-0919-2

5. चिड़ियाघर की सैर

सनत सुरती पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

नन्हे बच्चों को चिड़ियाघर के बारे में जानकारी देने वाली सचित्र पुस्तिका।

ISBN 978-81-237-1808-8

6. दिवाली

रवी परांजपे पृ. 16 ₹ 35.00 (2024)

दीपमाला के आकर्षक रंगीन चित्रों से सज्जित यह पुस्तक बच्चों को मनमोहक लगेगी।

ISBN 978-81-237-0424-1

7. बाजार की सैर

मंजुला पद्मनाभन पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

इस पुस्तक में देश के विभिन्न क्षेत्रों के बाजारों की रौनक को बहुरंगे चित्रों द्वारा दर्शाया गया है।

ISBN 978-81-237-1804-X

8. बारात

मिकी पटेल पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

चित्रों के माध्यम से गिनती सिखाने वाली सुंदर पुस्तक। ISBN 978-81-237-1803-9

9. भारत के मधुर रंग

विकी आर्य (संकल्पना) अनु. : धनंजय चोपड़ा पृ. 20 ₹ 70.00 (2024)

शहर से दूर जंगल में मधुमक्खियों का एक छत्ता है। इसमें ढेर सारी मधुमक्खियाँ अपने दोस्तों, भाइयों और बहनों के साथ रहती हैं। वे फूलों से मकरंद इकट्ठा करती हैं, लेकिन किसके लिए, कैसे और कहाँ से? इसकी रोचक कहानी बच्चों के लिए है। ISBN 978-81-237-9223-1

10. मददगार हाथ

समरेश चटर्जी (परिकल्पना) अनु. : आरती स्मित पृ. 16 ₹ 55.00 (2024)

एक नन्ही बच्ची और बारहसिंघा की कहानी जिसमें एक चोटग्रस्त बच्ची को बारहसिंघा पीठ पर बिठाकर उसके घर पहुँचाता है। बदले में बच्ची उसके गले में घंटी बाँध देती है।

ISBN 978-81-237-6865-6

11. रंगबिरंगा राजस्थान

शरदिंदु सेन राय पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

राजस्थान के बहादुर रणबाँकुरे जवानों, दुर्भेद्य किलों, मनोरम स्थलों और जनजीवन की अनुपम झाँकी, रंगारंग चित्रों में। ISBN 978-81-237-0916-1

12. रंगों का त्योहार

मधु पावले पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

इस पुस्तक के माध्यम से छोटे बच्चों को मूल और मिश्रित रंगों का परिचय रंगीन चित्रों के द्वारा कराया गया है। ISBN 978-81-237-2833-6

13. लंबा और बड़ा

पुलक विश्वास (परि. और चित्र) अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 65.00 (2024)

जानवरों के माध्यम से बच्चों को लंबाई-ऊँचाई का गणित समझाती पुस्तक।

ISBN978-81-237- 7988-1

आयु वर्ग : 6-8 वर्ष

1. अक्खन की आँख

सैयर असद अली पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

यह कहानी टीपू उसके चाचा और दुष्ट अक्खन की है। टीपू शरारती बच्चा है और अक्खन एक दुष्ट आदमी, जो हर किसी को तंग करने के लिए नित नए-नए तरीके खोजा करता था। बहुत ही दिलचस्प कहानी है यह। ISBN 978-81-237-5566-3

2. अचंभा अष्टभुजा

विकी आर्य अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 24 ₹ 70.00

यह पुस्तक कहानी के माध्यम से समुद्री जंतु ऑक्टोपस के बारे में बताती है कि कैसे वह अपने आपको परिवेश के अनुकूल ढालने में सक्षम है। कहानी के साथ-साथ अन्य समुद्री जंतुओं से भी रू-ब-रू कराया गया है। ISBN 978-93-5491-563-5

3. अच्छे दोस्त : तंजानिया की एक कहानी

जॉन किलाका अनु. : प्रियंका शुक्ला पृ. 24 ₹ 80.00 (2024)

वर्ष 2005 के बोलोग्ना रागाजी, न्यू होराइजंस के विजेता जॉन किलाका की यह रचना तंजानिया के एक पारंपरिक पशु के जीवन को जीवंत करती है।

ISBN 978-81-237-9210-1

4. अम्मू : समुद्रविज्ञानी

लेखन व चित्र : *सचिन्द्रन करडका* अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 24 ₹ 65.00 (2023)

एक बच्ची की सपने में समुद्री यात्रा की चित्रात्मक पुस्तक।

ISBN 978.93.5491.143.9

5. असली जिराफ

दीपा अग्रवाल

अनु. : विजय कुमार 'शाश्वत' चित्र : आर्य प्रहराज पृ. 20 ₹ 60.00 (2024)

यह एक छोटे बच्चे की कहानी है जो असली जिराफ अपने माता-पिता से माँगता है। माता-पिता उसे तरह-तरह से मनाने का प्रयत्न करते हैं, पर वह मानने को तैयार नहीं है। यह पुस्तक कहानी के माध्यम से छोटे बच्चों को जिराफ के विषय में बताने का प्रयास है।

ISBN 978-93-5491-347-1

6. आजाद करो

आशीष सेन गुप्ता अनु. : सुबीर शुक्ला पृ. 16 ₹ 50.00 (2022)

खूबसूरत चित्रों के साथ इस पुस्तक में मनु का पशु-प्रेम प्रकट होता है।

ISBN 978-81-237-0802-1

7. आभार अमरूद

भगवती प्रसाद द्विवेदी चित्र : रोहित कुमार शुक्लापृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

इस किताब में अमरूद के पेड़ के माध्यम से जाने कितने पक्षी घर में आते हैं। आखिर ऐसा क्या होता है कि सोनू अमरूद के पेड़ का आभार जताता है।

ISBN978-93-574-3205-4

8. आमवाली चिड़िया

दीपा अग्रवाल अनु. : कमाल अहमद पृ. 16 ₹ 55.00 (2024)

रसीले आम और लालची व्यक्ति के प्रसंगों पर आधारित एक आकर्षक कहानी।

ISBN 978-81-237-5506-9

9. आनंदी का इंद्रधनुष

अनूप राय अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 16 ₹ 60.00 (2024)

छोटे बच्चों का मनोरंजन करती एक अलग तरह की कहानी।

ISBN 978-81-237-4268-7

10. आसमान में ऊँची उड़ान

जगदीश जोशी (कहानी और चित्र) अनु. : डॉ. आरती स्मित पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

बच्चों ने खेल-खेल में ही पतंग वनाना सीखा और उसे खूब ऊँचा उड़ाया भी। कुछ करने के लिए प्रेरित करती कहानी।

ISBN978-81-237-7987-9

11. इनकी दुनिया

अरबिंदो कुंडू पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

विभिन्न जंगली जानवरों के स्केच और उनके बारे में सादे सरल शब्दों में जानकारी का संकलन।

ISBN 978-81-237-2332-7

12. इंदिरा प्रियदर्शनी

मनोरमा जफ़ा पृ. 72 ₹ 50.00 (2024)

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बचपन से लेकर महाप्रयाण तक की महत्वपूर्ण घटनाओं की बेहद सहज शब्दों में प्रस्तुति।

ISBN 978-81-237-6494-8

13. इंद्रधनुष

उषा जोशी पृ. 24 ₹ 50.00 (2022)

रंगबिरंगे सात रंगों से सराबोर इंद्रधनुष और उसके रंगों की कहानी—मजेदार सरल भाषा में। रंगीन चित्रों से सज्जित।

ISBN 978-81-237-0330-9

14. उतावला मेंढक

चंदन यादव चित्र : भावना कुलकर्णी पृ. 20 ₹ 60.00 (2024)

इस किताब में एक मेंढक हर कार्य के लिए उतावला रहता है, उसके साथ कई घटनाएँ होती हैं। अंत में, वह कैसे शांत होता है, इसकी रोचक कथा है।

ISBN 978-93-574-3096-8

15. उदास मछली की कहानी

अमरेंद्र चक्रवर्ती अनु. : व्रतीन दे पृ. 16 ₹ 45.00 (2022)

मूल बांग्ला बालकथा का अनुवाद। मार्मिक कहानी।

ISBN 978-81-237-5322-5

16. 19 ऊँट और सफेद मूँछ : राजस्थानी लोककथा

विकी आर्य पृ. 16 ₹ 45.00 (2024)

राजस्थान के एक छोटे-से गाँव में एक अमीर सेठ जयराम सिंह रहा करता था। उसने अपनी वसीयत में अपने 19 ऊँटों में से आधे बेटे को, एक-चौथाई बेटी और पाँचवाँ हिस्सा अपने नौकर सेवक राम को देने की बात लिखी। आखिर यह अनोखा बँटवारा कैसे हुआ? इसका दिलचस्प वर्णन इस लोककथा में किया गया है।

ISBN 978-93-6719-688-5

17. एक दिन

जगदीश जोशी अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 32 ₹ 80.00 (2024)

सुंदर चित्रों वाली इस पुस्तक में एक लड़के के कारनामों का चित्रण है।

ISBN 978-81-237-2798-4

18. एक थी बकरी

पारुल बत्रा पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

एक नीरस-सी दिखने वाली बकरी भी किस तरह रोमांचकारी करतब दिखा सकती है, वह अपने जीवन में रंग भरने के लिए चुनौतियाँ लेने में किस तरह घबराती नहीं है; इस कहानी में आनंद लिया जा सकता है।

ISBN 978-81-237-6553-2

19. एक रात

शेरिल राव अनु. : अल्पना भसीन पृ. 28 ₹ 80.00 (2024)

नीना नाम की एक बच्ची अपने स्कूल आने-जाने वाले रास्ते में शरारत करती रहती है। इस दौरान वह जानवरों को चिढ़ाती भी है, लेकिन एक रात उसे ऐसा लगता है कि मानो सभी जानवर उससे बदला लेने के लिए उसके घर आ धमके हैं, जबकि असलियत कुछ और ही होती है, जिसे बहुत रोचक ढंग से इस कहानी में प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-93-5743-428-7

20. कहानी एक चूहे की

उत्पल तालुकदार अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 20 ₹ 70.00 (2024)

मूल रूप से चित्रकार उत्पल की इस कहानी में एक बच्चा चूहा जीवन में कई झटके खाने के बाद अपना आलस व अधिक खाने की आदत छोड़ता है। ISBN 978-81-37-7638-5

21. कहानी दो कुत्तों की

दीपक प्रहराज अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 60.00 (2024)

सड़क का कुत्ता आलीशान कोठी में चोरी करने वालों को पकड़वा देता है और फिर उसका नागरिक अभिनंदन होता है। ISBN 978-81-237-6016-2

22. कहानी एक तितली की

अंजन सरकार अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

तितली के जीवन की रोचक कहानी। ISBN 978-81-237-2633-5

23. काकी कहे कहानी

मोनिका गुप्ता पृ. 14 ₹ 50.00 (2024)

समय बड़ा बलवान है; दादी या काकी के किस्से अब पुराने हो गए; और बच्चों ने नए युग की परिभाषा गढ़ ली है, ऐसा ही स्नेह इस पुस्तक में दिखता है।

ISBN 978-81-237-6234-0

24. काले मेघा पानी दे

उषा यादव पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

वर्षा ऋतु पर आधारित सुंदर एवं आकर्षक चित्रों से सजी लंबी कविता।

ISBN 978-81-237-6239-5

25. कितनी प्यारी है यह दुनिया

जयंती मनोकरण अनु. : मोहिनी राव पृ. 16 ₹ 35.00 (2022)

हमारी धरती, हवा, पानी, सूरज, मौसम, सब कुछ प्यारा है। यही बताया गया है इस पुस्तक में।

ISBN 978-81-237-0381-7

26. कौवे की कहानी

युद्धजीत सेनगुप्ता पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में रंगबिरंगे चित्रों के जरिए, कौवे के दैनिक क्रियाकलापों को बताया गया है।

ISBN 978-81-237-0241-4

27. क्या करें रावण का!

शुद्धसत्व बसु, धनंजय चोपड़ा (परिकल्पना) पृ. 24 ₹ 60.00 (2022)

रामायण के पात्र रावण की यह दिलचस्प कहानी है। रावण, जिसका पुतला दशहरा के अवसर पर जलाया जाता है, बुराई के अंत का प्रतीक है। इसे कहानी में विडंबनापूर्ण मोड़ दिया गया है।

ISBN 978-81-237-9202-6

28. क्या सही? क्या गलत?

सिगरुन श्रीवास्तव अनु. : रमेश बक्षी पृ. 16 ₹ 18.00 (2000)

यह नटखट मिन्नी और मिक्की की कहानी है, जिन्हें अक्सर नई-नई शरारतें सूझती हैं।

ISBN 978-81-237-1805-5

29. क्या हुआ

जगदीश जोशी (कथा व चित्र) पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

जंगल में बंदर को सब कुछ उलटा-पुलटा दिखाई दे रहा था। हाथी ने चट से समस्या का निराकरण कर दिया।

ISBN 978-81-237-6132-9

30. क्यों?

मीनाक्षी स्वामी पृ. 20 ₹ 55.00 (2024)

नन्हे शिशु के मन में अपने आसपास के बारे में उठने वाले सहज प्रश्न।

ISBN 978-81-237-5924-1

31. खरगोश और कछुए की दौड़

किरण तामुली अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2022)

जंगल में एक बार फिर कछुए और खरगोश की दौड़ हुई। खरगोश मजबूत था, फिर भी हार गया। कैसे? सुंदर चित्रों से सजी इस पुस्तक में पढ़ें।

ISBN 978-81-237-5809-1

32. खेल खेल में भारत देखो

विकी आर्य पृ. 28 ₹ 45.00 (2024)

भारत के विभिन्न राज्यों आदि की जानकारी देती रोचक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-0326-0

33. खोजो-पहचानो

जगदीश जोशी पृ. 16 ₹ 35.00 (2024)

रेखाचित्रों में छिपे जंगली जीव-जंतुओं आदि को खोज निकालने के लिए दिमागी कसरत कराती छोटे बच्चों के लिए मनोरंजक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-1710-4

34. खोया और पाया

अनु. : राहुल पांडे पृ. 24 ₹ 65.00 (2023)

टकराव और युद्ध के प्रभाव से बच्चों को प्रभावित होने से रोकने और उनमें प्रेम और भाईचारे की भावना का संचार करने के उद्देश्य से इंटरनेशनल सेंटर फॉर लिटरेसी एंड कल्चर, टोक्यो द्वारा आयोजित कार्यशाला में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, जापान से आए लेखकों और चित्रकारों द्वारा तैयार इस पुस्तक में बताया गया है कि जब सीमा के पार के बच्चे एक-दूसरे के साथ खेलने-खाने लगते हैं तो किस तरह उनके बीच पूर्व में स्थापित की गई नफरत और दुश्मनी की छद्म दीवार अपने आप गिर जाती है।

ISBN 978-81-237-6558-7

35. गणित के देवता

रतनुतनु घाटी अनु. : अंगीरा सेन शर्मा पृ. 20 ₹ 70.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में एक ऐसे बच्चे की कहानी है, जिसे गणित नहीं आती थी। इसके समाधान के लिए वह जादूगर मामा के पास गया, कविराज, व्यायाम शिक्षक, मूर्तिकार के पास गया, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। अंत में ऐसा क्या हुआ कि वह गणित में पास हो गया!

ISBN 978-93-574-3102-6

36. गोलू उल्लू

फ्रैंसिस्का ज़ोटा अनु. : डॉ. मीना कुमारी पृ. 24 ₹ 75.00 (2022)

एक सुस्त उल्लू की कहानी जो पूरे दिन लगातार खाता रहता है, जिससे वह कुरूप और मोटा हो गया है और अपनी दुर्दशा के कारण दुखी है। एक छोटी चिड़िया उसे स्वस्थ बनाने में उसकी मदद करती है।

ISBN 978-81-237-9216-3

37. घर की खोज

हेमंत कुमार चित्र : इस्माईल लहरी पृ. 16 ₹ 40.00 (2012)

हाथी ने जंगल के हर जानवर के घर को अपना घर बनाने का प्रयास किया, लेकिन हर जगह असफलता हाथ लगी। आखिर हाथी का घर तो खुला मैदान ही होता है।

ISBN 978-81-237-7820-1

38. चंदा गिनती भूल गया

संजीव जायसवाल 'संजय' पृ. 30 ₹ 80.00 (2024)

चंदा ने आसमान के तारे गिनने की ठानी, लेकिन हर बार उसकी गिनती गड़बड़ा जाती। आखिर सूरज ने उसकी मदद की। कैसे?

ISBN 978-81-237-5846-6

39. चिंकू की मेहनत

स्वाति मित्तल चित्र : इस्माईल लहरी पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

एक नन्हे पंक्षी की कहानी, जिसने अपनी सूझबूझ और मेहनत से उड़ना सीख लिया।

ISBN 978-81-237- 8707-07

40. चुनमुन आजाद है

कमलेश मोहिन्द्रा पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

छोटे बच्चों के लिए एक मनोरंजक तथा प्रेरणादायक कहानी।

ISBN 978-81-237-2689-9

41. छुट्टी ना भई ना

डॉ. जसविंदर कौर बिंदरा पृ. 16 ₹ 25.00 (2012)

कभी सोचें यदि सूरज सोच ले कि कुछ पल के लिए छुट्टी कर लूँ, आराम कर लूँ! दुनिया का क्या हाल होगा?

ISBN 81-237-6484-7

42. छोटे पौधे : बड़े पौधे

क.स. सेखाराम पृ. 32 ₹ 100.00 (2024)

पौधों और उनके उपयोग के विषय में नन्हे-मुन्नों के लिए सचित्र पुस्तक।

ISBN 978-81-237-0940-6

43. छोटा सा मोटा सा लोटा

सुबीर शुक्ला पृ. 16 ₹ 50.00 (2022)

लय, ताल से भरपूर छोटे बच्चों के लिए रंगारंग पुस्तक।

ISBN 978-81-237-3166-3

44. छोटी चींटी की बड़ी दावत

कुसुमलता सिंह पृ. 18 ₹ 65.00 (2022)

जब छोटी चींटी अपने मुंह में खाने के दाने लेकर दौड़-भाग करती दिखती है तो लोग मान लेते हैं कि जल्दी ही बारिस होने वाली है। चींटियों ने किस तरह पूरे जंगल के जानवरों की भूख मिटाई, यह बात इस कहानी में बताई गई है।

ISBN 978-81-237-6174-9

45. जंगल में धारियाँ

गीतिका जैन अनु. : जया पांडे पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

छोटे बच्चों को परोक्ष रूप से पर्यावरण की शिक्षा देने वाली पुस्तक, जिसमें बाघ अपनी कहानी सुनाता है।

ISBN 978-81-237-3493-4

46. जंगल में मंगल

शांतनु तामूली अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 65.00 (2024)

असम के जंगलों में दुर्लभ होते जा रहे गेंडों के संरक्षण का संदेश देती मनोरंजक कहानी।

ISBN 978-81-237-6197-8

47. जब आये पहिए

अनूप राय अनु. : दीपक कुमार गुप्ता पृ. 16 ₹ 40.00 (2023)

पहियों के आविष्कार की कहानी—सरल शब्दों में। नन्हे-मुन्नों के लिए उपयोगी।

ISBN 978-81-237-4754-5

48. जब खेल भावना बनी विजेता

युवराज मलिक पृ. 20 ₹ 60.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में दिसंबर 2012 में स्पेन के नवारे क्षेत्र में एक क्रॉस कंट्री रेस के दौरान, स्पेन के एथलीट इवान फर्नांडिज अनाया और कीनियाई एथलीट अवेल किपरॉप मुताइ के साथ घटी एक वास्तविक घटना पर आधारित कहानी है। इस पुस्तक में किशोरों के मन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के उद्देश्य से ओलंपिक रेस के प्रतीकों का उपयोग किया गया है। कहानी प्रेरणाप्रद है एवं इसका संपूर्ण चित्रांकन वाल मन को लुभाने वाला है।

ISBN 978-93-5743-265-8

49. जब मिलें तो अभिवादन करें

श्यामला एस. अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2023)

दुनिया के प्रत्येक देश के इन्सान हों या जीव-जंतु, जब वे आपस में मिलते हैं तो अपने-अपने तरीके से एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं। पुस्तक कहती है कि जब किसी से मिलें तो कम-से-कम मुस्कराकर उसका अभिवादन जरूर करें।

ISBN 978-81-37-7637-8

50. जरा अपने चेहरे को चूमकर तो दिखाइए

रमेश बिजलानी चित्र : मोहित सुनेजा पृ. 24 ₹ 80.00

इस पुस्तक में पारस्परिक निर्भरता का तथ्य इस तरह से उभरकर आता है कि उसे एक छोटा बच्चा भी समझ ले। उतना ही महत्वपूर्ण एक और तथ्य इस पुस्तक में छिपा है वह यह है कि आनंद मिलता है प्यार देकर भी और प्यार पाकर भी। ISBN 978-93-5491-195-8

51. जैसी हूँ मैं अच्छी हूँ

गीतिका गोयल पृ. 16 ₹ 45.00 (2022)

किसी को भी दूसरे की देखा-देखी अपनी हालत पर दुखी नहीं होना चाहिए। उसे, जो वह है, उसी पर संतोष करना चाहिए। इसी महत्वपूर्ण संदेश को परोक्ष रूप से देती है यह पुस्तक। सुंदर चित्रांकन। ISBN 978-81-237-5378-2

52. टिलटिल का साहस

स्वप्ना दत्ता अनु. : मोहिनी राव पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

कछुए के नवजात बच्चों की रोचक कहानी के माध्यम से नन्हे बाल पाठकों को कछुए के जीवन की जानकारी दी गई है। मनोरंजक एवं जानकारीपूर्ण कहानी। ISBN 978-81-237-2212-2

53. डॉ. चींचू के कारनामे

आबिद सुरती पृ. 30 ₹ 100.00 (2024)

ढब्बूजी के लिए मशहूर कार्टूनिस्ट द्वारा तैयार एक नया चरित्र, जो वैज्ञानिक है और बच्चों की कई वैज्ञानिक जिज्ञासाओं को खेल-खेल में सुलझा देता है। ISBN 978-81-237-5739-1

54. जैसे को तैसा

केंगसम केंगलांग अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

एक चालाक जंगली कुत्ते को भालू ने किस तरह सबक सिखाया? उत्तर-पूर्वी राज्यों की एक चर्चित कथा। ISBN 978-81-237-6310-1

55. टिफिन वाला पेड़

मेरी ऐन दासगुप्ता

अनु. : राजेश खर चित्र : अबीरा बंद्योपाध्याय पृ. 20 ₹ 70.00 (2024)

यह दो बच्चों की कहानी है जो असम के एक छोटे-से शहर में रहते थे और फिर उनके पापा कोलकाता चले गए। केबल टीवी के तारों के बीच, ऊँचे-ऊँचे मकान, बड़े शहर में खिड़की से दिखने वाली दूसरे घरों की दीवारों और छतों के बीच उन्हें चहचहाते पक्षी और हरे-भरे पेड़ याद आते हैं। उन्होंने कैसे इस नए वातावरण में खुद को ढाला पुस्तक ऐसे कई सवालों के जवाब देती है। ISBN 978-93-5491-219-1

56. तितली का बचपन

युद्धजीत सनगुप्ता अनु. : ब्रतीन दे पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

तितली के जीवन की कहानी। अत्यंत रोचक। सुंदर चित्रांकन। ISBN 978-81-237-5221-1

57. तितली और उम्मीदों का संगीत

अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

टकराव और युद्ध के प्रभाव से बच्चों को प्रभावित होने से रोकने और उनमें प्रेम और भाईचारे

की भावना का संचार करने के उद्देश्य से इंटरनेशनल सेंटर फॉर लिटरेसी एंड कल्चर, टोक्यो द्वारा आयोजित कार्यशाला में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, जापान से आए लेखकों और चित्रकारों द्वारा तैयार इस पुस्तक में बताया गया है कि किस तरह एक तितली दो वर्गों के युद्ध के कारण प्रकृति को होने वाले नुकसान के प्रति बच्चों को जागृत करती है। ISBN 81-237-6557-6

58. तितली जैसे न्यारे दिन

राजेंद्र निशेष पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

सुंदर कविताओं का गुलदस्ता जिसे नन्हे पाठक सहेजकर रखना चाहेंगे।

ISBN978-81-237-7912-6

59. तुम्पा और गौरैया

स्वप्नमय चक्रवर्ती अनु. : कमाल अहमद पृ. 16 ₹ 50.00 (2022)

सुंदर चित्रांकन के साथ बच्चों के सूझ-बूझ को प्रदर्शित करती कहानी।

ISBN 978-81-237-5534-2

60. दुष्ट कौआ

संजीव ठाकुर पृ. 20 ₹ 65.00 (2022)

चिड़िया के अंडे खाने के लालच में कौआ चोंच ही जला बैठा। रोचक कहानी।

ISBN 978-81-237-4806-1

61. दोस्त

प्रचेता गुप्ता अनु. : कमाल अहमद पृ. 16 ₹ 55.00 (2024)

आकर्षक चित्रों से सुसज्जित शिक्षाप्रद कहानी। ISBN 978-81-237-5524-3

62. धनेश के बच्चे ने उड़ना सीखा

दिलीप कुमार बरूआ अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2023)

धनेश पक्षी के अंडे से बच्चा निकलने की प्रक्रिया बेहद विचित्र और वैज्ञानिक है। इस तथ्य को छूती हुई मनोरंजक सचित्र पुस्तक।

63. नन्हा पौधा

ज़मर जलील पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

सुरक्षित पर्यावरण का नन्हा-सा संदेश देती एक नन्ही-सी पुस्तक। सुंदर चित्रांकन।

ISBN 978-81-237-4718-7

64. नन्ही खो गयी

कमल कांत कोनेर पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

एक नन्ही चींटी माँ का कहना न मानकर सैर पर निकल पड़ती है। उसके द्वारा झेली गई मुसीबतों और यात्रा में प्राप्त नए-नए अनुभवों की छोटी सी बाल कहानी। स्वयं लेखक द्वारा आकर्षक चित्रांकन।

ISBN 978-81-237-4643-1

65. नन्हे खरगोश की बुद्धिमानी

अमरजीत सिंह पृ. 12 ₹ 45.00 (2024)

नन्हा खरगोश कैसे बुद्धिमानी से चालाक लोमड़ी को बुद्धू बनाकर अपनी जान बचाता है इसे रोचक ढंग से लिखा गया है।

ISBN 978-81-237-6302-6

66. नन्हे सिंह ने दहाड़ना सीखा

इंदू राणा अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 16 ₹ 65.00 (2024)

सिंह अपने छोटे से शावक को दहाड़ना सिखाना चाहता था। पर जब मुसीबत आई तो शावक स्वयं दहाड़ उठा।

ISBN 978-81-237-2949-7

67. नन्हे सूरज

जसवंत सिंह बिरदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

ओस में डूबे फूलों पर सूरज की असंख्य आकृतियाँ देखकर बच्चे फूले नहीं समाते हैं। फूल भी उनसे कुछ कहता है। क्या? इस पुस्तक में पढ़ें।

ISBN 978-81-237-5971-1

68. नेवला भी राजा!

डॉ. बलदेव सिंह बद्दन पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

हिम्मत और आत्मविश्वास हो तो बड़ी से बड़ी मुसीबत से पार पाया जा सकता है। नेवला कैसे अपनी हिम्मत और बुद्धिमत्ता से तेंदुआ को जंगल से बाहर जाने पर मजबूर कर देता है, एक रोचक कथा।

ISBN 978-81-237-6173-2

69. नौ नन्हे पक्षी

एन.टी. राजीव अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 16 ₹ 55.00 (2024)

एक जंगली मुर्गी नौ अंडों को सेती रही। जब बच्चे थोड़े बड़े हुए और माँ के साथ पहली उड़ान पर गए तो अजीब चमत्कार हुआ। वह चमत्कार बच्चों का खूब मनोरंजन करेगा।

ISBN 978-81-237-4089-1

70. पशु-पक्षी का नाम बताएँ

निरंजन घोषाल पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

पशु-पक्षियों के आकार-प्रकार की सही जानकारी देने वाली सचित्र रंगारंग पुस्तक।

ISBN 978-81-237-0925-0

71. पहली यात्रा

मनोहर चमोली 'मनु' चित्र : सुरेश लाल पृ. 20 ₹ 60.00 (2024)

इस पुस्तक में चींटियों की पहली यात्रा के बारे में बताया गया है। उनकी भेंट कहाँ और कैसे हुई? उन्होंने क्या-क्या किया? सुंदर चित्रों में वर्णन, सरल भाषा।

ISBN 978-93-574-3178-1

72. पहेली

जगदीश जोशी पृ. 24 ₹ 55.00 (2022)

नन्ही चिड़िया ने सूरज के रहस्य जानने के लिए बहुत मेहनत की। आखिर उसकी मेहनत सफल रही। सुंदर कहानी। सुंदर चित्रांकन।

ISBN 978-81-237-4930-3

73. परिणाम और सोने की टिकिया

सीतेश आलोक पृ. 18 ₹ 60.00 (2024)

बच्चों के गणित को लेखक ने बखूबी समझाया है। सुंदर चित्रांकन से युक्त पुस्तक।

ISBN 978-81-237-7186-1

74. पानी ही पानी

रवी परांजपे पृ. 16 ₹ 35.00 (2024)

पानी से संबंधित रंगीन चित्रों वाली मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-2629-5

75. पीऊ और उसके जादुई दोस्त

कहानी व चित्र : *सोरित गुप्तो* पृ. 20 ₹ 55.00 (2023)

भीषण बारिस में जब पूरा गाँव हैरान-परेशान था, नन्ही पीऊ को एक जादुई डिब्बा मिल गया और उसने सभी की परेशानियों का अंत कर दिया। ISBN 978-81-237-6247-0

76. पूँछ

हाइड्रोसे आलुवा पृ. 24 ₹ 50.00 (2023)

पूँछ वाले जीव-जंतुओं के जीवन में पूँछ की उपयोगिता को दिखाती हुई एक जरूरी एवं ज्ञानवर्द्धक पुस्तक। ISBN 978-81-237-1708-1

77. पेड़

मार्टी अनु. : देवशंकर नवीन पृ. 26 ₹ 50.00 (2022)

रंगबिरंगे चित्रों से सुसज्जित प्रस्तुत पुस्तक में पेड़ों की दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया है। ISBN 978-81-237-0567-5

78. फू-फू

जगदीश जोशी पृ. 24 ₹ 65.00 (2023)

दूर किसी ग्रह से आया प्राणी इस बात को देखकर बहुत दुखी होता है कि यहाँ के लोग गोला-बारूद से लड़ते हैं। नन्हे दिलों को सोचने पर मजबूर करने वाली पुस्तक।

ISBN 978-81-237-5113-9

79. फूल और मैं

मनोरमा जफ़ा पृ. 24 ₹ 50.00 (2023)

विभिन्न मनमोहक फूलों के बारे में सचित्र इंद्रधनुषी पुस्तक। ISBN 978-81-237-2002-9

80. फूल और मधुमक्खी

अशोक दावर पृ. 24 ₹ 60.00 (2023)

एक मधुमक्खी के फूल में बंद हो जाने की मजेदार कहानी।

ISBN 978-81-237-2328-X

81. बड़ा मूर्ख कौन

श्रीकृष्ण कुमार त्रिवेदी पृ. 16 ₹ 40.00 (2022)

अफ्रीकी लोककथाओं पर आधारित तीन मनोरंजक कहानियाँ।

ISBN 978-81-237-3506-5

82. बालगीतम्

शशिपाल शर्मा 'बालमित्र' पृ. 28 ₹ 40.00 (2022)

संस्कृत की बाल कविताओं का संग्रह–हिंदी अनुवाद सहित। ISBN 978-81-237-2729-1

83. वस की सैर

वल्लीकानन अनु. : बालकराम नागर पृ. 32 ₹ 60.00 (2022)

वल्ली नामक एक छोटी बालिका के द्वारा की गई बस की सैर का सरल भाषा में रोचक विवरण। रंगीन चित्रों सहित। ISBN 978-81-237-0382-4

84. बाँस का घर

नीरा जैन अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 40.00 (2022)

राहुल बड़े ही अनमने मन से अपने परिवार के साथ त्रिपुरा जाने को तैयार होता है, लेकिन जब वह वहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य व अन्य दर्शनीय स्थल देखता है तो दिल्ली की यादें भूल जाता है।
ISBN 978-81-237-6180-0

85. बुबु-बुलबुली की बगिया

शांतनु तामुली अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 24 ₹ 30.00 (2011)

बच्चों ने अपना बगीचा लगाया और वहाँ से किसी को भी फूल न तोड़ने देने के लिए कमर कस ली। सुंदर चित्रों के साथ सजी एक कहानी। ISBN 978-81-237-6017-9

86. भोर भई

रमेश थानवी पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

भोर अथवा प्रातः के समय जो जो दृश्य दिखाई देते हैं, उन्हीं की शब्दों एवं चित्रों के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति। ISBN 978-81-237-3949-6

87. मटकू बोलता है

गोविन्द शर्मा पृ. 24 ₹ 65.00 (2023)

कभी लगता है कि प्याऊ में रखा छोटा-सा मटका लोगों को स्वच्छता, सहयोग की सीख दे रहा है, लेकिन असल में यह इनसान की अंतर्आत्मा की ही आवाज होती है। बेहद रोचक कहानी।
ISBN 978-81-237-6483-2

88. मधुमक्खी के अनोखे काम

एस.आई. फारूकी पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

मधुमक्खी कैसे और कितनी जतन से शहद बनाती है इसकी कथा के माध्यम से रोचक जानकारी दी गई है। ISBN 978-81-237-6265-4

89. मन का पंछी

बिमलेन्द्र चक्रवर्ती अनु. : कमाल अहमद पृ. 16 ₹ 45.00 (2022)

प्रकृति और मानव के उन्मुक्त संबंधों को प्रदर्शित करती मनोरंजक कहानी।
ISBN 978-81-237-5508-3

90. मेंढक और साँप

गणेश हालूई अनु. : सुबीर शुक्ला पृ. 16 ₹ 30.00 (2020)

साँप द्वारा मेंढक को खाने की कहानी रंगबिरंगे चित्रों के साथ। ISBN 978-81-237-0858-4

91. मेरी बहन नेहा

मधु बी. जोशी पृ. 16 ₹ 35.00 (2022)

छोटे बच्चों के लिए कोमल भावनाओं की एक सुंदर रचना। चित्रांकन भी अति सुंदर।
ISBN 978-81-237-2662-7

92. मेट्रो का मजा

पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

दिल्ली की मेट्रो पर सवारी करने के तौर-तरीके दर्शाती चित्रात्मक पुस्तक।

ISBN 978-81-237-6702-4

93. रंग : विरोधाभासों, समझौतों और एकता की भाषा

संकल्पना और कला : रवि परांजपे चित्र : प्रियंका शुक्ला पृ. 24 ₹ 80.00

इस रंग-बिरंगी पुस्तक में विरोधाभासी रंगों की जानकारी समाहित है। बताया गया है कि कौन से रंग एक-दूसरे के अनुरूप हैं। इन चित्रों में रंग चक्र भी बताये गए हैं, जो छोटे बालकों को समझने के लिए महत्वपूर्ण है।

ISBN 978-93-574-3104-0

94. रंगबिरंगी दुनिया

युद्धजीत सेनगुप्ता अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 12 ₹ 35.00 (2022)

नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए गतिविधि पुस्तक। उन्हें मजा तो आएगा ही, साथ ही उनकी जानकारी भी बढ़ेगी।

ISBN 978-81-237-2632-8

95. रविवार है कितना अच्छा

अनूप राय अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 20 ₹ 55.00 (2024)

बच्चों को केवल रविवार ही अच्छा लगता था। लेकिन बाद में उनकी समझ में आ जाता है कि हर दिन अच्छा होता है।

ISBN 978-81-237-4855-9

96. रावण

अंजनी शर्मा पृ. 16 ₹ 45.00 (2022)

बड़े भैया से नाराज बच्चों ने अपना रावण तो बना लिया, लेकिन उसे जलाने के लिए उसी बड़े भैया की मदद लेनी पड़ी।

ISBN 978-81-237-5815-2

97. रेल चली, रेल चली

कामतानाथ पृ. 20 ₹ 50.00 (2020)

हिंदी के प्रसिद्ध लेखक कामतानाथ के चुनिंदा बालगीतों का संकलन। सुंदर चित्रांकन।

ISBN 978-81-237-5845-9

98. रेलगाड़ी चले छुक-छुक

मृणाल मित्रा पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

रेलगाड़ी की सचित्र, मनोहारी यात्रा का वर्णन।

ISBN 81-237-1810-1

99. लाल पतंग और लालू

आशीष सेनगुप्ता अनु. : सुबीर शुक्ला पृ. 16 ₹ 35.00 (2022)

पुस्तक रोचक चित्रों से भरपूर है। पतंग को पा लेने की अभिलाषा का वर्णन भी अद्‌भुत है।

ISBN 978-81-237-0860-2

100. शीला और लीला

नीतू शर्मा, दीनानाथ मौर्य (संकल्पना) पृ. 20 ₹ 55.00 (2024)

यह कहानी शीला और लीला दो दोस्त गायों की है, जो पीले घास के मैदान में रहती हैं। शीला थोड़ी दब्बू है और लीला साहसी। उनके व्यवहार के माध्यम से आपसी संबंधों के अनूठेपन की चर्चा की गई है। पुस्तक में गाय के विषय में रोचक जानकारी दी गई है।

ISBN 978-81-237-9203-3

101. शेरा और मिट्‌ठू

मनोरमा जफ़ा पृ. 16 ₹ 50.00 (2023)

एक बालक के साथ एक कुत्ते की दोस्ती पर आधारित भावना-प्रधान कहानी।

ISBN 978-81-237-2178-1

102. शोर मचा जंगल में

जगदीश जोशी पृ. 16 ₹ 40.00 (2023)

जंगल की कहानी, चित्रों की जुबानी। ISBN 978-81-237-1807-1

103. सफेद बादल काला बादल

रतनतनु घाटी अनु. : पापिया हालदार चित्र : अनूप रॉय पृ. 52 ₹ 90.00 (2024)

काले और सफेद बादल एक-दूसरे से कतराकर चलते थे। आकाश दादा ने काले और सफेद बादलों का बड़ा सम्मेलन कराया। ऐसा क्या हुआ कि दोनों बादल खुशी से साथ रहने लगे? सुंदर चित्रों से सजी पुस्तक में यही बताया गया है। ISBN 978-93-574-3106-4

104. सब कुछ उल्टा-पुल्टा!

अनूपा लाल, मृत्युंजय राव पृ. 16 ₹ 50.00 (2023)

थोड़ी बिल्ली...थोड़ा कुत्ता...थोड़ा बंदर...थोड़ा तोता...सब कुछ उल्टा-पुल्टा है। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी यह कहानी मजेदार और दिल को सुकून देने वाली है। ISBN 978-81-237-9209-5

105. सारी दुनिया-प्यारी दुनिया

जयंती मनोकरण अनु. : पंकज चतुर्वेदी पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

नदी, समुद्र, बर्फ प्रकृति की सभी देन बच्चों को अच्छी लगती हैं, लेकिन उन्हें इनका रूठना पसंद नहीं है। ISBN 81-237-6388-0

106. सिंह और काँटाचूहा

जे.बी. शर्मा अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

कभी किसी को बेकार नहीं समझना—इसे जब सिंह ने अनुभव किया तो उसने जल्दी से अपनी गलती को सुधार लिया। ISBN 978-81-237-4768-2

107. सूरज और शशी

वर्षा दास पृ. 16 ₹ 45.00 (2022)

सूरज और चंदा के रिश्ते पर आधारित एक सुंदर और मनमोहक कहानी। सुंदर चित्रांकन।

ISBN 978-81-237-2985-5

108. सैम्मी एक घोंघा

रूपम कैरोल

अनु. : अमरनाथ चित्र : सुष्मिता हालदार पृ. 20 ₹ 50.00 (2024)

यह चित्रात्मक कहानी एक घोंघे की है जिसका कोई मित्र नहीं होता। वह दोस्त की तलाश में हर जगह घूमता है, लेकिन उससे कोई दोस्ती नहीं करता। अंत में, एक कछुआ उसकी मदद करता है और दोस्त बन जाता है। ISBN 978-93-5491-188-0

109. हँसते हुए पक्षी

विकी आर्य अनु. : मोहन शर्मा पृ. 32 ₹ 75.00 (2024)

यह दिलचस्प पुस्तक बच्चों को पढ़ना और रंग भरना सिखाने के लिए है। इसके माध्यम से

बच्चों को मस्ती भरी दुनिया में ले जाकर पक्षियों की हँसी से परिचित करवाया गया है। चित्र बनाने और रंग भरने के लिए दिए गए अभ्यास बच्चों को पुस्तक से जोड़े रखने के लिए हैं।

ISBN 978.93.5491.5642

110. हमारा प्यारा मोर

रमेश बक्षी पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

राष्ट्रीय पक्षी मोर के बारे में सचित्र रोचक पुस्तक। सुंदर चित्रांकन।

ISBN 978-81-237-0511-8

111. हक्का-बक्का

प्रयाग शुक्ल पृ. 16 ₹ 40.00 (2023)

छोटी आयु के बच्चों के लिए सुंदर कविताओं का संकलन। ISBN 978-81-237-0935-2

112. हाथी और कुत्ता

बदरी नारायण पृ. 16 ₹ 40.00 (2023)

नन्हे-मुन्नों के लिए सचित्र पुस्तक। ISBN 978-81-237-0923-1

113. हाथी और भँवरे की दोस्ती

टी. आर. राजेश पृ. 16 ₹ 65.00 (2024)

छोटे बच्चों के लिए रंगारंग चित्रों से सजी इस पुस्तक में एक भंवरे और हाथी की दोस्ती को दर्शाया गया है। ISBN 978-81-237-3494-1

आयु वर्ग : 9-11 वर्ष

1. अक्ल बड़ी या भैंस

महेंद्र पाल काम्बोज पृ. 20 ₹ 60.00 (2022)

अक्ल बड़ी या भैंस तथा बिट्टू का बस्ता शीर्षक दो कविताओं को एक जिल्द में पिरोया गया है।

ISBN 978-81-237-6377-4

2. अकाल में रोटी

शीला पांडे चित्र : हबीब अली पृ. 36 ₹ 70.00 (2024)

अवध में अकाल पड़ा था, लोग भूखों मर रहे थे। वहाँ के नवाब आसफुद्दौला अपनी प्रजा को इस अकाल से निकालने के लिए परेशान थे। फिर ऐसा क्या हुआ कि अकाल में सबको रोटी भी नसीब हुई और नवाब की जय-जयकार भी हुई! इसी कहानी का रोचक और संवेदनात्मक बखान इस किताब में मिलता है। ISBN 978-93-574-3793-6

3. अद्‌भुत साहस

अभिलाष वर्मा पृ. 24 ₹ 65.00 (2023)

बच्चों के अद्‌भुत साहस ने रहस्य पर से पर्दा तो उठाया ही, साथ ही एक व्यक्ति के अंधेरे जीवन में प्रकाश भर दिया। ISBN 978-81-237-4286-9

4. अनोखी छुट्टियाँ

अनुराधा भसीन जामवाल अनु. : पृथ्वीराज मोंगा पृ. 24 ₹ 50.00 (2023)

ऊब से भरी छुट्टियों का सदुपयोग करके कुछ बच्चों ने बेसहारा वृद्धों की जिंदगी में किस प्रकार खुशियाँ बिखेरीं; उसका जीवंत चित्रण इस कथा में है। ISBN 978-81-237-4190-1

5. अनोखा रिश्ता

पुष्पा सक्सेना पृ. 16 ₹ 50.00 (2023)

पर्यावरण के बारे में जानकारी देती एक मनोरंजक कहानी। ISBN 978-81-237-4271-1

6. अपना घर

कामना सिंह पृ. 56 ₹ 90.00 (2023)

एक चूहा शहर के वातावरण से घबराकर जंगल लौटता है, लेकिन यहाँ भी दृश्य शहर से कुछ अलग नहीं था। दलाली, ठेकेदारी एवं शहर के अन्य नकारात्मक व्यवहार एवं चरित्र यहाँ भी थे। अंत में चूहा को एक पहाड़ पर शरण मिलता है। ISBN 978-81-237-7368-1

7. अप्पू की कहानी

नवकृष्ण महन्त अनु. : विनोद रिंगानिया पृ. 236 ₹ 85.00 (2024)

हाथी के एक नन्हे बच्चे की कहानी, जिसे एक लड़का बड़े प्यार से पालता है। एक दिन जब वही बच्चा दूर देश में जाने लगता है तो लड़का और नन्हा हाथी, दोनों अपने आँसू नहीं रोक पाते। प्यारी कहानी। ISBN 978-81-237-4436-0

8. अफवाहों से बचें

लीना गर्ग

चित्र : नीतू शर्मा अनु. : दीना नाथ मौर्य पृ. 40 ₹ 45.00 (2023)

आधुनिक इंटरनेट युग में अफवाहें बहुत तेजी से पैर पसारती हैं। इस पुस्तक में बच्चों को इंटरनेट या अन्य तकनीकी माध्यमों से फैली अफवाहों से बचने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया है। यह अंग्रेजी से हिंदी भाषा में अनूदित पुस्तक है, जिसे तीन छोटे-छोटे दृश्यों में विभाजित किया गया है। ISBN 978-81-237-9818-9

9. अभिमान की हार

योगेंद्रनाथ शर्मा 'अरुण' पृ. 16 ₹ 50.00 (2022)

अभिमान न करने की सीख देती एक मनोरंजक कहानी। सुंदर चित्रों के साथ।

ISBN 978-81-237-5936-4

10. अमर गोस्वामी की चुनिंदा बाल कहानियाँ

अमर गोस्वामी चित्र : शशी शेटये पृ. 72 ₹ 130.00 (2024)

बालमन के प्रख्यात चितेरे अमर गोस्वामी द्वारा अलग-अलग दशकों में लिखी गई 10 ऐसी बाल कहानियों का संकलन, जिन्हें उन्होंने विभिन्न काल में लिखा था। ISBN 978-81-237- 8052-8

11. अमिया

प्रभात चित्र : धीरज सोमबासी पृ. 32 ₹ 60.00 (2024)

इस पुस्तक में एक बच्ची की बालसुलभ हरकतों के कुछ किस्से हैं जो हँसाते हैं, गुदगुदाते हैं, कभी-कभी बाल-मन की गहराइयों का अहसास भी कराते हैं। ISBN 978-81-237- 8058-0

12. आइसॅन का सफर

इदरीस सिद्दीकी चित्र : अरूप गुप्ता पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

आइसॅन नामक पुच्छल तारे की 28 नवंबर, 2013 को सूरज तक पहुँचने की महान वैज्ञानिक घटना पर आधारित कहानी। ISBN978-81-237- 8063-X

13. आकाश में मुकदमा

इदरीस सिद्दीकी अनु. : शाहआलम इसलाही पृ. 20 ₹ 50.00 (2020)

इस पुस्तक में पृथ्वी के वातावरण के संरक्षण, नाइट्रोजन, ओजोन और कार्बन डाईऑक्साइड गैस की महत्ता और उपयोगिता को छोटी-छोटी रोचक कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

ISBN 978-81-237-9953-7

14. आदमी और परछाईं

राजीव तांबे अनु. : सुनील केशव देवधर पृ. 24 ₹ 60.00 (2022)

तीन छोटी-छोटी कहानियाँ जो प्रकृति के तत्त्वों—धूप-छाँव, समुद्र-रेत, बादल-सूर्य के सहअस्तित्व पर प्रकाश डालती हैं।

ISBN 978-81-237-6244-9

15. आशा की किरण

सुधा शर्मा चित्र : अतुल वर्धन पृ. 36 ₹ 65.00 (2024)

विकलांग होने के बावजूद समाज में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले कुछ महान लोगों को केंद्र में रखकर लिखा गया नाटक।

ISBN 978-81-237-8703-8

16. ईदगाह

प्रेमचंद पृ. 32 ₹ 45.00 (2024)

ईद के मेले में दूसरे बच्चों ने तरह-तरह के खिलौने खरीदे, पर गरीब हमीद ने लोहे का चिमटा खरीदा। आगे क्या होता है? पढ़िए हिंदी के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की इस पुस्तक में।

ISBN 978-81-237-0384-8

17. एक था कैसिनी

मो. इदरीस सिद्दीकी चित्र : अरूप गुप्ता पृ. 32 ₹ 60.00 (2024)

बाल पाठकों के लिए एक रोचक कथा।

ISBN 978-81-237-8770-1

18. एक था दाना अनजाना

समीर गांगुली चित्र : इस्माईल लहरी पृ. 28 ₹ 75.00

बच्चों के लिए यह पुस्तक वास्तव में हम सभी के लिए एक बड़ा संदेश है। पुस्तक में कहानी के माध्यम से लेखक ने छोटे-बड़े, ऊँच-नीच के बीच की खाई को पाटने का कार्य किया है। आसान और सहज शब्दों में कहानी को पिरोया गया है।

ISBN 978.93.5491.739.4

19. एक रात जंगल में

क्षमा शर्मा पृ. 16 ₹ 45.00 (2022)

एक लड़के और माँ हथिनी के बीच बने स्नेह के रिश्ते की मार्मिक कहानी।

ISBN 978-81-237-4787-3

20. एक समय एक गाँव में

मदन अनु. : रमेश बक्षी पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

भारत के गाँवों की जिंदगी, रोचक भाषा में रंगीन चित्रों सहित।

ISBN 978-81-237-0918-5

21. एक यात्रा

जगदीश जोशी (चित्र व कथा) पृ. 16 ₹ 65.00 (2024)

यह यात्रा है एक लार्वा के तितली बनने की, और उसका सहयात्री है एक किताब का पन्ना।

ISBN 978-81-237-6347-1

22. एक था पंकज

मिथिलेश्वर पृ. 24 ₹ 70.00 (2024)

एक ऐसे अनाथ बच्चे की कहानी जो अपनी ईमानदारी और हिम्मत के बल पर समाज में सम्मानजनक स्थिति प्राप्त करता है। चित्रांकन भी सुंदर। ISBN 978-81-237-4630-2

23. एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी

शिवेंद्र कुमार सिंह चित्र : अतुल वर्धन पृ. 32 ₹ 60.00 (2023)

यह पुस्तक कर्नाटक शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध गायिका एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी के जीवन को प्रदर्शित करती है। पुस्तक उनके जन्म से लेकर उनकी शिक्षा-दीक्षा, उनकी प्रसिद्धि तथा उनको देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने की कथा को बच्चों के सामने सरल शब्दों तथा जीवंत चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करती है। ISBN 978-93-5491-268-9

24. ककड़िया के भालू

सुधा भार्गव चित्र : मित्रारुण हलधर पृ. 20 ₹ 40.00 (2024)

एक मदारी था—ककड़िया। उसके दो भालू थे, एक तरबुजिया और एक खरबुजिया। बस, इन्हीं दो भालुओं की कहानी इस किताब में है, जिनके मजेदार कारनामे हैं।

ISBN 978-93-549-1907-1

25. कजरी गाय झूले पर

जुज्जा और *वाइज़लैंडर* अनु. : अरविन्द गुप्ता पृ. 24 ₹ 40.00 (2012)

एक अलग तरह की गाय की रोचक कहानी। ISBN 978-81-237-1696-1

26. कप्तानों का बचपन

सुशील दोषी/करुण कुमार पृ. 64 ₹ 105.00 (2024)

भारतीय क्रिकेट टीम के कुल 10 कप्तानों के बचपन की कहानियों का संग्रह है। उनके त्याग, संघर्ष, लगन और कीर्तिमानों से रू-ब-रू कराती पुस्तक जीवन की अनेक मुश्किलों के प्रति सकारात्मक बनाती है। ISBN 978-81-237-9355-9

27. कमाल का जादू

अशोक कुमार शर्मा चित्र : राजकुमार घोष पृ. 24 ₹ 65.00 (2023)

इस पुस्तक में बच्चों को अच्छे व बुरे तरीके से छूने, यदि कोई परेशान करे तो उसकी जानकारी तत्काल अपने घर या स्कूल में देने की सीख एक रोचक कहानी के माध्यम से दी गई है।

ISBN 978-81-237-7997-3

28. कहती है दिल्ली मुझे रंगो : छोटी कविताओं की रंगवाली किताब

शशि शेट्ये अनु. : प्रतिभा सिंह पृ. 16 ₹ 40.00 (2024)

यह गतिविधि पुस्तक जीवन के उन छोटे-छोटे पलों को समेटे हुए है, जब आप अपने बच्चों को शहर के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाते हैं और इन यादों को चित्रों में परिवर्तित करते हैं। चित्रों के कुछ हिस्सों को यह बताने के लिए रँगा गया है कि कैसे बच्चों की कल्पनाएँ धीरे-धीरे रंग बदलती हैं। ISBN 978-81-237-9208-8

29. कहानी एक बुढ़िया की

मागरिट भट्टी अनु. : रमेश बक्षी पृ. 32 ₹ 70.00 (2023)

एक बूढ़े आदमी और बुढ़िया की कहानी। पूरे बारह दिनों के सफर पर जाने की तैयारी और

सफर के बाद में मजेदार घटनाओं का रोचक विवरण, रंगारंग चित्रों के साथ।

ISBN 978-81-237-0926-0

30. कहानी मूँछ की

आर. के. मूर्ति अनु. : डॉ. निधि शर्मा पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

अपने घर-परिवार से ज्यादा अपनी मूँछों को प्यार करने वाले की मूँछें उसकी पत्नी ने बड़ी चतुराई से छाँट दी। एक हास्य कहानी। ISBN 978-81-237-6001-8

31. कहानी लखन की

अमृता दासगुप्ता

अनु. : पंकज चतुर्वेदी चित्र : बरखा लोहिया पृ. 16 ₹ 50.00 (2024)

यह दस वर्षों से ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ अपने मालिक की सेवा करने वाले ट्रैक्टर की अनूठी कहानी है। अचानक ही हालात खराब हो जाते हैं। उसे धूलभरी सड़कों पर हर समय भारी बोझ के साथ उतरना पड़ता है। कुछ ही सालों में लखन बूढ़ा और जीर्ण, अकेला और उदास हो जाता है। उसे अपने पुराने मालिक के खुले हरे-भरे खेत, प्यार और देखभाल की बहुत याद आती है। लखन की रोचक कहानी ट्रैक्टर के माध्यम से संवेदनाओं का प्रदर्शन किया गया है। ISBN 978-93-5491-203-0

32. क्यों मुस्कुराए बुद्ध 2500 वर्ष बाद

आबिद सुरती, छाया : सर्वेश पृ. 34 ₹ 85.00 (2024)

यह पुस्तक देश के विभिन्न लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के आकर्षक चित्रों के साथ अनूठे अंदाज में आपसी सद्भाव का संदेश देती है। ISBN 978-81-237-5746-9

33. काबुलीवाला

रवींद्रनाथ ठाकुर अनु. : रणजीत साहा पृ. 20 ₹ 50.00 (2024)

बांग्ला के महान लेखक रवींद्रनाथ ठाकुर की अमर रचना। ISBN 978-81-237-4848-4

34. काव्या का फैसला

रमेश बिजलानी पृ. 32 ₹ 80.00 (2024)

काव्या का मन नहीं माना कि वह अपने द्वारा की गई गलती को छुपा सके और उसने स्कूल की कक्षा में सभी बच्चों के बीच अपनी गलती मान ली। एक ही झटके में उसके प्रति सभी का सम्मान बढ़ गया। बच्चों को नैतिक बल देती एक कहानी। ISBN 978-81-37-7639-2

35. काँच का बक्सा

पुष्पिता अवस्थी पृ. 32 ₹ 70.00 (2022)

इस पुस्तक में नीदरलैंड की कुछ मशहूर लोककथाओं को बच्चों के लिए संकलित किया गया है। ये कहानियाँ बच्चों को मानवीय, संवेदनशील और प्रकृतिप्रेमी बनने की सीख देती है।

ISBN 978-81-237-6227-2

36. कितनी सारी मुस्कान

*मनोज दास*अनु. : आरती स्मित चित्र : दुर्गादत्त पांडेय पृ. 44 ₹ 80.00 (2023)

गाँव के किशोर बच्चों की मस्ती, चुहल, रोमांच के किस्सों का गुलदस्ता।

ISBN 978-81-237-8761-9

37. कुम्भ

अनिता भटनागर जैन चित्र : पार्थ सेन गुप्ता पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

प्रयागराज के कुम्भ के बहाने कुम्भ की महान परंपरा तथा वहाँ होने वाली गतिविधियों की जीवंत कथा। ISBN 978-81-237-8767-1

38. कुसुमपुर का शालिक

सुनिर्मल चक्रवर्ती अनु. : अभिनव चटर्जी चित्र : सुब्रत चौधरी पृ. 50 ₹ 90.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक शालिग पक्षियों की कहानी है। टीटो नायक पात्र है, जो दुनिया घूमने निकलता है। वह बहुत कुछ देखता है। मन खुश होता है। इनसानों की प्रवृत्ति समझता है, पशु-पक्षियों के प्रति लोगों का व्यवहार देखकर दुखी होता है। उसने दुनिया देखकर क्या समझा, क्या सीखा, यही बताती है ये किताब।

ISBN 978-93-574-3109-7

39. कैक्टस

रामेंद्र कुमार अनु. : नेहा सिन्हा पृ. 16 ₹ 65.00 (2023)

कांटेदार कैक्टस को बगीचे के फूल भले ही उपेक्षा की नजर से देखते हों, लेकिन जब फूलों पर संकट आया तो कैक्टस ने ही उनकी जान बचाई। ISBN 978-81-237-5915-9

40. कोई खास बात

गीतिका जैन अनु. : भावना पंकज पृ. 16 ₹ 45.00 (2023)

जंगल की सैर करते हुए बच्चों द्वारा लिये गए अनुभव काफी सूचनाप्रद हैं।

ISBN 978-81-237-2948-0

41. कोयल का सितार

अशोक चक्रधर पृ. 24 ₹ 50.00 (2023)

कोयल द्वारा काफी परिश्रम और कई लोगों की मदद से सितार बनाने की कहानी कविता में।

ISBN 978-81-237-0733-4

42. कोरोना वॉरियर और सिंवा

अनिता भटनागर जैन चित्र : पार्थ सेनगुप्ता पृ. 32 ₹ 80.00 (2022)

इस पुस्तक में दो बाल कहानियाँ–कोरोना वॉरियर और सिंबा हैं। कोरोनाकाल पर आधारित कहानी कोरोना वॉरियर, जिसमें एक नर्स अपने परिवार से काफी लंबे समय बाद मिलती है। दूसरी कहानी एक कुत्ते की है, जो इस महामारी में काफी समय के बाद अपनी मालकिन से मिलता है। ISBN 978-81-237-9726-7

43. कौतुक ऐप

सूर्यनाथ सिंह पृ. 76 ₹ 125.00 (2024)

यह बाल उपन्यास नौ भागों में विभाजित किया गया है। विज्ञान और तकनीकी विकास ने किस तरह देश-दुनिया के वातावरण को बदला है? कंप्यूटर, मोबाइल फोन और अन्य अत्याधुनिक गैजेट्स के इस्तेमाल से लाभ और हानि दोनों होते हैं। ऐसे में युवाओं और बच्चों का जीवन किस तरह प्रभावित हुआ है? इन सब विषयों को उपन्यास के रूप में इस पुस्तक में शामिल किया गया है। ISBN 978-81-237-9999-5

44. क्ली टापू पर रोमांच

तनुका भौमिक एंडो अनु. : विजय कुमार झा पृ. 60 ₹ 120.00 (2022)

एक विज्ञान गल्प जो किसी अज्ञात द्वीप पर जीवन के प्रति बच्चों के कौतुहल पर केंद्रित है।

ISBN 978-81-237-6240-1

45. खाटू श्याम की अनसुनी कहानी

दीपाली वशिष्ठ पृ. 28 ₹ 90.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में पौराणिक कथा को आधार बनाकर बहुत ही सरल एवं सहज भाषा में पांडव भाइयों में से एक, भीम के पुत्र घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक के खाटू श्याम बनने की कथा को प्रस्तुत किया गया है। चित्रकार राजकुमार घोष के मनमोहक चित्रों से सुसज्जित यह पुस्तक रोचक ढंग से भारत की समृद्ध पौराणिक विरासत को पाठकों तक पहुँचा रही है।

ISBN 978-93-5743-971-8

46. खुला संदूक

अखिलेश श्रीवास्तव चमन चित्र : शुभम लखेरा पृ. 24 ₹ 65.00 (2024)

प्रस्तुत पुस्तक में संदूक में बंद गर्म कपड़े आपस में बात करते हैं कि हम ईशा दीदी के नाप के नहीं रहे, चलो किसी गरीब बच्चे के काम आएँगे। ये बातें ईशा भी समझ लेती है। फिर ईशा ने क्या किया, यह सब बड़े रोचक ढंग से सुंदर चित्रों के जरिए बताया गया है। ISBN 978-93-574-3994-7

47. खोए मोबाइल का रहस्य

तनुका भौमिक एंडोव

